


- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- 31 मार्च से पहले नक्सल का सफाया तय - 12



- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- नीतिगत स्थिरता का सिद्धांत बजट का आधार- 12



- अमेरिकी सांसद बोले- ऐसा लगता है जैसे डलास में नहीं आप पाकिस्तान में - 13



- उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड नेपाल को चार रन से हराया - 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
9.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 9 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 76, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




नई दिल्ली में रविवार को 59वीं स्टेट्समैन विंटेज और क्लासिक कार रैली आयोजित की गई। रैली में 1906 की शानदार रेनो से लेकर 1938 की मर्सिडीज और एडलर तक की दुर्लभ मशीनों का जमघट लगा। शहर के बीचों-बीच से जब ये विंटेज गाड़ियां गुजरीं, तो इंजनों की विशिष्ट गूंज और सड़कों पर उनकी शानदार चाल किसी लयबद्ध संगीत की छटा बिखेर रही थी। ● एजेंसी

## अगर संघ कहेगा तो पद छोड़ने के लिए तैयार हूं : भागवत

- आरएसएस के शताब्दी समारोह में संघ प्रमुख ने किया संवाद
- कहा- संगठन ने उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा

मुंबई, एजेंसी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर संघ उन्हें पद से हटने के लिए कहेगा तो वह इस्तीफा दे देंगे और इस संगठन ने ही उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने के लिए कहा है। भागवत ने यह भी कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति हमेशा एक हिंदू ही होगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो और शीर्ष पद सबसे योग्य उम्मीदवार को ही दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही संघ प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। वह आरएसएस शताब्दी समारोह में उपस्थित लोगों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने 75 वर्ष पूरे कर लिए और मैंने आरएसएस को इसकी सूचना भी दे दी थी, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से सेवानिवृत्ति कभी नहीं होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस प्रमुख को हिंदू होना चाहिए चाहे उसकी जाति कोई भी हो।



### जाति का अस्तित्व अब राजनीतिक उद्देश्यों, स्वार्थी हितों के लिए

**मुंबई।** भागवत ने कहा कि जाति का अस्तित्व अब काफी हद तक स्वार्थी हितों और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए है, क्योंकि इसका पारंपरिक व्यवसाय आधारित आधार लुप्त हो गया है। भागवत ने जाति आधारित संघर्षों से निपटने के लिए संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कहा कि नेता जाति के नाम पर वोट मांगते हैं, क्योंकि जातिगत पहचान समाज में गहराई से समाई हुई है। उन्होंने कहा, नेता विचारधारा से नहीं, बल्कि चुनावी हितों से प्रेरित होते हैं। जाति का अस्तित्व अब काफी हद तक स्वार्थी हितों और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए है, क्योंकि जाति का पारंपरिक व्यवसाय आधारित आधार बहुत पहले ही लुप्त हो चुका है।

### यूसीसी का निर्माण आम सहमति से हो इससे मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए

**मुंबई।** भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का निर्माण सभी को विश्वास में लेकर किया जाना चाहिए और इससे मतभेद नहीं पैदा होने चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या आरएसएस के लिए अच्छे दिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद आए, भागवत ने कहा कि मामला इसके विपरीत था। कहा कि संघ अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध रहा और उसका समर्थन करने वालों को इसका फायदा मिला। हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर को 'भारत रत्न' से अलंकृत किए जाने की लंबे समय से जारी मांग पर भागवत ने कहा कि अगर उन्हें (सावरकर को) यह सम्मान प्रदान किया जाता है, तो इसकी प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### मैनपुरी में 13 वर्षीय क्रिकेट खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के बिछवां थाना क्षेत्र में रविवार को क्रिकेट खेलते समय 13 वर्षीय छात्र विराट सिंह की अचानक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सहारा गांव निवासी सोमेंद्र सिंह का पुत्र विराट मैच खेल रहा था। गेंदबाजी के दौरान उसके हाथ में अचानक तेज दर्द उठा और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। कुछ ही देर में वह बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक तौर पर हृदयाघात की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विराट अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

### एपस्टीन मामला: ब्रिटेन के पीएम के चीफ ऑफ स्टाफ ने इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के चीफ ऑफ स्टाफ ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों के बावजूद अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने कहा कि 2024 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त करने का निर्णय गलत था और वह स्टॉर्मर को ऐसा करने की सलाह देने के लिए पूरी जिम्मेदारी लेते हैं।

## मलेशिया में मोदी बोले- आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड और न कोई समझौता

### प्रधानमंत्री ने कहा-दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध

- कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-मलेशिया ने 11 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक रूपरेखा समझौते सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 11 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मोदी और इब्राहिम दोनों ने व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं - भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने भारत-मलेशिया संबंधों को विशेष बताते हुए कहा, हम रणनीतिक विश्वास के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा, हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं। मोदी ने मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के भारत के निर्णय की भी घोषणा की। अपने संबोधन में इब्राहिम ने भारत की आर्थिक वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि अगर उनका देश भारत के साथ सहयोग के और अधिक तरीके एवं अवसर तलाश सके तो उसे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा, यह (भारत की आर्थिक वृद्धि) अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और व्यापार के क्षेत्र में एक शानदार उन्नति है। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करने के निर्णय को उल्लेखनीय बताया। वार्ता के दौरान मलेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीईओ फोरम में हुई चर्चाओं ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं। मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के रुख और इस क्षेत्र में 10 देशों के समूह वाले आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) की केंद्रीय भूमिका पर भारत के दृढ़ विचारों का उल्लेख किया। (संबंधित देश-विदेश पर)



समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के दौरान मोदी और उनके समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### विकास के इंजन के रूप में उभर रहा हिंद-प्रशांत

प्रधानमंत्री ने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है। भारत आसियान के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। मलेशिया जैसे मित्र देशों के सहयोग से भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को और अधिक विस्तारित करेगा। हम इस बात से सहमत हैं कि आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीआईजीए) की समीक्षा शीघ्रता से पूरी की जानी चाहिए। मोदी ने कहा कि उन्होंने और इब्राहिम ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा, वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया के बीच बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम इस बात से सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।

## कोहरे में टेंपो पलटा, 3 बच्चों व चालक की मौत, 5 घायल

- मृतकों में भाई-बहन भी शामिल घर में मचा कोहराम
- धार्मिक आयोजन में शामिल होकर घर वापस आ रहे थे

संवाददाता, धौरहरा (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** धौरहरा क्षेत्र में शनिवार देर रात घने कोहरे के चलते बसंतापुर पुलिया के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन बच्चों और टेंपो चालक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर वापस ऊंचगांव जा रहे थे। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। मृतकों में भाई-बहन भी शामिल हैं।

थाना खमरिया क्षेत्र के गांव ऊंचगांव निवासी वारिश का परिवार शनिवार को धौरहरा में रिश्तेदार के यहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब 12:45 बजे सभी लोग टेंपो से घर लौट रहे थे। बसंतापुर पुलिया के पास घने कोहरे के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और टेंपो पुलिया से टकराकर पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी धौरहरा भेजा। सीएचसी में चिकित्सकों ने खुशबू (12), उसके भाई अबू तालिब (5) और अजरा (2) को मृत घोषित कर दिया। घायलों में किस्मतुन (45), साकिया (20), सादिया (22), निदा (10) और अकील (18) और टेंपो चालक गांव रसूलपुर निवासी इसराइल उर्फ जीशान (22) को डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान चालक इसराइल उर्फ जीशान की भी मौत हो गई। अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही मृत बच्चों व चालक के परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है।



हादसे के बाद सड़क पर पलटा ऑटो।

> काफी दुखद हदसा है। धौरहरा से वापस आते समय टेंपो पुलिया से टकराकर पलट गया। हादसे में टेंपो चालक और तीन बच्चों की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। **-शमशेर बहादुर सिंह सीओ**, धौरहरा

## बजट सत्र आज से, राज्यपाल के अभिभाषण पर हंगामे के आसार



बजट सत्र शुरू होने के पूर्व सर्वदलीय बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी।

- सत्र के पहले दिन राज्यपाल संयुक्त सदन में रखेंगी सरकार की उपलब्धियां
- एसआईआर के साथ एनकाउंटर व महंगाई बेरोजगारी पर विपक्ष का आक्रामक रुख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ होगी, लेकिन पहले ही दिन सदन में हंगामे के आसार हैं। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी दलों से शांतिपूर्ण और सार्थक कार्यवाही का आग्रह किया, वहीं विपक्षी दल सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने की तैयारी में हैं।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दोपहर 12:30 बजे अभिभाषण देंगी। अभिभाषण में बुनियादी ढांचा, निवेश, कानून-व्यवस्था, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किए जाने की संभावना है। हालांकि विपक्ष के तेवर तीखे नजर आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने एसआईआर, एनकाउंटर, महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, बिजली दरों में बढ़ोतरी की आशंकाओं और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने पार्टी विधायकों की बैठक में साफ संकेत दिए हैं कि सत्र में सरकार को इन मुद्दों पर कठघरे में खड़ा किया जाएगा। ऐसे में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान ही नारेबाजी व विरोध की स्थिति बन सकती है। उधर, सर्वदलीय बैठक में विस अध्यक्ष महाना और नेता सदन योगी ने सभी दलों से सदन संचालन में सहयोग की अपील की।

### मुद्दों पर गंभीर और स्वस्थ बहस होनी चाहिए : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सदन लोकतांत्रिक चर्चा का सबसे महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर और स्वस्थ बहस होनी चाहिए। विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे जनहित के सवाल सदन में रखें और सकारात्मक चर्चा के माध्यम से प्रदेश के विकास को गति देने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही में अनावश्यक व्यवधान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होती है, इसलिए सभी सदस्यों को संसदीय मर्यादा का पालन करना चाहिए।

## वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्री बीमा को दोगुना करके 10 लाख रुपये किया

जम्मू, एजेंसी

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए रविवार को तीर्थयात्रियों के लिए बीमा कवर को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति व्यक्ति करने को मंजूरी दे दी।

यह निर्णय जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में लिया गया। बोर्ड ने पिछली बैठक के बाद की गई कार्रवाइयों की समीक्षा कर उन्हें अनुमोदित किया।

उन्होंने बताया कि बोर्ड की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने तथा तीर्थयात्रा सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से 25 एजेंडा बिंदुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

(संबंधित खबर राष्ट्रीय पेज पर)

## पीएनबी के पांच अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

- नोएडा के एक होटल व्यापारी की 60 करोड़ की संपत्ति हड़पने की थी साजिश अदालत के आदेश के बाद हुआ मुकदमा

**नोएडा।** नोएडा-सेक्टर 49 में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पांच अधिकारियों के खिलाफ 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक होटल व्यापारी की याचिका पर अदालत के आदेश के बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया।

थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि शनिवार रात को नोएडा सेक्टर-47 निवासी होटल कारोबारी अनिल बब्बर (66) की शिकायत पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रविंद्र कुमार पांडे, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिया रंजन, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह बिष्ट, जोनल हेड एसएन दुबे और एमसीसी हेड मनीष कश्यप के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसने 2013 में हरिद्वार स्थित पीएनबी की एक शाखा से होटल खरीदने और संचालन के लिए 9.5 करोड़ रुपये का 'टर्म लोन' लिया था और उस समय नौ प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर तय हुई थी। उन्होंने 2016 तक 13 करोड़ बैंक को चुका दिया लेकिन हैरानी तब हुई, जब बैंक ने अचानक ब्याज दर नौ से बढ़ाकर 15% कर दी और उन पर पांच करोड़ का अतिरिक्त बकाया दिखा दिया। पीड़ित ने बताया कि उनके होटल की वर्तमान बाजार कीमत 60 करोड़ है लेकिन अधिकारियों ने संपत्ति का मूल्यांकन केवल 23 करोड़ रुपये दिखाया। सरफेसी एक्ट की आड़ में 60 करोड़ की संपत्ति को अपने किसी चहेते के नाम पर केवल 20 करोड़ रुपये में नीलाम करने की तैयारी कर रहे हैं।

**साक्षात्कार** — वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा- समझौते में कृषि और घरेलू उद्योगों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल

## किसानों की मदद करेगा अमेरिका से व्यापार समझौता : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों और घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अंततः हमारे किसानों की मदद करेगा।

गोयल ने कहा कि भारतीय किसान पहले से ही 50-55 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि और मछली उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा क्योंकि उन पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जबकि प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन पर 35 प्रतिशत तक शुल्क लगता है और अन्य देशों पर 19 प्रतिशत से अधिक शुल्क लागू है। उन्होंने एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत- यूरोपीय संघ व्यापार समझौते से संबंधित बड़ी संख्या में दस्तावेजों के साथ वह मंत्रिमंडल में गए थे। उन्होंने कहा, अभी कई मुद्दे हैं जिन्हें शामिल किया जाना बाकी है। यह दोनों पक्षों के लिए लागू होता है। मुझे यकीन है कि अगर हम उनके बाजार में बहुत अधिक उत्पाद भेजेंगे तो अमेरिका भी अपने हितों की रक्षा करना चाहेगा। यह किसी भी बातचीत का सामान्य परिणाम है। उन्होंने कहा, यह अभी प्रक्रिया में है। सुरक्षा उपाय हमेशा मौजूद रहते हैं। यदि कोई यह बताने की कोशिश कर रहा है कि यह दो-पृष्ठीय संयुक्त बयान में शामिल नहीं है, तो वह लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। अभी भी कई बातों में स्पष्टता की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका दोनों ही कुछ विशिष्ट उत्पादों को लेकर संवेदनशील हैं और उन उत्पादों के लिए दोनों पक्षों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं। उन्होंने कहा, हमने इन सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली है।



### गोयल बोले- सीमित कृषि आयात होगा अगर कुछ देंगे नहीं तो लेंगे कैसे

गोयल ने यह भी बताया कि भारत ने डेयरी उत्पादों, आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों, मांस, मुर्गी पालन, सोया मील और मक्का पर किसी भी प्रकार की शुल्क छूट नहीं दी है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ दालें और फलियां हैं, जिन्हें भारत आयात करता है, और उनके लिए हमने सीमित रूप में बाजार पहुंच प्रदान की है। उन्होंने कहा, अंततः, यह लेनदेन का मामला होना चाहिए। इसलिए, अगर मैं कुछ नहीं दूंगा तो मैं अमेरिका में अपने किसानों के लिए बाजार कैसे खोलूंगा।

### सभी हितधारकों में सबसे बड़ा ग्राहक उसे सस्ता मिले तो हर्ज क्या

मंत्री ने कहा कि भारत ने अपने क्षेत्रों को बहुत ही सुनियोजित तरीके से खोला है। सूखे मेवों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत लगभग साढ़े तीन अरब डॉलर के सूखे मेवे आयात कर रहा है और उसमें से एक अरब डॉलर पहले ही अमेरिका से आ रहा है। उन्होंने कहा, अगर यह अमेरिका से आता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। इससे उपभोक्ताओं को लाभ होता है। वैसे भी, सभी हितधारकों में सबसे बड़ा हितधारक ग्राहक है, यानी 1.4 अरब भारतीय। यदि उन्हें कुछ सस्ता मिलता है तो इसमें क्या हर्ज है।

# हिंदू सम्मेलन में एकजुटता का दिया संदेश

## रामलीला मैदान में जुटे वक्ता, संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर, हिंदू समाज को संगठित करने का आह्वान

संवाददाता, कलान

- भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रदर्शनी लगाने की बात

**अमृत विचार :** नगर पंचायत के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू एकजुटता और संस्कृति संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभागसह सेवा प्रमुख एसके मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू समाज को जागृत करने की अलख जगाने के लिए जगह-जगह हिंदू सम्मेलन किए जा रहे हैं।

इन आयोजनों के माध्यम से हिंदुओं की एकजुटता की मिसाल प्रस्तुत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के विभिन्न मान-बिंदुओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जानी चाहिए, जिससे वर्तमान समय में संस्कृति को लेकर उत्पन्न चुनौतियों की ओर समाज का ध्यान आकर्षित हो। एकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना के साथ विश्व बंधुत्व का संदेश देती है, लेकिन इसके लिए हिंदुओं की एकजुटता की शक्ति अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और संस्कृति चेतना के विस्तार का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में नारी शक्ति से श्रद्धा सक्सेना, पुरुष शक्ति से मटरेलाल गुप्ता, संत शक्ति से विनोद महाराज, विशेष संयोजक जय गोपाल, नगर पंचायत चेयरमैन हरनारायण गुप्ता, भूमि विकास चेयरमैन विनोद गुप्ता, पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा, अखिलेश मिश्रा, गुड्डू, दीपू गुप्ता, अजय बजरंगी, दुर्गेश तिवारी, अजय गुप्ता, विजय मोहन मिश्रा, रजत गुप्ता, गगन गुप्ता, अरविंद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अनिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश भारती ने की, जबकि संचालन अंशु गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सनातनियों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।


कलान के रामलीला मैदान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मौजूद वक्ता और बड़ी संख्या में जुटे सनातनी। ● अमृत विचार

### इतिहास, संस्कार और मातृशक्ति पर दिया जोर

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र के डाकिया तिवारी स्थित रामलीला मैदान में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आरंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। आयोजन में दतिया गांव सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सम्मेलन में हिंदुत्व, धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र-सांस्कृतिक एकता से जुड़े विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सम्मेलन की शुरुआत मातृशक्ति रजनी भानु प्रताप सिंह ने की। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक शशांक भाटिया ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर चर्चा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष बृजनंदन ने कहा कि संस्कार और संस्कृति को जीवित रखने के लिए बच्चों को इतिहास, रामायण, महाभारत और धर्मशास्त्रों का अध्ययन कराना चाहिए। इस मौके पर अमित कुमार, अखिलेश सिंह, सुमित भदौरिया, ओमवीर सिंह, दिनेश सिंह, कृष्ण पाल, लालाराम वर्मा, विनय कुमार, भूपेंद्र सिंह, राजा भईया, अजीत सिंह, अश्वनी सिंह, सुधांशु विश्वकर्मा, सोनू बाजपेई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाकियू ने मशाल जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रशासन के खिलाफ विरोध जताकर जमकर की नारेबाजी
- घोटाले में कार्रवाई और आवारा पशुओं से निजात की मांग

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की ओर से बीती रात खिरनीबाग से कचहरी परिसर तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान किसानों ने स्वास्थ्य विभाग में कथित घोटाले में कार्रवाई, आवारा पशुओं की समस्या से निजात और बढ़ती महंगाई के मुद्दे को लेकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन भाकियू परिवर्तनवादी के नेताओं के नेतृत्व में किया गया।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 14 तारीख को जिला प्रशासन का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भू-माफिया गरीबों की जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

किसानों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज बनने के बाद गरीब मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और दवाएं बाहर से लिखवाई जा रही हैं, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। आवारा पशुओं की समस्या को लेकर किसानों ने बताया कि ये पशु फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को सर्द रातों में खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।

आवारा पशुओं के हमलों से किसान घायल हो रहे हैं और सड़कों पर हादसों में लोगों की जान भी जा रही है। किसानों का कहना है कि समस्या के समाधान के नाम पर केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसानों ने स्वास्थ्य विभाग के एक करोड़ 20 लाख रुपये के कथित घोटाले का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जांच के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जो प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

# न्यूज ब्रीफ

## 28 फरवरी तक खिलाई जाएगी फाइलेरिया उन्मूलन की दवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक मदनापुर में फाइलेरिया उन्मूलन और जागरुकता अभियान के तहत को बैठक की गई। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने लोगों को इस बीमारी से बचाव और उन्मूलन के उपाय की विस्तृत जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। इसमें सावधानी बरतने और निर्धारित रूप से दवा खाकर बचा जा सकता है। प्रोजेक्ट करसन इंटरनेशन की डिवीजन ऑफिसर अनीता ने बताया कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगे उन्होंने हाथ पैरों या अंडकोसों में सुजान जैसे लक्षणों को नजर अंदाज न करने और तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। यह अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार ने सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने की अपील की। बैठक में बीसीपीएम गौरव कुमार भारती बीएमसी अतुल बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट हुनर से बच्चों ने अर्जित की धनराशि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शिक्षा के साथ हुनर और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में कंपोजिट विद्यालय जखिया कलां में प्रोजेक्ट हुनर के अंतर्गत प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स और अन्य कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की रचनात्मक क्षमता को सामने लाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध इंजीनियर एवं सामाजिक कार्यकर्ता अंशुल मिश्रा तथा उनके भाई किशन मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया और उन्हें बेस प्राइस से अधिक मूल्य पर खरीदकर बच्चों को आर्थिक सहयोग दिया। इससे बच्चों को अपने हुनर से धन अर्जित करने का प्रत्यक्ष अनुभव मिला और उनका आत्मविश्वास बढ़ा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रोजेक्ट हुनर को उद्देश्यिका डिजीस्कूल के सहयोग से 14 जनवरी को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य बच्चों के हुनर को निखारना, उन्हें मंच देना और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरे पर दिखा उत्साह और मुस्कान इस पहल की सफलता का प्रमाण बना।

# किसानों की सेवा ही सहकारिता का मूल उद्देश्य

- मुकरमपुर में पैक्स के व्यवसाय का आरंभ कर बोले वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना
- सहकारिता से अंतिम किसान तक लाभ पहुंचाने का लिया संकल्प पैक्स गोदाम का फीता काटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मुकरमपुर में नवगठित पैक्स गोदाम के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, डीपीएस राठौर व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुकरमपुर में नवगठित साधन सहकारी समिति (पैक्स) के कार्य व्यवसाय का आरंभ किया। उन्होंने पारंपरिक रूप से नारियल फोड़कर नवनिर्मित पैक्स गोदाम का फीता काटा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता के माध्यम से गांव-गांव तक किसानों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और अंतिम पंक्ति में खड़े किसान तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। समारोह में वित्त मंत्री ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर की सक्रियता की सराहना की। साथ ही पैक्स सभापति, अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का समाधान पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की सेवा ही सहकारिता का मूल उद्देश्य और सबसे बड़ा मंत्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने कहा कि किसान हित ही सहकारिता की आत्मा है। नवगठित पैक्स समिति क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज और भंडारण जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र वाल्मीकि, भावलखेड़ा ब्लॉक प्रमुख राजाराम, डीसीबी उपाध्यक्ष अजय प्रजापति, एआर कोऑपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह, एडीसीओ हरिकेश परमार, एडीओ राकेश सिंह और पैक्स सभापति हर्ष कुमार प्रजापति सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# नेता को नैतिकता नहीं त्यागना चाहिए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग में चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम के छठे दिन विभाग के डॉ. देवेंद्र सिंह ने नेतृत्व में नैतिकता के मूल्य विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि नेतृत्वकर्ता को नैतिकता का त्याग नहीं करना चाहिए। उसे दूसरों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए क्योंकि उसका अनुसरण अनेक लोग करते हैं। प्रभावशाली लीडर बनने के लिए अपने चरित्र को स्वच्छ रखना, अनुशासित रहना, परमार्थी होना, सर्वसुलभ रहना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि लीडर में ईमानदारी, जिम्मेदारी, निष्ठा, निष्पक्षता और जवाबदेही का गुण भी होना चाहिए। डॉ. केबी गौतम, डॉ. विनीता राठौर, अखंड प्रताप सिंह, व्याख्या सक्सेना, डॉ. सुखदेव, अभिषेक बाजपेई, डॉ. गौरव शर्मा, राजीव कुमार, सोमना पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# 100 जरूरतमंदों को वस्त्र किए वितरित


परी भोजनालय में जरूरतमंदों को भोजन और ऊनी वस्त्र वितरित करते आईकेएमजी शाहजहांपुर संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा ने भोजन भी कराया

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा (आईकेएमजी) संस्था की ओर से परी भोजनालय में सेवा भाव के साथ 100 जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इसके साथ ही संस्था के सदस्यों ने अपने-अपने घरों से लाए गए ऊनी वस्त्रों का भी वितरण किया।

वितरण सामग्री में कंबल, स्वेटर, शॉल, जर्सी, पैंट, शर्ट, सूट, साड़ी, सोफा सेट कवर और बिस्कुट के पैकेट शामिल रहे। जरूरतमंद लोगों ने उत्साह के साथ वस्त्र ग्रहण किए और सभी के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। इस सेवा कार्य से संस्था के सदस्यों को भी आत्मिक सुख और संतोष का अनुभव हुआ। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूनम टंडन, सेक्रेटरी पूनम कपूर, मीडिया प्रभारी रिद्धि बहल, रोली टंडन, डिंपल टंडन, शांति, राखी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

# नवनियुक्त व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) का जनपदीय सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मार्गदर्शक रहे स्वर्गीय संतोष कुमार पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता देवी प्रसाद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य केशव चंद्र ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है और समाज उसका अनुसरण करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अवनीश मिश्रा, पूर्व प्राचार्य स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज ने शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नवनियुक्त शिक्षकों रामकुमार वर्मा, आशीष कुमार, विवेक, वर्तिका रस्तोगी और शैफाली वर्मा का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों अनिल मालवीय, कमलेश द्विवेदी, नवाब अली अंसारी, मधुरिमा श्रीवास्तव, डॉ. सरिता अग्रवाल और सुमन मिश्रा को शाल ओढ़ाकर गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन प्रवक्ता अनिल मालवीय ने किया। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आलोक पाण्डेय ने अतिथियों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी को स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के बीएड विभाग से डॉ. प्रभात शुक्ला और माध्यमिक शिक्षक संघ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष फूल मियां ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संगठन प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष नंद कुमार मिश्र, जिला मंत्री गौरव पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# नकल विहीन परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मदरसा परीक्षा के प्रश्न पत्र संबंधित परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को प्राप्त कराए

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी मौलवी सेकेंडरी एवं आलिम सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं को सकुशल एवं नकल-विहीन संपन्न कराने के लिए जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र संबंधित परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को प्राप्त करा दिए गए हैं, जिन्हें पूरी सुरक्षा के साथ लॉकर में सुरक्षित रखा गया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और परिषद द्वारा जारी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संपन्न हो सकें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि वार्षिक परीक्षा 9 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित की गई है। परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य गोपनीय सामग्री के संकलन केलिए जनपद में अनुदानित मदरसा ऐनुल इल्म को संकलन केंद्र बनाया गया है। इस संकलन केंद्र का प्रभारी ताहिर हसन को नामित किया गया है।

# राइटर बिठाने के मामले में छात्र को किया अनुपस्थित

संवाददाता, पुवायां

- दो दिन पूर्व बिना अनुमति छात्र के लिए बिठाया गया था राइटर

**अमृत विचार :** गन्ना किसान डिग्री कालेज में दो दिन पूर्व एक छात्र का प्रश्न पत्र हल करने के लिए राइटर बिठाया गया। बिना अनुमति के राइटर बिठाने को लेकर कुछ लोगों ने कॉलेज के प्राचार्य समेत उच्चाधिकारियों को शिकायत कर दी। जिसके बाद रायता फैलता नजर आया। जानकारी के अनुसार रायता फैलने पर छात्र को लगभग दो से तीन घंटे कालेज में बिताए रखा गया और बाद में उसकी उत्तर पुस्तिका लेकर उसे अनुपस्थित दर्शा दिया गया। इस मामले में कालेज प्राचार्य, जिला गन्नाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक को नोटिस देकर जबाब तलब कर लिया। मामले में परीक्षार्थी को अनुपस्थित दर्शाना व्यवस्थापक के कृत्य पर सच की मोहर लगा रहा है। कालेज प्राचार्य के अनुसार किसी भी छात्र के लिए राइटर बिठाने के लिए विश्व विद्यालय की अनुमति आवश्यक होती है। अब ऐसे में विश्वविद्यालय से अनुमति क्यों नहीं ली गई। यदि अनुमति ली गई तो फिर छात्र को अनुपस्थित क्यों दर्शाया गया। ये एक बड़ा सवाल है। बड़ी बात यह भी है कि जिस व्यवस्थापक ने यह कारनामा किया है उन्हीं पर कुछ दिन पहले कालेज में खड़े पेड़ों को अवैध रूप से कटाने के मामले में लिप्त होने का आरोप लगा था। जिसमें पेड़ काटने वाला ठेकेदार जेल भी भेजा गया था। इन्हीं को तहसील दिवस के दौरान डीएम ने फटकारते हुए जेल भेजे जाने की धमकी भी दी थी हालांकि उक्त अध्यापक को प्रशासन ने बचाने में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था।

# सीटेट परीक्षा : 387 परीक्षार्थी अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रविवार को दूसरे दिन केंद्रीय शिक्षक पात्रता (सीटेट) परीक्षा जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुई। दो दिवसीय सी-टेट परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में हुई परीक्षा में 387 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल 5610 अभ्यर्थी परीक्षार्थी के रूप में पंजीकृत थे। जिनमें 5223 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस का सख्त पहरा रहा।

सुबह की पहली पाली में 09:00 बजे से पेपर-द्वितीय (उच्च प्राथमिक स्तर) और दोपहर 02:00 बजे दूसरी पाली में पेपर-प्रथम (प्राथमिक स्तर) की परीक्षा हुई। परीक्षा के नोडल राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली की अपर प्राइमरी की शिक्षक पात्रता परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 3300 रही। जिनमें 3054 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 246 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में प्राइमरी की परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 2310, परीक्षा में उपस्थित 2169 और 141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिला और पुरुष सुरक्षा बल तैनात रहा। परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश से पहले केंद्र के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की तलाशी ली गई। मोबाइल, बैग, इलेक्ट्रॉनिक वॉच आदि को परीक्षा केंद्र के बाहर बने कमरे में सुरक्षित रखवाया गया। नोडल राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि सी-टेट परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पूरी तरह से नकल विहीन और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। सीबीएसई के आब्जर्वर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा का निरीक्षण किया।

- पंजीकृत 5610 परीक्षार्थियों में से 5223 हुए सम्मिलित


परीक्षा केंद्र पर सीटेट परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# न्यूज डायरी




## सड़क सुरक्षा स्लोगन में मोहिनी प्रथम, दीपांजलि को द्वितीय स्थान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई की ओर से प्रथम एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक दायित्व और जनजागरूकता की भावना विकसित करना रहा। प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे और द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और समाज में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के प्रथम सत्र में सड़क सुरक्षा जागरुकता पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। स्लोगन प्रतियोगिता में मोहिनी ने प्रथम, दीपांजलि ने द्वितीय और मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के महत्व को प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं ने आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया।



## बॉक्स क्रिकेट अकादमी ने जीता क्रिकेट मुकाबला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा आईटीआई मैदान पर खेले गए डायमंड कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बॉक्स क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौधरी अकादमी को 27 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में बॉक्स क्रिकेट अकादमी की सधी हुई बल्लेबाजी और प्रभावी गेंदबाजी जीत की वजह बनी। फाइनल मैच में बॉक्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 154 रन बनाए। टीम की ओर से राहिल ने 50 रन की अहम पारी खेली। वैभव पांडे ने 34 रन और प्रखर ने 27 रन का योगदान दिया। चौधरी अकादमी की ओर से अभय ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चौधरी अकादमी की टीम 127 रन ही बना सकी। हर्षल चौहान और अभय ने 22-22 रन बनाए। बॉक्स क्रिकेट अकादमी की ओर से रुद्र कुमार ने तीन विकेट लेकर जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए वैभव को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उत्कर्ष को बेस्ट बॉलर और अमित यादव को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मिला। मैच के अंपायर अजीत और अनमोल रहे, स्कोरिंग आयुष ने की, जबकि कमेंट्री की जिम्मेदारी पंकज तिवारी ने निभाई। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्व भूषण जौहरी रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के कोऑर्डिनेटर मनोज यादव, प्रभात राजपूत और हिमांशु वर्मा भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट आयोजक पंकज कश्यप शेरु ने सभी का आभार जताया।

## शायर इशरत सगीर को मिला फख्र-ए- हिंदुस्तान अवार्ड



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रविवार को लखनऊ की साहित्यिक संस्था फख्र-ए- हिंदुस्तान के तत्वावधान में आयोजित मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में शायर इशरत सगीर को फख्र-ए- हिंदुस्तान साहित्यिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी उल्लेखनीय साहित्यिक उपलब्धियों और निरंतर रचनात्मक योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान देशभर से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध गीतकार पीयूष शर्मा, आरिफ अल्वी, देशराज देसाई, इकबाल अकरम वारसी, यासीन इब्ने उमर, हिना कौशल गोरखपुरी, डॉ. रेनू द्विवेदी, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. अंश प्रताप सिंह और सुनील मल्होत्रा ने काव्यपाठ किया। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, विकास सोनी ऋतुराज, विकास शर्मा पारस, आतिश मुरादाबादी और अभिषेक ठाकुर अधीर सहित अनेक साहित्यकारों ने इशरत सगीर को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नहर में गिरने से युवक की जान गई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव अकाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय रामकुमार शनिवार मौसेरी बहन की शादी में मदनापुर क्षेत्र में गए थे। देर रात बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बुधवाना जलालाबाद रोड पर अकौना खेड़ा गांव के सामने नहर की पुलिया पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रामकुमार नहर में गिर गए और उनकी मौत हो गई। उसका शव सुबह देखा गया। शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। जलालाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कोठरी के ताले तोड़कर बैट्री और मशीन चोरी

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार–गोला रोड पर स्थित कोचर फार्म निवासी सिख फार्मर गुरुपाल सिंह और बलदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि जंगल किनारे उनके खेतों में नलकूप की कोठरी बनी है। इसमें विद्युत मोटर के साथ ही खेतों के चारों ओर लगाए गए करंट वाले तार, करंट मशीन, बैटरी, चार्जर रखे थे। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को चोरों ने खेतों में बनी कोठरी गेट के ताले तोड़कर तीन बैटरी, करंट मशीन और चार्जर चोरी कर लिए। गुरपाल सिंह ने बताया कि कर उनकी कोठरी का ताला तोड़कर उसमें रखे एक बैटरी, एक करंट मशीन और उसका चार्ज चोरी का ले गए। जबकि बलदेव सिंह के खेत से दो बैटरी, एक करंट मशीन और एक चार्जर चोरी का ले गए। चोरी गए बैटरी, करंट मशीन और चार्जर की कीमत करीब पचास हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद रविवार सुबह दोनों किसान थाने पहुंचे और मामले की तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर कॉलोनी निवासी आलोक श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 जनवरी को मोहल्ले में ही अपने भाई के घर बीमार मां को देखने गया था। यहां उसकी मां की मौत हो जाने पर और रुक गया। 2 फरवरी की शाम घर पर आया तो मकान का ताला टूटा था। चोर अलमारी में से सोने के कुंडल, चैन, तीन जोड़ी पायल, 20 हजार रुपये आदि सामान चोरी करके ले गए, पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मेडिकल कॉलेज में छात्र की मौत, हंगामा

## ट्रॉमा सेंटर में फाइलें और टेबल फेंककर की तोड़फोड़, बिना इलाज किए मृत घोषित कर मोर्चरी में रखने का आरोप

- पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे घटना की जानकारी ली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए छात्र की राजकीय मेडिकल कॉलेज में मौत के बाद रविवार को हालात बेकाबू हो गए। परिजनों ने डॉक्टरों और स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए ट्रॉमा सेंटर में जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की। आरोप है कि घायल छात्र को बिना इलाज किए मृत घोषित कर सीधे मोर्चरी में रखवा दिया गया। घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आए हैं। आला पुलिस अधिकारी ट्रामा सेंटर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना निगोही क्षेत्र के ढकिया तिवारी गांव निवासी 16 वर्षीय अंकित सिंह 12वीं कक्षा का छात्र था और शहर के एसपी कॉलेज में पढ़ता था। रविवार को वह इंदिरानगर कॉलोनी के पास वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर आरपीएफ ने सदर बाजार पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने अंकित को पटरी से उठाकर एंबुलेंस के जरिए राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर अज्ञात मानते हुए मोर्चरी में रखवा दिया। सूचना पर जब परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो उन्होंने आरोप लगाया कि अंकित की सांसें चल रही थीं, इसके बावजूद उसका इलाज नहीं किया गया और सीधे मोर्चरी भेज दिया गया। परिजनों ने उसे दोबारा इलाज के लिए मोर्चरी से ट्रॉमा सेंटर लाया, लेकिन आरोप है कि डॉक्टर व स्टाफ ने इलाज करने के बजाय अभद्रता की। इससे नाराज परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर में फाइलें और टेबल फेंककर तोड़फोड़ की। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने पहले बताया था कि अंकित पटरी पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आया, जबकि वे इस बात से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि अंकित रील नहीं बना रहा था, क्योंकि उसके मोबाइल का कैमरा खराब था।



राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में हंगामे के बाद तैनात पुलिस फोर्स।


मेडिकल कालेज पहुंचकर पुलिस को जरूरी निर्देश देते सीओ प्रियांक जैन।

हंगामा बढ़ने पर चौक कोतवाली और थाना सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मेडिकल कॉलेज के बाहर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। चौकी प्रभारी विमल कुमार छुट्टी पर थे। आरोप है कि इसके बाद पुलिस ने मृतक के पिता विमलेश सिंह और चचेरे भाई विनीत के साथ मारपीट की। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिसकर्मी दोनों को घसीटते हुए पुलिस चौकी के अंदर ले जाते और मारपीट करते दिख रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि दोनों को चौकी के अंदर बंद कर दिया गया और छोड़ने के बदले रुपये की मांग की गई। हंगामे के बाद दोनों को छोड़ा गया। मृतक के चचेरे भाई अनीत ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में तोड़फोड़ का आरोप गलत है। घायल अवस्था में लाए गए अंकित को डॉक्टर ने जिंदा होते हुए भी मृत घोषित कर दिया। इसके लिए उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है। परिजनों ने बताया कि अंकित के पिता खेतीबाड़ी करते हैं। उसकी मां सोनी देवी और छोटी बहन सिद्धी हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर सीओ सदर प्रियांक जैन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज निकलवा कर जांच कराने और परिजनों से घटना के संबंध में तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज करने के निदेश दिए। चौक कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर लोगों को शांत कराया। अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### मृतक के पिता से अभद्रता का वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बेटे की मौत के बाद गम में डूबे पिता के साथ असंवेदनशील व्यवहार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह वीडियो राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर का है, जहां पुलिस के व्यवहार को लेकर परिजनों में रोष है। ढकिया तिवारी के प्रधान ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उनको घटना की सूचना दी थी। उन्होंने अंकित के परिजनों को बताया। उन्होंने ट्रामा सेंटर में परिजनों को ढांढस दिया।

> पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। **–प्रियांक जैन,** सीओ सदर

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की जान गई

- मायके वालों ने लगाया हत्या करने का आरोप
- दंपती ने की थी कोर्ट मैरिज पति बोला- बीमारी से जान गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** समसीपुर गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। महिला ने कोर्ट मैरिज की थी। पति का कहना है उसकी बीमारी से मौत हुई है।


मृतका शिल्पी।

परौर थाना क्षेत्र के गांव ओला निवासी सोनपाल ने बताया कि पुत्री शिल्पी की शादी अगस्त 2023 में कोर्ट मैरिज के माध्यम से योगेंद्र उर्फ घमंडी निवासी ग्राम समसीपुर थाना मदनापुर से कराई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर शिल्पी को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर 2024 को ससुराल वालों ने शिल्पी के साथ मारपीट की थी। इसके बाद वह मदनापुर पुलिस की मदद से अपनी पुत्री को घर ले आए थे।

बाद में समझौते के बाद शिल्पी फिर ससुराल चली गई थी। सोनपाल का आरोप है कि 7 फरवरी 2026 को ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उनकी पुत्री की हत्या कर दी। उन्होंने पति योगेंद्र जेठ राममिलन, बबलू, जगपाल, ससुर राम लड़ैते व ससुर के भाई श्यामपाल को घटना के लिए जिम्मेदार बताया है। मृतका के पति ने ने बताया कि उसने शिल्पी से कोर्ट मैरिज की थी। उसकी पत्नी की बीमारी से मौत हुई है।। उन्होंने बताया कि करीब 40 दिन पहले तिलहर के एक निजी अस्पताल में शिल्पी ने एक बेटी को जन्म दिया था और इसके बाद दोनों गांव में रह रहे थे। पति के अनुसार करीब 10 दिन पहले वह पत्नी को लेकर जयपुर गए थे। यहां अचानक पेट में दर्द होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतका की 25 दिन की नवजात बेटी हैं। मायके पक्ष ने बच्ची की सुरक्षा और भरण-पोषण को लेकर प्रशासन से न्याय की मांग की है। बरुआ पुलिस चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिले तो सिर में ईंट से ठोंकी कील, हालत गंभीर

- मां से हुआ था विवाद, घायल का मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोज क्षेत्र में एक युवक ने मां से विवाद के बाद अपने सिर में ईंट से कील ठोक ली। इससे वह घायल हो गया। परिवार वालों ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। यहां उसका इलाज किया जा रहा है।

थाना रोजा क्षेत्र के आईटीआई कालोनी में विशाल और विक्की मां मोहनी के साथ रहते है। बताया जा रहा है कि विशाल शराब का आदि है। जैसे तैसे परिवार का गुजर बसर हो रहा है। विशाल अपनी मां से आए दिन शराब पीने के लिए रुपये मांगता है। इस पर आए दिन विवाद भी होता है। रविवार की सुबह 10:30 बजे विशाल ने मां से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। मां ने रुपये देने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ। जिस जगह पर विशाल खड़ा था उसी जगह पर एक ईंट और एक कील पड़ी थी। इस दौरान विशाल ने ईंट और कील उठाकर खुद को नुकसान पहुंचाने की पहले धमकी दी। विवाद खत्म नहीं हुआ तो उसने कील अपने सिर के उपर रखी और ईंट से ठोक दी। बताया जा रहा है कि करीब तीन इंच की कील आधी उसके सिर के अंदर ठुक गई। इसके बाद चीखपुकार मचने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस से उसको राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। ईएमओ डॉ. मेहराज अहमद ने बताया कि एक युवक के सिर में कील लगी थी। उसका इलाज किया गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि युवक शराब का आदि है और शराब पीने के लिए मां से रुपये मांगने पर विवाद हुआ था। जांच की जा रही है।

# मकान का लेंटर डालते समय करंट से मजदूर की मौत

- निर्माणाधीन मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन बनी हादसे की वजह

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवोनगला में निर्माणाधीन मकान का लेंटर डालते समय विद्युत करंट लगने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा के लिए भेजा गया है।

गांव फतेहपुर निवासी उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह यादव ने निवोनगला में जमीन खरीदी थी। वह मकान का निर्माण करा रहे थे। निर्माण कार्य के दौरान सर्वेंद्र पुत्र बृज किशोर (25) और अनुज पुत्र अलवर (19), निवासी गांव मझकरिया, तहसील सवाजपुर, जिला हरदोई, लेंटर डाल रहे थे। इसी दौरान मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन का तार दोनों श्रमिकों के संपर्क में आ गया।

करंट की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अल्हागंज ले जाया गया, जहां डॉ. ने सर्वेंद्र को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनुज को गहन चिकित्सा के लिए फतेहगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के संबंध में तहरीर पुलिस को दी गई है।

### करंट से चार मजदूर झुलसे, दो की हालत गंभीर

- टेंट लगाते समय 11 हजार वोल्ट का करंट दौड़ा

**निगोही, अमृत विचार :** थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम संडाखास में शादी की तैयारियों के दौरान टेंट लगाते समय 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से चार मजदूर झुलस गए। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। उस समय मजदूर सीढी पर चढ़कर टेंट की लाइन खींच रहे थे। इसी दौरान लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच हो गया और करंट उतर आया। हादसे में रामू और ऋषिपाल गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं ओमपाल और राजू भी करंट की चपेट में आकर झुलस हुए हैं। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े। बताया गया कि ग्राम संडाखास निवासी अवधेश अवस्थी की पुत्री की शादी थी। इसके लिए टेंट लगाया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के बावजूद कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। जिससे मजदूर हादसे का शिकार हो गए।

# किशोरी लापता, तीन दिन बाद भी सुराग नहीं

- कॉल करने वाले युवक पर फुसलाकर ले जाने का आरोप
- पीड़ित पिता ने पुलिस से की पुत्री को बरामदगी करने की मांग

संवाददाता, खुदागंज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। तीन दिन बीत जाने के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले को लेकर पीड़ित पिता ने थाने पर तहरीर देकर पुत्री की बरामदगी की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि लापता किशोरी को जल्द तलाश किया जाएगा।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री के मोबाइल फोन पर एक नंबर से लगातार कॉल आती थीं, जिन पर वह बात भी करती थी। पिता का कहना है कि उसे आशंका है कि फोन पर बात करने वाला युवक ही उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। किशोरी के लापता होने के बाद से परिवारजन परेशान हैं और लगातार खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए किशोरी को जल्द से जल्द बरामद करने और मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की है।

# दूल्हा को देखकर भड़क गई दुल्हन

- दूल्हा बदलने का लगाया आरोप पूरी रात चली पंचायत
- नहीं निकला कोई समाधान, बिना दुल्हन वापस लौटी बरात

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पंडरी चांदूपुर में शनिवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब शादी की रस्मों के दौरान दूल्हा मंडप में पहुंचा और दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। आरोप है कि शादी तय करते समय जिस युवक को दिखाया गया था, बारात में उसकी जगह किसी और को दूल्हा बनाकर भेज दिया गया। पूरी रात पंचायत चली, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका और बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। इस दौरान दहेज का सामान भी रखा रह गया।

जानकारी के अनुसार गांव पंडरी चांदूपुर निवासी एक युवती की शादी पड़ोस के गांव अल्हादादपुर निवासी युवक के साथ तय हुई थी। शनिवार को युवक की बारात बैंड-बाजे के साथ दुल्हन के दरवाजे पहुंची। बारातियों का स्वागत-सत्कार किया गया। द्वाराचार की रस्म के बाद कुछ बाराती भोजन कर वापस चले गए, जबकि कुछ मौके पर मौजूद रहे। शादी की अन्य रस्में चल ही रही थीं कि जब दूल्हा मंडप में पहुंचा और पटे पर बैठाया गया, तभी वह नीचे गिर गया। इस घटना के बाद दुल्हन पक्ष में अफरा-तफरी मच गई। चर्चा होने लगी कि दूल्हा विकलांग है। दूल्हे को दोबारा खड़ा किया गया, लेकिन वह ठीक से खड़ा नहीं हो पाया। इस पर दुल्हन ने शादी से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन पक्ष का आरोप है कि पहले जो दूल्हा दिखाया गया था, वह पूरी तरह स्वस्थ था, लेकिन बारात में दूल्हा बदल दिया गया। आरोप है कि द्वाराचार के समय दूल्हा गाड़ी में ही बैठा रहा और जब उसे पटे पर लाया गया, तब सच्चाई सामने आई। दुल्हन के परिजनों का कहना है कि उनके साथ विश्वासघात किया गया है। शादी की तैयारियों और बारात के खाने में लाखों रुपए खर्च हो गए, जबकि लाखों रुपए का दहेज घर में ही रखा रह गया। पूरी रात दोनों पक्षों के बीच पंचायत चलती रही, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। यदि तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित को दिलाए 47,526 रुपये

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हुण्डालखेल निवासी अभिषेक गुप्ता ने 18 अक्टूबर 2025 को साइबर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 47,526 रुपये ट्रांसफर कर लिए। शिकायत मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली की टीम ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित विवरण प्राप्त किए और गहन जांच के बाद पूरी धनराशि शिकायतकर्ता को वापस कराई। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध पवन शर्मा और नोडल साइबर हेल्प डेस्क आरक्षी 2651 रवि शंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# करंट से मौत मामले में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- खेत की मेड़ पर लगे तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर बालिका की मौत का मामला

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खेत की मेड़ पर करंट से बालिका रागिनी की मौत के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों ने खेत की मेड़ पर लोहे के तार में बिजली की लाइन छोड़ रखी थी।

निगोही थाना क्षेत्र के चकसपौरा निवासी सत्यपाल शुक्रवार की दोपहर 13 वर्षीय रागिनी को लेकर खेत पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगाने के लिए गई थी। पड़ोसी के मेड़ के पास उसकी पुत्री पेड़ लगा रही थी। उसका बेटी को पता नहीं था कि मेड़ पर लोहे के तार में करंट है। उसका हाथ तार में स्पर्श हो गया और करंट लगने से रागिनी की मौत हो गई। मृतक बच्ची के पिता सत्यपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके खेत में लगा हुआ मुस्तकीम, फहीम खां, वसीम खां, मुकीम खां मिलकर कृषि कार्य करते है। आरोपियों ने षडयंत्र की तहत पर बिजली की लाइन का तार मेड़ पर लगे तारों से जोड़ दिये थे, जिससे अनहोनी हो जाए। उसने आरोपियों से कहा था कि लोहे के तार में बिजली की लाइन न जोड़ा करो। आरोपी है कि उसकी बेटी रागिनी की करंट से मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी मुस्तकीम, मुकीम, फहीम खां, वसीम खां के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कुएं को लेकर विवाद, पलायन की चेतावनी

- कुएं में शादी की रस्म रोकने का एक पक्ष ने लगाया आरोप, पुलिस की मौजूदगी में पूरी हुई रस्म

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हिंदूपट्टी में स्थित एक प्राचीन कुएं को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आरोप है कि कुएं की जगह को निजी बताते हुए शादी के दौरान होने वाली कुएं की रस्म को रोक दिया गया, जिससे मामला तनावपूर्ण हो गया।

बताया गया कि 7 फरवरी को मोहल्ले के रिंकू जौहरी की शादी थी। शादी के दौरान परिवार के लोग कुएं की रस्म करने कुएं के पास पहुंचे। एक व्यक्ति ने कुएं की जगह को अपनी बताते हुए रस्म करने से मना कर दिया। दूल्हा पक्ष द्वारा विरोध किया गया, लेकिन कुएं के पास रस्म नहीं करने दी गई। इसके बाद मजबूरी में दूल्हा पक्ष ने अपने घर पर ही कुएं की रस्म पूरी की। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग सभासद पति सोनू खन्ना के पास पहुंचे, जिन्होंने कोतवाली प्रभारी को स्थिति से अवगत कराया। शिकायत के बाद कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने मौके की जांच कर आरोपी को रस्म न रोकने की कड़ी हिदायत दी। रविवार को सागर सैनी की शादी के दौरान कुएं की रस्म के समय भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में सागर सैनी ने अपने परिवार के साथ कुएं की रस्म पूरी की और इसके बाद बारात अमरोहा के लिए रवाना हो गई। दूसरे पक्ष के कृपाशंकर रस्तोगी ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी पैतृक जमीन पर कब्जा करने की नीयत से विवाद किया जा रहा है और जमीन को सार्वजनिक घोषित कराने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित का कहना है कि यदि न्याय नहीं मिला तो वह परिवार सहित पलायन या आत्महत्या करने को मजबूर होगा।


मोहल्ला हिंदूपट्टी में स्थित प्राचीन कुआं में पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्म कराई गई।

# संत कृपाल सिंह महाराज का 132वां जन्मदिवस मनाया

- कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरु वन्दना के साथ किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम में संत कृपाल सिंह महाराज का 132 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरु वन्दना के साथ हुआ।

गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए सचिव डॉ. कैलाश चन्द्र रस्तोगी ने बताया कि संत कृपाल सिंह महाराज उच्च कोटि के संत थे। संस्थाध्यक्ष गिरीश चन्द्र गुप्ता व संस्था उपाध्यक्ष हरपाल अग्रवाल ने संत कृपाल सिंह महाराज के कथनों का वाचन किया। इसके अतिरिक्त निर्मल कौर, गौरीशंकर, प्रदीप गुप्ता, अनिल अग्रवाल, जोन सचिव प्रेम सेठी, लल्लू सिंह, माया, हरनन्दी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात कृपाल आश्रम के बाल सत्संग के बच्चों ने भजन प्रस्तुत किए। अर्पित अग्रवाल ने गज़लों के माध्यम से संगत को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दर्शन सिंह, लल्लू सिंह, पवन धवन, सोनू मेहता, महेन्द्र सिंह, सुशील रस्तोगी, सोनू गुप्ता, विजय शर्मा, महेश, ओमप्रकाश, रामभजन, रेशु सहगल, राज, मोनू मेहता, सन्तोष, गुरूमीत सिंह, संगीत तिवारी, लक्ष्मी राठौर, अलका राठौर, प्रीति वर्मा, रामकटोरी, विनय कुमरा, रामआसरे प्रजापति, प्रीति भारतीय, पूनम धवन, शीला अग्रवाल, नीतू वर्मा, रज्जन यादव, लता अरोड़ा, रेनू, शिवानी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पचदेवरिया गांव में छतों के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन बनीं खतरा

- ग्रामीणों ने विधायक वीर विक्रम प्रिंस से की शिकायत, लाइन हटाने की मांग

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पचदेवरिया में घनी आबादी के बीच से गुजर रही 11 केवीए हाईटेंशन विद्युत लाइन ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। लाइन कई मकानों की छतों के ठीक ऊपर से गुजर रही है। हालात इतने खतरनाक हैं कि ग्रामीण बांस-बल्ली लगाकर खुद ही तारों को सहारा देने को मजबूर हैं, इसके बावजूद बिजली विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम प्रिंस से शिकायत कर बताया कि हाईटेंशन लाइन के कारण गांव में पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने अपने लेटर पैड पर बिजली विभाग के कर्मचारियों को लाइन हटाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई सुनसान इलाका नहीं है। गांव के मुख्य मार्ग से बिजली विभाग के कर्मचारी, लाइनमैन और अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं, इसके बावजूद खतरनाक स्थिति को नजरअंदाज किया जा रहा है। बरसात के मौसम में खतरा और बढ़ जाता है। तेज हवा में तार झूलते हैं और कई बार चिंगारी निकल चुकी है। गीली छतों के कारण करंट फैलने का डर बना रहता है, जबकि बच्चे छतों पर खेलते हैं और महिलाएं रोजमर्रा के काम करती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह लाइन करीब 15 से 20 साल पुरानी है। इतने वर्षों में न तार बदले गए और न ही ऊंचाई बढ़ाई गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली बिल न जमा होने पर विभाग सख्ती दिखाता है, लेकिन सुरक्षा के मामलों में ढिलाई बरती जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस हाईटेंशन लाइन से कोई हादसा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। गांववासियों ने मांग की है कि आबादी के ऊपर से गुजर रही 11 केवीए लाइन को तुरंत हटाया जाए या मानकों के अनुसार उसकी ऊंचाई बढ़ाई जाए, साथ ही जर्जर तारों को बदलकर स्थायी समाधान किया जाए।

**न्यूज ब्रीफ**

### महबूब हुसैन के योगदान पर की गई चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जानेमाने समाजसेवी व प्रखर वक्ता महबूब हुसैन इदरीसी की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में सभा का आयोजन कर महबूब हुसैन के सामाजिक योगदान पर चर्चा कर उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। बीती शाम आवास विकास कालोनी स्थित डा0 अम्बेडकर पार्क में महबूब हुसैन के चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। अशफ़ाक़ उल्ला खां ने उन्हें याद करते हुए उनकी लोकप्रियता के पीछे उनकी नेक दिली और ईमानदारी को उनकी असल दौलत बताया। पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने कहा कि मैं उन्हें अपना अभिवावक मानता था। समिति के अध्यक्ष कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने कहा कि असहाय मजलूमों के प्रति अन्याय होते देख अक्सर महबूब भाई उसके साथ खड़े देखे जाते थे। शायर असगर यासिर ने बताया कि महबूब भाई से मेरा एक दोस्ताना रिश्ता रहा। हमीद खिज़र, सुरेश पाल सिंह एडवोकेट, वेदपाल सुमन, एसएल गौतम, जगदीश शरण गौतम, मुरारी लाल भास्कर, पवन सिंह, रजनीश गुप्ता, नौशाद इदरीसी व उनके पुत्र फैजान इदरीसी ने उन्हें याद किया। अध्यक्षता सुरेश कुमार कठेरिया ने की।

### अनुदेशक एसोसिएशन ने जताया आभार

**बदायूं, अमृत विचार :** परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रतीक दुबे के निर्देश पर दातागंज ब्लॉक अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में प्रदीप राठौर, यश कुमार, शहनाज बी ने विधायक व प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया को मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। कैशलेस चिकित्सा की सुविधा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनका आभार और मांग पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

### छात्राएं अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ राखी मिश्रा ने बताया कि विद्यालय को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 के प्रवेश पत्र प्राप्त हो गए हैं। संबंधित कक्षाओं की छात्राएं अपना प्रवेश पत्र 12 फरवरी को प्रात: 10 :30 बजे से 02 :00 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें।

# वार्षिकोत्सव : रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने मोहा मन

## लीड कान्वेंट के 20वें वार्षिकोत्सव उड़ान का धूमधाम से आयोजन, छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** लीड कान्वेंट स्कूल का 20वां वार्षिक उत्सव रंग बिरंगे निराले अंदाज में बड़े ही धूमधाम से अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, डीसीबी के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और कवि हृदय अजनबी ने मुख्य रूप से शिरकत की।

आकर्षक ढंग से सजाए गए अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में स्वागतोत्सुक विद्यालय ने अपनी परंपरा को निभाते हुए सर्वप्रथम आमंत्रितों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित स्कूल की प्रधानाचार्या तराना जमाल, निदेशक मोहम्मद जमाल ने चारों धर्म के समक्ष दीप प्रज्वलित करके उत्सव का आरंभ किया। तत्पश्चात कक्षा चार की छात्राओं शानवी शर्मा, अमोली, अनिका, हर्षी, अमायरा, आराध्या, इरफात श्रुति पाल, आदि ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा दो के छात्र-छात्राओं जुनेहरा फातिमा, रिद्धिमा सक्सेना, मरियम, श्रेया, हिबा, अलिशबा, आयजा अंसारी, आयजा बारिश, सिदरा, मुंतहा, अफजा, हादिया, व्योम वाजपेई, प्रथम, अभिराम अग्निहोत्री, अरशान, हुसैन ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। इसी कड़ी में कक्षा प्री नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने चले जैसे हवाएं गाने पर नृत्य करके सभी अभिभावकों अतिथियों का मन मोह लिया। तत्पश्चात कक्षा चार की छात्राओं ने लेडी सिंघम एक्ट प्रस्तुत कर महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नर्सरी के बच्चों ने चंदा चमके...अल्फाबेट गाने पर नृत्य और मोबाइल एडिक्शन पर जागरूकता एक्ट प्रस्तुत कर अपने विचारों को व्यक्त करने का छोटा सा प्रयत्न किया।

इसके बाद शिक्षिकाओं ने विद्यालय गीत प्रस्तुत कर विविधता में एकता का संदेश दिया। उपस्थितजन तालियों की गड़गड़ाहट ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथि ने कक्षा प्री नर्सरी, नर्सरी एवं केजी के छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं को लीड शाइनिंग स्टार ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। उड़ान (द विंग्स ऑफ लीड 2026) की ट्रॉफी से शिक्षिका तरन्नुम आजमी एवं शोएबा परवेज को सम्मानित किया। साथ ही बेस्ट शिक्षक की ट्रॉफी चांदनी अनवर और फराह खान को प्रदान किए गई। शिक्षिका श्रीति सिंह, फराह खान, आस्था मिश्रा और लोचन मिश्रा, नीतू सक्सेना को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

• मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को मंच पर किया सम्मानित

### ग्रीन हाउस को मिली ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी

क्लास ऑफ द ईयर के लिए कक्षा नर्सरी की शिक्षिका राहत जहां और नाजिया जबी एवं कक्षा केजी की शिक्षिका रुपा सिंह, अर्पणा, ऋतु सक्सेना को सम्मानित किया। बेस्ट सपोर्टिंग टीचर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी से प्राची सक्सेना, निदा अंसारी, वर्णिका, सबा, अंजलि अग्निहोत्री, रीमा सक्सेना, वारिशा इजाज, शाहवर चांदनी, शबेनूर, शाइस्ता, शिवानी, सायमा, इकरा, नाजरीन को सम्मानित किया। ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी ग्रीन हाउस, डिस्प्ले बोर्ड ट्रॉफी रेड हाउस, स्पोर्ट की ट्रॉफी ब्लू हाउस एवं पूरे साल बेस्ट परफॉर्मेंस की ट्रॉफी येलो हाउस को दी गई।

# 188 मरीजों का निःशुल्क किया हड्डी रोग परीक्षण


स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में हड्डी रोग शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर।

संवाददाता, शाहजहांपुर

• वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज की ओर से शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया शिविर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, केनरा बैंक के सामने अकर्रा रसूलपुर कांठ रोड पर रविवार को निशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 188 मरीजों ने पंजीकरण कराया। उनका निशुल्क परीक्षण किया गया। इस दौरान 115 मरीजों की ब्लड प्रेशर और 52 मरीजों की ब्लड शुगर की जांच निशुल्क की गई। वहीं 174 मरीजों को दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में जांचों के साथ सीटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी मरीजों को दिए गए।

मेडिकल कॉलेज के मेडिकल पीआरओ विपिन शर्मा ने बताया कि इस प्रकार का निशुल्क शिविर प्रत्येक दूसरे रविवार को लगाया जाएगा। बताया शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र पर प्रतिदिन निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच और दवाइयां उपलब्ध रहती हैं। शिविर में हड्डी रोग विभाग की सुविधाओं के बारे में बताया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष सोनी की टीम, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल पीआरओ विपिन शर्मा मौजूद रहे।

# 405 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को ददरौल क्षेत्र के ग्राम परासिन में एक निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 405 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच के दौरान 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया।

उनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 105 मरीजों की ब्लड शुगर और लगभग 122 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई। वहीं 324 मरीजों को दवाइयां निशुल्क वितरित की गईं। मरीजों को एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों के छूट कूपन भी दिए गए। स्वास्थ्य टीम और पीआरओ की ओर से लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया।



ग्राम परासिन में आयोजित स्वास्थ्य मेले में पंजीकरण कराते और जांच कराते ग्रामीण।

• 10 मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे नि:शुल्क

परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी देते हुए बताया गया कि 200 रुपये में बनने वाला यह कार्ड एक वर्ष के लिए मान्य है, जिससे ओपीडी पर्चा निशुल्क, दवाइयों व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट और भर्ती होने पर फाइल निशुल्क मिलेगी। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अनिल प्रजापति जिला पंचायत सदस्य का विशेष योगदान रहा। शिविर में सामान्य रोग विभाग और नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. शुभम, डॉ. स्वप्निल, मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल कुमार गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से टूटे बिजली के पोल

**बरेली, अमृत विचार:** कार की टक्कर से 100 फुटा रोड पर रविवार की दोपहर बिजली के तीन पोल टूट गए। जिससे करीब 400 घरों में शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए। शहर से बिजली कटौती का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कभी फाल्ट तो कभी शटडाउन से बिजली कटौती की जा रही है। रविवार की दोपहर को 100 फुटा रोड पर वीर सावरकर नगर, सुमन विहार के पास एक तेज रफ्तार कार ने बिजली के तीन पोल तोड़ दिए। जिससे करीब 400 घरों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। क्षेत्र के रहने वाले उपभोक्ता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार बिजली कटौती होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं रविवार की शाम कुतुबखाना सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही।

# बिरिया बाबा मेला मार्ग व बाजार में लगा जाम

संवाददाता, तिलहर

• ई-रिक्शा और अव्यवस्था बने जाम की वजह

**अमृत विचार :** नगर में यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। बिरिया बाबा मेला मार्ग पर लगने वाला घंटों का जाम राहगीरों के लिए रोजाना मुसीबत बनता जा रहा है। रविवार को भी लोग जाम से जूझते नजर आए। मौके पर तैनात पुलिसकर्मी भी जाम की स्थिति से परेशान दिखाई दिए।

नगर के स्टेशन रोड और मुख्य बाजार में लगने वाला जाम आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में बड़ी संख्या में दौड़ रहे ई-रिक्शा जाम का प्रमुख कारण हैं। क्षेत्र के प्रसिद्ध बिरिया बाबा का जिस दिन साप्ताहिक मेला लगता है, उस दिन नगर के अधिकांश मार्गों पर जाम ही जाम नजर आता है। यातायात व्यवस्था संभालने में स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। लोगों ने बताया कि पूर्व में कोतवाल रहे राजकुमार शर्मा ने व्यापारियों और जनमानस से विचार-विमर्श कर सूझ-बूझ के साथ यातायात व्यवस्था को डायवर्ट किया था। सख्ती से रूट निर्धारित कर जाम वाले मुख्य मार्गों पर बैरीकेडिंग लगाई गई थी, जिससे उनके कार्यकाल में नगरवासी जाम की समस्या से काफी हद तक मुक्त हो गए थे। वहीं, नगर क्षेत्र को जाम और अवैध अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन की ओर से तीन दिनों तक चलाया गया अभियान केवल दिखावटी और कागजी साबित हुआ।

## पुरानी रंजिश में भिड़े दो पक्ष, सात लोग घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** गाली गलौज देने का विरोध करने में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। गांव में भगदड़ मच गई। दोनों पक्ष के सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायलों को इलाज के लिए भेज दिया।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव काला कूड़ा में पुराने विवाद के चलते रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे दो पक्ष आमने-सामने आ गए। गाली-गलौज हुई। जमकर लाठी-डंडे चले। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। एक पक्ष के राजपाल, सुखपाल, सैजवीर और जबकि दूसरे पक्ष से आकाश, धीरेंद्र, दिनेश, उमेश लोग घायल हो गए। किसी ने पुलिस को सूचन दी। पुलिस पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। दोनों पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि दो पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

### अंडरपास नहीं बनने पर आंदोलन की रणनीति बनाई

**बदायूं, अमृत विचार :** मथुरा बरेली सिक्स लाइन पर अंडरपास रोड नहीं बनने के विरोध में भाकियू नेता ने बैठक का आंदोलन की रणनीति तैयार की है। बैठक में महिलाओं ने कहा कि स्थानीय लोग रोड को पार नहीं कर पाएंगे जिससे हर दिन हादसे होंगे। शहर के मोहल्ला चित्रांश नगर स्थित भाकियू के कैंप कार्यालय पर बैठक करते हुए मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा संघर्ष समिति का गठन करके बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा लौड़ा बहेड़ी, जिरौली, फूलपुर, बुटला बोर्ड, गुनौरा बाजीपुर सभी ग्रामीण एकत्रित होकर इन समस्याओं का निराकरण के लिए ज्ञापन देंगे तथा समस्या का निदान न होने पर बड़ा आंदोलन करेंगे ।कैंप कार्यालय पर दर्जनों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# भाकियू चढ़ूनी ने किया संगठन का विस्तार


भाकियू की बैठक में हिस्सा लेते किसान। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** रविवार को ग्राम खैरी, पिडोल में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) गुट के जिलाध्यक्ष सतीश साहू के समक्ष संगठन की नीतियां एवं विचारों से प्रभावित होकर संगठन की सदस्यता ग्रहण की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने कई पंचायतों में प्रचार प्रसार के साथ-साथ तहसील व ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन नए सिरे से करने का संकल्प लिया। नवनियुक्त कार्यकर्ताओं ने किसान हित में कार्य करने के लिए कमर कसी। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी की 15 फरवरी को होने वाली महापंचायत में पहुंचने का आवाहन किया। जिला महासचिव येसुदास, रजनेश उपाध्याय, कल्लू, राम सिंह, यादवेंद्र सिंह यादव आदि लोग रहे।

# कस्बे में सद्भावना मंच का किया आयोजन


समाज में फैली बुराईयों के प्रति लोगों को जागरूक करते वक्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचारः** रविवार को कस्बे में जमीयत उलेमा ए हिंद कि तरफ़ से सद्भावना मंच का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सम्मानित नागरिकों ने अपने अपने विचार रखे। तथा समाज में फैल रही बुराइयों को ख़त्म करने के प्रयासों को लेकर विचार विमर्श किया।

हाफ़िज रफीउद्दीन खान नायब सदर जमीयत उलेमा ए हिंद अज़हर क़ासमी, अजहर काजमी जनरल सेक्रेटरी जमीयत उलेमा ए हिंद ने कहा कि ककराला हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल रहा है। राजनीतिक दल भारतीयों को जाति धर्म संप्रदाय पर बाटकर नफरतें फैलाना चाहती है। इन समाज विरोधी ताकतों के मंसूबों को को हम अपने भाईचारे को बढ़ाकर विफल करेंगे। बैठक मे हाजी साजिद खान, नाजिम सईद, वीरेंद्र मौर्य, जैनुल आबेदीन, मौलाना अफ़रोज, आमिर फराज, डॉ मुन्नालाल राठौर आदि लोग मौजूद रहें।

# स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता में दिखाया दम



विजेता बच्चों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन के सदस्य। • अमृत विचार

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल लक्ष्य-02 स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता शुरू हुई। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उम्दा प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक वेदव्रत त्रिवेदी ने किया। इसके बाद बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं कराई गईं। जिनमें 800 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो आदि प्रमुख रहे। इस आयोजन के माध्यम से विद्यालय ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पवन गोयल, डॉ. पवन कुमार डिप्टी सी.एम.ओ, डॉ. कौशल, तेजस्व त्रिवेदी, छवि शर्मा, प्रधानाचार्य दीपक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# एक हजार लेकर पत्नी से कराया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, ओरछी

• पीड़िता की तहरीर पर पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** पति ने एक हजार रुपये लेकर अपनी पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म कराया। महिला के पूछने पर पति ने कहा कि वह अब उससे ही रुपये कमाएगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन आरोपियों पर मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की है।

फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 फरवरी को वह पति के साथ गैस कनेक्शन के कागज बनवाने के लिए गई थीं। रास्ते में सुरैनी पापड़ी तिराहे पर गांव अल्लैहपुर खुद निवासी पप्पू पुत्र तेजपाल, गांव तखोरा निवासी बालकिशन पुत्र ईश्वरी प्रसाद मिले। उन्होंने महिला के पति से एक हजार रुपये में महिला को उनके साथ भेजना तय किया। पति ने महिला से कहा कि वह किसी काम से जा रहा है। उससे उन दोनों लोगों के साथ जाने को बोला। पति के कहने पर महिला उनके साथ चली गई। आरोप है कि दोनों ने रास्ते में महिला के साथ बारी-बारी से गलत काम किया और वहां से भाग गए। महिला जैसे-तैसे वहां से भागकर अपने घर पहुंची। पति घर पर मिला। पूछने पर उसने कहा वह पत्नी से ही पैसा बनाएगा। महिला ने अपने दृष्टिबाधित जेठ को इस बारे में बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहित मिश्रा व पुत्रवधु प्रिया मिश्रा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। सियाराम मिश्रा पुत्र शोभराम मिश्रा निवासी मो. कोट कस्बा खुटार तहसील पुवायां जनपद शाहजहांपुर।

आवश्यकता है
अनुभवी व्यक्तियों की
● आयुष्मान मित्र
● पी.आर.ओ. (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
● कंप्यूटर ऑपरेटर
● सिक्यूरिटी गार्ड
● कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से सांड़ की मौत, फेंका शव

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव यूसुफ नगर में आलू के खेत में लगे तार में आए करंट से सांड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गांव निवासी किसान ने खेत में आलू की की रखवाली के लिए तार लगाया था। जिसमें करंट छोड़ा गया। जिसकी चपेट में आने से छुट्टा सांड़ की मौत हो गई। इसके बाद खेत के मालिक ने सांड को खेत से दूर ले जाकर फेंक दिया। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा ने थानाध्यक्ष राजेश कौशिक को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पशु चिकित्सक डॉ. सुमित्तर सिंह ने पोस्टमार्टम किया। थानाध्यक्ष के अनुसार तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब की दुकान से लाखों की चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार रात उझानी में कछला मार्ग स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। दुकान मालिक गांव वन बेहटा निवासी अमित कुमार के अनुसार चोरों ने शटर तोड़कर 1.40 लाख रुपये नगद और लाखों रुपये की शराब चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

### कांग्रेस 13 को निकालेगी मनरेगा संबंधी पदयात्रा

**बदायूं, अमृत विचार :** परशुराम चौक स्थित कार्यालय पर कांग्रेस की बैठक हुई। बताया कि 13 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे गांव ककोड़ा से मनरेगा जागरूक पदयात्रा निकाली जाएगी। जो 15 किमी चलकर उझानी के डॉ. आंबेडकर पार्क पहुंचेगी। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, जितेंद्र कश्यप, सुरेश राठौर, जिला उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह, वीरेश तोमर, वीरपाल यादव, विनोद यादव आदि ने पदयात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।

### मस्जिद पर हमले की घटना की निंदा

**बदायूं, अमृत विचार :** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में आतंकी हमले का शिया तंजीमुल मोमिनीन कमेटी के जनरल सेक्रेटरी सय्यद जाबिर जैदी ने बयान जारी कर इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया। कहा कि हमले में 31 नमाजियों की मौत हुई थी। अमानवीय हमले ने शिया समुदाय, बल्कि पूरी इंसानियत को गहरे सदमे में डाल दिया है। पवित्र जगह को निशाना बनाना आतंकियों की कायराना मानसिकता को दर्शाता है।

# राशन कार्ड से वंचित लोगों की बनेगी फैमिली आईडी, चिन्हीकरण शुरू

## वंचित परिवारों को अब इस माध्यम से दिलाया जाएगा सरकारी योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राशन कार्ड से वंचित परिवारों की भी फैमिली आईडी बनाई जाएगी। इसके माध्यम से बिना राशन कार्ड धारकों को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक और राशन डीलर को फैमिली आईडी बनाने के आदेश जारी किए हैं।

जिले में सवा पांच लाख से अधिक परिवारों के राशन कार्ड बने हुए हैं। इनमें से 47 हजार अंत्योदय कार्डधारक हैं। इन सभी कार्ड धारकों को निशुल्क राशन के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लेकिन तमाम ऐसे परिवार हैं, जिनके किसी न किसी कारणवश राशन कार्ड नहीं हैं। या फिर अपात्र मानते हुए उनका राशन कार्ड कैंसिल कर दिया गया। अब ऐसे परिवारों की फैमिली आईडी बनाई जाएगी। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ऐसे




"जो परिवार राशन कार्ड के लिए पत्र नहीं हैं उनकी फैमिली आईडी बनेगी। जिसकी तैयारी चल रही है। पूर्ति निरीक्षकों और कोटेदारों को ऐसे परिवारों को चिन्हित करने के आदेश दिए गए हैं। जिससे उनकी फैमिली आईडी बनाई जा सके।

**सतीश चंद्र मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

परिवारों की पहचान की जा रही है जो राशन कार्ड के लिए पात्र नहीं हैं। ऐसे परिवारों की फैमिली आईडी बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि

### 12 डिजिट का होता है पहचान नंबर

फैमिली आईडी कार्ड पर 12 डिजिट का नंबर अंकित होता है। यह विशिष्ट नंबर ही परिवार की पहचान है। इस कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों का विवरण अंकित होता है। फैमिली आईडी कार्ड बनने के बाद परिवार के लोगों को आय, जाति, निवास सहित अन्य प्रमाण पत्रों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एक बार फैमिली आईडी पंजीकरण होने के बाद, विभिन्न योजनाओं के लिए आवश्यक जानकारियां इसी डेटाबेस से स्वत: उपलब्ध हो जाएंगी।

### आधार होना आवश्यक

फैमिली आईडी बनवाने के लिए परिवार के सभी सदस्यों के पास आधार कार्ड होना आवश्यक है। साथ ही आधार का मोबाइल नंबर से लिंक होना भी जरूरी है, ताकि ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जा सके। यदि किसी लाभार्थी का मोबाइल नंबर बदल गया है, तो उसे आधार से नया और सही नंबर लिंक कराना आवश्यक होगा। इसके बाद ही फैमिली आईडी कार्ड बन सकेगा।

फैमिली आईडी बनाने के लिए सभी सरकारी राशन विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है। क्षेत्रवार ऐसे परिवारों की सूची तैयार करने को कहा गया है जो राशन कार्ड से वंचित हैं। तैयार की गई सूची संबंधित खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पात्र परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं समस्त पूर्ति निरीक्षकों को भी निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्र में उचित दर विक्रेताओं से समन्वय स्थापित कर परिवारों की फैमिली आईडी बनाएं।

# मोड़ पर पलटा ई-रिक्शा, घायल चालक की मौत

**बिसौली, अमृत विचार :** सवारियों की तलाश में जा रहे ई-रिक्शा के पलटने से चालक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कुढ़ौली निवासी सत्यपाल (28) पुत्र हेमराज ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। सुबह ई-रिक्शा लेकर जाते थे और शाम को वापस जाते थे। शनिवार को वह सवारियों की तलाश में बिल्सी मार्ग पर जा रहे थे। रास्ते में रम्पुरिया मोड़ पर उनका ई-रिक्शा पलट गया। सत्यपाल उसके नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने ई-रिक्शा सीधा किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। चालक के परिजनों को सूचना देकर घायल को निजी अस्पताल भेजा। जहां इलाज के बाद परिजन उन्हें घर ले गए। जहां देर रात चालक ने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जाम से निपटने के लिए व्यापारियों से किया विमर्श


व्यापारियों से बातचीत करते कोतवाल पुंडीर। • अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु चल रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान दो दिन चलने के बाद रविवार को रुक गया।

बिसौली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुंडीर द्वारा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुक्रवार और शनिवार को चलाया गया जो रविवार को रोका गया। कोतवाल पुंडीर ने इस अभियान को आगे जारी रखने से पहले आज व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों को पुलिस चौकी बुलाकर इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु विमर्श किया, सभी ने अपने विचार रखे। यातायात व्यवस्था में रुकावट के कारणों में फुटपाथ का मुख्य सड़क से नीचा होना, अस्थायी दुकानें और बढ़ी संख्या में चलने वाले ई रिक्शा निकल कर आए। तय हुआ कि स्थायी अस्थायी दुकानदारों को समझाने हेतु मुनादी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे इस बाबत एसडीएम को भी सूचित किया गया है।

प्रशासन के सामने ये भी चुनौती रहती है कि लोग समाधान तो चाहते हैं लेकिन सहयोग नहीं करते। नगर में ट्रेफिक जाम की समस्या काफी पुरानी है और ये जड़ पकड़ चुकी है। इसको जड़ से उखाड़ने में बहुत ताकत, समय और इच्छाशक्ति लगेगी, देखना होगा कि प्रशासन इस यक्ष प्रश्न का हल कैसे निकलेगा।

# बरेली-मथुरा हाईवे पर गूंजने लगा बम बोल

- भगवान शिव का जलाभिषेक करने को जल भरने गंगा घाट पहुंच रहे कावड़िया
- 15 फरवरी को है महाशिवरात्रि पर्व, शिवालयों में चल रहा साफ सफाई का दौर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर सहित जनपद भर में महाशिवरात्रि की तैयारियां तेज हो गई हैं। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए शहर के गौरी शंकर, बिरुआबाड़ी मंदिर, हर प्रसाद मंदिर सहित अन्य छोटे बड़े मंदिरों में साफ सफाई का दौर चल रहा है। देवालयों में रंग रोगन किया जा रहा है। वहीं कछला गंगा घाट पर कावड़िया जुटने लगे है। बरेली, मुरादाबाद सहित अन्य स्थानों के लोग गंगाजल लेने के लिए घाट पर पहुंच रहे हैं। कांवड़ियों की गतिविधियां बढ़ने पर हाईवे पर बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं।

इस बार शिवालयों में महाशिवरात्रि त्योहार को लेकर मंदिर कमेटी अपने स्तर पर तैयारी कर रही है। मंदिर में सुबह से ही


कावड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते श्रद्धालु। • अमृत विचार

श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो जाएगा। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत परेशानी न हो। इसके लिए भी कमेटी बनाई गई है। शहर के प्राचीनतम बिरुआबाड़ी मंदिर के साथ ही सभी बड़े मंदिरों में साफ सफाई कराई जा रही है। उनमें रंग रोगन हो रहा है। रंग रोगन के साथ सजावट का कार्य भी चल रहा है। दूसरी ओर शिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवर भरने के लिए श्रद्धालु कछला गंगा घाट पर पहुंच रहे हैं। एक दो दिन में इनकी संख्या में और इजाफा होगा। ऐसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से गंगा घाट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। साथ ही कांवड़ियों के आने जाने के लिए बरेली मथुरा हाईवे पर भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। महाशिवरात्रि पर्व से दो दिन पूर्व यातायात पुलिस द्वारा रूट डायवर्ट भी किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

# उपजिलाधिकारी ने 10 बीएलओ का रोका वेतन

**बदायूं, अमृत विचार:** मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले 10 बीएलओ के वेतन पर एसडीएम ने रोक लगा दी। बीएलओ ने ऐप के माध्यम से डोर-टू-डोर मैपिंग, लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी का निस्तारण और आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड नहीं किया था।

एसडीएम मोहित कुमार ने रविवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। पता चला कि शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र तैनात 10 बीएलओ बूथों से अनुपस्थित थे। सुपरवाइजर ने बार-बार आपत्तियां दर्ज कराईं। इसके बावजूद अनियमितताओं को दूर नहीं किया गया। बीएलओ शेखूपुर, सिरसा, बदायूं शहर, जगत, उसावां और कादरचौक विकास खंडों के विभिन्न परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं। पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर एसडीएम ने इनका वेतन रोक दिया। एसडीएम ने बताया कि पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। मुंशी, मौलवी तथा आलिम परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले के चार मदरसों को केंद्र बनाया गया है। इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। साथ ही परीक्षा पर निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके अलावा दो सचल गठित किए गए हैं।

मदरसा बोर्ड की परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। इनमें मदरसा वीर अब्दुल हमीद हायर सेकेंडरी स्कूल सहसवान, मदरसा फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज इस्लामनगर, नकविया गर्ल्स इंटर कॉलेज बदायूं और मदरसा हिरा इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज ककराला को केंद्र बनाया है। इन केंद्रों पर 1097 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। नकलविहीन परीक्षा के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर


परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश देते अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी • अमृत विचार

- परीक्षा में बैठेंगे 1,097 परीक्षार्थी, केंद्रों पर दिन भर चलती रही तैयारियां
- सीसीटीवी की निगरानी में होगी परीक्षा, गठित हुए तीन सचल दल

को चार सेक्टर मजिस्ट्रेट और दो सचल दलों का गठन किया गया है। यह टीमें परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगी। परीक्षा दो पालियों में होंगी। परीक्षाएं सुबह आठ से 11 बजे तक तथा दोपहर तीन से शाम छह बजे तक होंगी। परीक्षा केंद्रों, प्रश्न पत्र कक्ष और परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे और वॉइस रिकॉर्डर लगाए गए हैं। इसके अलावा परीक्षा पर निगरानी करने और शिकायतों का निस्तारण करने के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिस पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार को प्रभारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर परीक्षा को नकलविहीन कराने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा के लिए शासन से जारी हुई गाइड लाइन से अवगत कराया।

# देवस्थान पर भंडारे में भिड़े दो समुदाय के लोग

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** देवस्थान पर चल रहे भंडारा के दौरान दूसरे समुदाय के कुछ लोग पहुंच गए। वहां चल रहे भजन बंद करने को कहा। जिसको लेकर दोनों समुदाय के लोगों के बीच कहासुनी और धक्का मुक्की हुई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची। छह लोगों को हिरासत में ले लिया। आयोजक की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मुड़िया का है। गांव निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि शनिवार रात लगभग नौ बजे गांव स्थित देवस्थान पर रामायण पाठ के बाद भंडारे किया जा रहा था। आयोजक लोगों को प्रसाद खिला रहे थे। डीजे पर भजन और कीर्तन चल रहे थे। आरोप है कि गांव निवासी साबिर, मैहरुद्दीन आदि छह लोग कथा


गांव में विवाद की जानकारी देते ग्रामीण। • अमृत विचार

- शनिवार रात बिनावर क्षेत्र के गांव मुड़िया के देवस्थान पर चल रहा था भंडारा
- सूचना मिलते ही समय से पहुंच गई पुलिस वर्ना गांव में हो सकता था बड़ा विवाद

स्थल पर पहुंचे और डीजे बंद करने का दबाव बनाने लगे। आयोजकों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। धक्का-मुक्की शुरू हो गई जिससे पंडाल में भगदड़ मच गई। किसी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर के बाद बिनावर और अन्य थानों की पुलिस आ गई। पुलिस ने दोनों पक्ष के छह लोगों को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने समय से गांव आकर बड़ा विवाद होने से बचा लिया। फिलहाल गांव में किसी प्रकार का तनाव नहीं है। ओमप्रकाश की ओर से तहरीर दी गई है। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का खाना खराब हो गया है। आरोप है कि उन लोगों के पास तमंचे भी थे। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची थी। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# नौ लाख से अधिक पशुओं का किया जाएगा टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पालतू पशुओं को खुरपका मुंहपका रोग से बचाने को शासन स्तर से टीकाकरण करने का निर्देश दिया गया है। इस साल पशुपालन विभाग को नौ लाख 216 पशुओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है। पशुओं का टीकाकरण 15 मार्च तक किया जाएगा।

गर्मियों में हर साल पशुपालन विभाग द्वारा पालतू पशुओं का टीकाकरण किया जाता है। मुंहपका और खुरपका बीमारी से बचाने को शासन स्तर से प्रत्येक जनपद को लक्ष्य दिया जाता है। पशुपालन विभाग को इस साल नौ लाख 216 पशुओं को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया गया है। टीकाकरण पिछले माह से शुरू हो चुका है। जिससे अब तक करीब नौ प्रतिशत तक पशुओं


बरातेगदार में गोवंश को टीका लगाते कर्मचारी • अमृत विचार

का टीकाकरण किया जा चुका है। पशुपालन विभाग के अनुसार इस साल लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक क्षेत्र में अभियान एक साथ पूरा किया गया है। ब्लॉक दहगवां, सहसवान और बिसौली व दातागंज ब्लॉक में ग्रामीणों को बैक्यीनेशन कराने को जागरूक किया जा रहा है जिससे आने वाली मानसून की बारिश में पशुओं को बीमारी से बचाया जा सके। ब्लॉक सलारपुर के पशु चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार भुइयार ने बताया कि उनके ब्लॉक क्षेत्र में करीब 11 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। उनकी 11 टीमें क्षेत्र में पालतू पशुओं का टीकाकरण कर रहीं हैं। तय समय सीमा पर उनका लक्ष्य पूरा हो जाएगा। बताया कि उनके ब्लॉ को 47 हजार पशुओं का टीकाकरण करने का लख्य मिला है। जो लगातार किया जा रहा है। ब्लॉक जगत के पशु चिकित्सक ने बताया कि अभी टीकाकरण 7 प्रतिशत पशुओं का हो चुका है। गांव गांव पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है।

अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. समदर्शी सरोज ने बताया कि पशुओं का टीकाकरण शुरू हो चुका है। जो 15 मार्च तक चलेगा। पहले चरण में पालतू पशुओं को टीके लगाए जाएंगे जबकि दूसरे चरण में गौशालाओं में गोवंशों को टीके लगाए जाएंगे। बताया कि छुट्टा पशुओं का टीकाकरण संभव नहीं है। क्योंकि पालतू पशु को उसके स्वामी का आधार कार्ड लगता है जबकि छुट्टा पशु को टीका लगाने पर कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया जाता।

- खुरपका मुंहपका टीकाकरण का जनपद को मिला लक्ष्य
- पशुपालन विभाग ने शुरू किया अभियान, 15 मार्च तक चलेगा

### चौदह हजार से अधिक हैं छुट्टा गोवंश

जनपद में 14 हजार से अधिक छुट्टा गोवंश हैं। प्रत्येक ब्लॉक में एक हजार से अधिक छुट्टा गोवंश हैं। छुट्टा गोवंश को कभी वैक्सीन नहीं लगाई जाती है जिससे अन्य पशुओं को खतरा रहता है। पशुपालकों का कहना है कि छुट्टा पशु अक्सर गांवों में घूमते रहते हैं जिनसे संक्रमण कर खतरा बना रहता है। इस ओर विभाग का ध्यान नहीं है।

**समस्या** वाहन चालकों की बढ़ी मुश्किल, ग्रामीणों में रेलवे प्रशासन के खिलाफ रोष

# नगला के अंडरपास से नहीं हटा ब्रेकर, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रेलवे ने नगला गांव पर अंडरपास तो बना दिया। लेकिन अंडरपास के मुहाने पर सड़क पर लगाए गए ब्रेकर नहीं हटाए जिससे सड़क पर कीचड़ और भारी गंदगी से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। गांव के लोगों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया है।

शहर से सटा नगला शर्की गांव से होकर बरेली कासगंज रेलवे लाइन गुजरती है। इस रेलवे लाइन पर एक साल पहले तक फाटक लगता था जिससे ट्रेन के आते जाते समय फाटक बंद कर दिया जाता था। इस समस्या को लेकर रेलवे प्रशासन ने सर्वे कराया और ग्रामीणों की मांग पर अंडरपास बना दिया। करीब चार महीने से अंडरपास बन कर तैयार है। लोगों का आना जाना शुरू हो


अंडरपास के मुहाने पर फैली कीचड़।

- रेलवे अंडरपास चालू होने के बाद नहीं बनाई सड़क

गया है। गांव के लोग अब अंडरपास से ही आते जाते हैं। लेकिन रेलवे प्रशासन ने नगला इंटर कालेज की ओर अंडरपास के मुहाने पर लगे ब्रेकर नहीं हटाए हैं। सड़क ऊंची नीची है। वाहनों को आने जाने में दिक्कत होती है। कीचड़ के चलते वाहन पलट रहे हैं। स्कूली बच्चों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के माध्यम से रेलवे प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है और ब्रेकर हटाने तथा सड़क बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि जब अंडरपास का निर्माण शुरू हुआ तो बड़े बड़े वाहनों के गुजरने से यहां पर सड़क टूट गयी। गड्ढे हो गये। अंडरपास बनाने वालों ने ब्रेकर लगा दिए। अब अंडरपास बन जाने के बाद भी ब्रेकर नहीं हटाए हैं और न ही टूटी सड़क की मरम्मत की है। जिससे सड़क पर पानी भी भर रहा है। कीचड़ से लोगों को निकालना पड़ रहा है। रात को आने जाने वालों को इस कीचड़ से भारी परेशानी होती है। आसपास के घरों तक कीचड़ पहुंच रही है। जिससे नगला गांव के लोगों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन को समस्या से अवगत कराया है और ब्रेकर हटाने तथा सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### नाले के पानी के निकास को नहीं है जगह

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश होने पर यहां स्थिति और गंभीर हो जाती है। अंडरपास के दोनों ओर की सड़कें खराब होने से बारिश में निकास बंद हो जाता है। अंडरपास बनने के बाद नगला गांव के पानी के निकास को नाला बनाया गया था। लेकिन अब नाले का पानी कहां जाए इसकी व्यवस्था नहीं की गयी है जिससे अंडरपास से गुजरने वालों को दिक्कत हो रही है।

# कल सुबह दस से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी सप्लाई

**बदायूं, अमृत विचार :** गर्मी में निर्बाध गति से बिजली देने को मरम्मत कार्य किया जा रहा है। 10 फरवरी को शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर भी मरम्मत कार्य किया जाएगा। बिजली घर पर 33 केवी लाइन की स्विचयार्ड में पुरानी वीसीबी बदलकर नई वीसीवी लगाई जाएगा। कंट्रोल पैनल स्थापित किया जाएगा। आदि कार्य किए जाएंगे इसलिए मंगलवार को सुबह दस से शाम पांच बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। ढाक बाली जियारत से पोषित बिजली बाधित रहेगी जिससे शहर के विकास भवन, डीएम आवास, डीएम रोड, नेकपुर रोड, लोक निर्माण विभाग चौराहा, ऑडिटोरियम, ढाक की जियारत, तथा ग्रामीण पोषक शेखूपुर, इस्लाम गंज, रसूलपुर व नगला टाउन, दौरी नरोत्तमपुर, रूपापुर, सूरजपुर, पड़ौआ, बद्धहाई, तालगांव, मुजाहिदपुर, आदि क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# हरदोई मिल के केंद्रों पर शुरू हुई खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अन्य चीनी मिल ने भी लगाए क्रय केंद्र, पहुंच रहे किसान
- यदु शुगर मिल के किसानों को मिली दूसरी चीनी मिल

**अमृत विचार :** बिसौली की यदु शुगर मिल बंद हो जाने के बाद उसके किसानों का गन्ना अब दूसरी चीनी मिलों को आवंटित किया गया है जिससे चीनी मिलों ने क्रय केंद्र खोल कर गन्ने की खरीद शुरू कर दी है। हरदोई की रूपापुर चीनी मिल ने अपने तीनों क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू कर दी है। अन्य चीनी मिलों के भी कांटे लग चुके हैं।

बिसौली चीनी मिल के पहले नौ क्रय केंद्र काट कर दूसरी चीनी मिलों को आवंटित कर दिए गए। जिससे मिल पर गन्ने का अभाव पैदा हो गया। अंतता गन्ने की कमी के चलते मिल 27 जनवरी को बंद कर दी गयी। मिल बंद होने पर उसके गन्ना किसानों को परेशानी हुयी। करीब चार लाख क्विंटल गन्ना खेतों में शेष रह गया। जिसको लेकर जिला गन्ना अधिकारी ने शासन को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया। शासन स्तर से पांच अन्य चीनी मिलों को किसानों का गन्ना खरीदने की स्वीकृति दी गयी। जिसके बाद उक्त पांचों चीनी मिलों ने अपने अपने क्रय केंद्र खोल कर गन्ने की खरीद शुरू कर दी है।

जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने रविवार को बताया कि हरदोई की रूपापुर चीनी मिल ने ग्राम कुनार, मोगर, और चंदऊ में अपने क्रय केंद्र खोल दिए हैं। किसानों का गन्ना खरीदा जा रहा है। फरीदपुर चीनी मिल ने ग्राम किसरूआ, उनौला और एक अन्य गांव में क्रय केंद्र खोला है। अन्य चीनी मिलों ने भी क्रय केंद्र खोल कर गन्ने की खरीद शुरू कर दी है। शेखूपुर की सहकारी चीनी मिल ने ग्राम लखनपुर में एक और दो क्रय केंद्रों पर गन्ने की खरीद शुरू कर दी है। शेखूपुर चीनी मिल पर अब गन्ना किसानों की भीड़ खत्म हो चुकी है। गन्ने की तौल कराने के बाद किसान उसी दिन वापस लौट रहे हैं।

### क्रय केंद्रों का होगा आकस्मिक निरीक्षण

गन्ना विभाग ने नए क्रय केंद्र पर घटतौली रोकने को अपनी टीम लगा दी हैं। उक्त सभी टीमें नए व पुराने क्रय केंद्रों पर छापेमारी करेंगी। गन्ना किसानो की समस्याएं सुनेंगी। जिससे क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो। जिला गन्ना अधिकारी स्वयं क्रय केंद्रों पर आकस्मिक निरीक्षण करेंगे।

# रेलवे स्टेशन पर बंदर करते हैं परेशान ट्रेन में से उठा लेते हैं यात्रियों का सामान


## रेलवे प्रशासन ने वन विभाग को फिर लिखा पत्र, बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

- अधिकारियों ने बंदर पकड़ने के लिए जिला प्रशासन को भी अवगत कराया
- नगर पालिका परिषद की ओर से पहले पकड़वाए जा चुके हैं शहर में बंदर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ट्रेन स्टेशन पर रुकते ही बंदर ट्रेन के डिब्बे में घुस जाते हैं। यात्रियों को परेशान करते हैं। कभी-कभी तो सामान उठाकर ले जाते हैं। यात्रियों के बैग छीनकर फाड़ देते हैं। खाने-पीने का सामान तो आप ट्रेन में बहुत समझदारी के साथ लेकर चलें। कई बार यात्रियों के हाथ से फलों की थैली छीन लेते हैं। इस तरह बंदरों के आतंक से यात्री परेशान हैं। वहीं रेलवे अधिकारी भी परेशान हैं। क्योंकि बिजली के तारों को तोड़ने लाइटें तोड़ना आम बात है। इसीलिए तीसरी बार अधिकारियों ने वन विभाग के साथ ही जिला प्रशासन को पत्र लिखाकर बंदर पकड़वाने की मांग की है।

रेलवे स्टेशन पर पिछले काफी समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। दिनों दिन बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है। बंदरों के आतंक से रेलवे यात्रियों को भारी परेशानी होती है। उनका सामान झपट लेते हैं। जूते चप्पल मोबाइल उठा लेते हैं। कपड़े फाड़ देते हैं और हमला भी करते हैं। कई लोग बंदरों के हमले के शिकार हो चुके हैं। कुछ रेलवे कर्मचारी भी हमले में घायल हो चुके हैं। रेलवे प्रशासन ने पिछले साल अक्टूबर महीने में वन विभाग को पत्र लिखा था। रेलवे परिसर में बंदरों के आतंक से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया था। लेकिन वन विभाग ने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद दिसम्बर माह में एक बार फिर पत्र लिखा गया। दूसरे पत्र के जवाब में वन विभाग ने कहा कि बंदरों की समस्या वन विभाग के अधीन नहीं है। इसके लिए नगर पालिका परिषद को पत्र लिखा जाए। रेलवे प्रशासन ने दिसम्बर माह के अंत में जिला प्रशासन को भी पत्र लिखा। लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। न ही बंदरों को पकड़ने को कुछ किया गया। शनिवार को रेलवे अधिकारी ने बताया कि वन विभाग और जिला प्रशासन को पत्र लिखने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। अब नगर पालिका को पत्र लिखा जाएगा। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का इंतजार है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर बैठे यात्रियों ने बताया कि यहां बंदरों से बच पाना बहुत मुश्किल काम है। आज एक महिला यात्री का मोबाइल बंदर उठा ले गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मोबाइल मिल सका। इसी तरह कई अन्य यात्रियों ने भी बंदरों से होने वाली परेशानी की बात कही। रेलवे कर्मचारियों ने भी बंदरों के आतंक से आये दिन परेशानी की बात कही।


यात्री का बैग छीनकर सामान इधर-उधर फैंकता बंदर। ● अमृत विचार


प्लेटफार्म एक पर घूमते बंदर। ● अमृत विचार

### रेलवे आवासों के आगे लगे कटीले तार

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर यात्रियों संख्या कम रहती है। वहां पर केवल बंदरों का साम्राज्य रहता है। बंदरों के चलते उधर रेलवे कॉलोनी के लोग भी परेशान रहते हैं। इसलिए रेलवे कर्मचारियों ने अपने आवास के बाहर कटीले तार लगा लिए हैं। छतों पर कांटे और कीलें लगा रखीं हैं।

### वन विभाग ने नगर पालिका पर पल्ला झाड़ा

रेलवे अधिकारियों ने पत्र लिखा वन विभाग के अधिकारियों को लेकर वन विभाग ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। नगर पालिका को बंदर पकड़ने के लिए जिम्मेदार बता दिया। अब रेलवे के अधिकारी नगर पालिका के लिए पत्र लिखेंगे। रेलवे स्टेशन दोनों तरफ से आबादी में है। एक तरफ रेलवे कालोनी है। दूसरी तरफ भी मोहल्ले हैं और बाजार है। खानपान के चक्कर में बंदर रेलवे स्टेशन पर अधिक आते हैं।


वन विभाग को रेलवे स्टेशन पर अभियान चला कर बंदरों को पकड़ना चाहिए। जिससे रेलवे यात्रियों को बंदरों से बचाया जा सके। रेल प्रशासन को इस मामले पर गंभीरता से काम करना होगा। -**राजेश कुमार सक्सेना**, भाकियू नेता

### लोग बोले-


रेलवे स्टेशन पर हर समय सैकड़ों यात्रियों का आना जाना रहता है। वहां पर बंदरों के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। रेलवे प्रशासन को बंदरों को भगाने की व्यवस्था करनी चाहिए। -**ध्रुव देव गुप्ता**, समाजसेवी


प्लेटफार्म पर सैकड़ों बंदर हर समय रहते हैं। यात्रियों को वहां पर हर समय खतरा रहता है। जिला प्रशासन को बंदरों को वहां से हटाने को अभियान चलाना चाहिए। -**हनी**, केमिस्ट


नगला मंदिर और रेलवे स्टेशन आसपास हैं इसलिए इन दोनो स्थानों पर बंदरों का आतंक है। लोगों को हर दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेल कर्मचारी भी परेशान हैं। -**महेश साहू**, शहरी

### न्यूज ब्रीफ

#### रितिका सिंह ने उत्तीर्ण की नेट की परीक्षा



**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव खगाई निवासी रितिका सिंह ने नेट की परीक्षा पहली बार में 97.33 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण की है। परिजनों के साथ इलाके के लोगों में खुशी का माहौल है। इनकी इंटर तक की शिक्षा बरेली के सेंट मारिया गोरेटी इंटर कॉलेज से पूरी हुई। बरेली के खंडेलवाल कॉलेज से स्नातक और फिर परास्नातक दिल्ली यूनिवर्सिटी से किया। उनके दादा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक थे। उनके पिता सूर्य विक्रम सिंह भी परिषदीय शिक्षक हैं। चाचा प्रशांत विक्रम सिंह उर्फ रंजन भैया भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वर्तमान में रितिका सिंह संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी दिल्ली में रहकर कर रही है

#### राष्ट्रीय सचिव ने पूर्व सीएम से की मुलाकात



**उझानी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ठाकुर योगेंद्र तोमर ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सलीम इकबाल शेरवानी के साथ लखनऊ जाकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। बिल्सी विधानसभा की समस्याओं और राजनीति को लेकर चर्चा की। कहा कि वह बिल्सी क्षेत्र के लोगों के हर सुख दुख में साथ हैं।

# हिंदू सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण और एकजुटता पर दिया जोर



हिंदू सम्मेलन में मंच पर बैठे अतिथि। ● अमृत विचार

- उघैती के हंस वाहिनी इंटर कालेज में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** क्षेत्र के उघैती कस्बे में रविवार को हंस वाहिनी इंटर कॉलेज प्रांगण में ''विराट हिंदू सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया और समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिव्यानंद योगीराज ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने भारत भूमि पर जन्म लेने को परम सौभाग्य बताया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुकेश शर्मा द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सुधांशु ने हिंदू समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा मानव कल्याण के लिए हिंदू समाज को संगठित होना अनिवार्य है। कहा समाज को अपनी सनातन संस्कृति, शिखा, जनेऊ और प्राचीन परंपराओं को विस्मृत नहीं करना चाहिए।

सांस्कृतिक प्रतीकः उन्होंने हर घर में 'ॐ', स्वस्तिक जैसे मांगलिक चिन्ह लगाने और तुलसी का पौधा रोपने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने सामाजिक मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किन्हीं कारणों से धार्मिक स्थलों पर नहीं जा पाता, तो उसे अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए, कार्यक्रम में मातृ शक्ति वीके ऊषा ने भी अपने प्रभावशाली विचार साझा किए।

राम जन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ. बनवारी लाल पाठक और तारा सिंह यादव को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि एक संगठित और संस्कारयुक्त समाज ही भारत को पुनः ''विश्व गुरु'' के पद पर आसीन कर सकता है। सम्मेलन में शरद कुमार, डॉ. बनवारी लाल पाठक, राजीव पाठक, मयंक राज, अनुज जौहरी, सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआईआर के प्रशिक्षण को ककराला पहुंचे जिलाधिकारी


ककराला में बीएलओ को निर्देशित करते डीएम अवनीश राय। ● अमृत विचार

- बीएलओ को समय से काम पूरा करने के दिए निर्देश

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** एस आई आर के तहत किये जा रहें पुनरीक्षण कार्य की ट्रेनिंग और समीक्षा करने को जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय रविवार को यहां पहुंचे। उन्होंने सभी बीएलओ को पुनरीक्षण कार्य समय से निपटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदाता के दावे आपत्तियों की सुनवाई में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। फॉर्म सात के तहत आपत्तियों में लोगों के वोट काटने को लेकर कई मतदाता प्रशिक्षण स्थल नगर पालिका इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने फॉर्म सात के तहत झूठी आपत्तियों पर नाराजगी जताई। साथ ही कार्यवाही करने की मांग की है।

जिस पर जिलाधिकारी नें कहा झूठी आपत्तियों को निस्तारित करने का कार्य बीएलओ कर रहें है। गुमराह न हों न किसी को करें, झूठी आपत्तियों से किसी का वोट नहीं कटेगा। प्रशिक्षण बैठक में एसडीएम सदर मोहित कुमार नें कहा कि सभी बीएलओ समय से कार्य पूरा करें।झूठी आपत्तियों को बीएलओ अपनी जांच रिपोर्ट से निस्तारित करें, झूठी आपत्तियों से मतदाता परेशान न हो।

### एक ही नाम से आपत्तियां

कस्बे के कई मतदाताओं के नाम पर एक ही नाम से आपत्तियां की गई हैं, जानकारी करने पर आपत्ति कर्ता का नाम भगवान सिंह निवासी फतेहपुर सन्दर्भित है। कस्बे के भाग संख्या 389 की बीएलओ हूर बानो के नाम और एक बीएलओ शमसुल आरफीन के भाई अबरार भाग संख्या 384 के नाम पर भी आपत्ति की गई है जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को दी गई है।

# कार्यक्रम में सीनियर्स को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करतीं श्वेता मेंहदीरत्ता व ईशान मेंहदीरत्ता।

- ब्लूमिंगडेल स्कूल में आयोजित किया गया विदाई समारोह

**अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल में विदाई समारोह में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके जूनियर्स ने विदाई दी। 11वीं के छात्र-छात्राओं ने उनका स्वागत किया। याद आएंगे वो पल थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

रंगारंग कार्यक्रमों के अंतर्गत जूनियर्स ने विदाई गीत, नृत्य, लघुनाटिका, काव्यपाठ और भाषण आदि प्रस्तुत कर पल का यादगार बना दिया। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव, शैक्षणिक उपलब्धि, शिक्षक-शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन, स्कूल प्रबंधन का सहयोग आदि अनुभव साझा किए। कक्षा 12 के छात्रों को कई टाइटल से नवाजा गया। जिसमें बेस्ट जोड़ी मानसी-नेहा, हार्ट ऑफ द बैच मरियम मुईन, स्टार स्कॉलर साइशा-देव्या और बेस्ट अटायर शुभ व तनिष्क सिंह, मिस्टर फेयरवेल समुद्र गुप्ता व मिस फेयरवेल के लिए मरियम मुईन को पुरस्कृत किया गया। स्कूल अध्यक्ष पम्मी मेंहदीरत्ता ने छात्रों को अनुशासन और आत्मविश्वास का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता ने कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ जीवन मूल्यों एवं अनुशासन का भी केन्द्र हैं। मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता, उप प्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू एकता पर जोर, जयकारों से गूंजा पंडाल



हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता।

**विजय नगला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज समिति की ओर से कस्बा बिनावर के शिव मंदिर परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जय श्रीराम के जयकारे से पंडाल गूंजा। बच्चों ने गणेश वंदना की। मुख्य अतिथि संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्यप्रकाश ने वर्तमान में संस्कृति की चुनौतियों के बारे में बताया। एकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ विश्व बंधुत्व का संदेश देती है लेकिन इसके लिए एकता की जरूरी है। जिला प्रचारक भरत, रवि, डॉ. प्रीति सक्सेना, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य सुरेश ने किया।

# साढ़े छह घंटे गुल रही बिजली, लोग परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार को कलेक्ट्रेट क्षेत्र में बिजली के तार डालने का काम किया गया। जो सुबह से लेकर देर शाम तक चला। जिसकी वजह से दोपहर लगभग एक बजे से देर शाम साढ़े सात बजे तक कलेक्ट्रेट क्षेत्र में साढ़े छह घंटे तक कई मोहल्लों की बिजली गुल रही। मोहल्ले अंधेरे में डूबे रहे। जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों पर अंधेरा छाया रहा। कई घरों में पेयजल को लेकर भी दिक्कत हुई। इन्वर्टर ठप होने की वजह से कई कार्यालयों में काम प्रभावित रहा।

# पाठकपुर में शुरू हुआ सीसी निर्माण

**बिसौली, अमृत विचार :** विकासखंड बिसौली के ग्राम पाठकपुर इन दिनों विकास के रास्ते पर चलने को तैयार हो रहा है। काफी समय से यहां के मुख्य मार्ग दुरुस्ती की राह तक रहे थे। अब सीसी सड़क का निर्माण शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्रीय विधायक के प्रयास और निर्देशन में ग्राम पाठकपुर के उन रास्तों पर सीसी निर्माण होने लगा है वहां से निकलना दूभर था, टूटे रास्तों पर जलभराव के कारण बीमारियां पनपती थीं। गांव के सौंदर्य को भी बट्टा लगता था, गांव वाले इसके समाधान हेतु अनेक दरवाजे खटखटा चुके थे, इसके लिए विकास विभाग भी अपना चिर परिचित बजट चालीसा सुना चुका था। विधायक के अथक प्रयास से सीसी सड़क का निर्माण शुरू हो गया है।जिसके बाद ग्रामवासी राहत महसूस कर रहे हैं।



## सिटी डायरी

### छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाने को लेकर की चर्चा



**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में 19 फरवरी को रस्तोगी धर्मशाला में छत्रपति शिवाजी जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक श्रीकांत मराठा, संजय भोसले, दिपक संकपाल ने बैठक करके और लोगों के साथ वीडियो कॉल पर चर्चा करके रूपरेखा तैयार की गई। एसएसपी से शिष्टाचार भेंट करके आमंत्रित किया। बताया कि इस दौरान भाषण प्रतियोगिता होगी और शोभायात्रा निकाली जाएगी। ऑनलाइन कॉल पर प्रमोद शर्मा, अमन राज, राजकुमार सेंगर, गिरधारी, सरला चक्रवर्ती, कामेश पाठक, राजीव कुमार सिंह, उपेंद्र उपाध्याय, सिकंदर पटेल, अवनेश वर्मा, दिलीप जाधव, रामहरी फडतरे आदि के साथ चर्चा हुई।

### स्काउट संस्था ने कुष्ठ रोगियों को बांटा भोजन और दैनिक उपयोग का सामान

**बदायूं, अमृत विचार :** भारत स्काउट व गाइड संस्था की ओर से रविवार को कछला स्थित मां भागीरथी गंगा तट के दोनों किनारों पर बने कुष्ठ आश्रम में सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना का भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। भारत स्काउट गाइड टीम ने 102 कुष्ठ रोगियों को रोजमर्रा में काम आने वाली सामग्री के साथ पौष्टिक व गरम भोजन वितरित किया। प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला मुख्य आयुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने स्काउट भवन से टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा स्काउट संस्था 45 से अधिक वर्षों से कुष्ठ रोगियों की निस्वार्थ सेवा करती आ रही है। कछला स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचते ही वहां सहयोग और अपनत्व का वातावरण बन गया। जिला मुख्यालय आयुक्त प्रेमपाल सिंह, वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) मोहम्मद असरार के नेतृत्व में स्काउट सदस्यों ने कुष्ठ रोगियों को ताजा तैयार पौष्टिक भोजन कराया गया। नहाने व कपड़े धोने का साबुन, चाय पत्ती, पट्टियां सहित अन्य आवश्यक दैनिक उपयोग की सामग्री प्रदान की। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, शमशाद हुसैन, नेत्रपाल समेत सभी लोगों ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।



### सुलेख की सुंदरता बढ़ाने को कराई गई प्रतियोगिता



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग स्थित श्री जीएस बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में हिंदी व अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें कक्षा 2 से लेकर कक्षा 8 तक के अधिकतर बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय डायरेक्टर भुवनेश कुमार सिंह और मैनेजिंग डायरेक्टर अभय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता सुलेख की सुंदरता को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों में रचनात्मकता और सटीकता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। आयोजन में विद्यालय परिवार के अभिषेक कुमार भारती, अंजू चौहान, गीता शाक्य, अंशिका शर्मा, देवेश सिंह, निभा सागर, मोहम्मद इमरान, सोनम यादव, आरजू मालिक, नीलोफर मालिक, ज्योति तोमर, फिरदौस अख्तर, मिस अंजना, मिस साक्षी, मिस अर्चना, रंजना सिंह, संध्या गौतम आदि का सहयोग रहा।

### नवनिर्मित शिव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा, कराया भंडारा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला एक स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज के पीछे बनी परशुराम कॉलोनी में नवनिर्मित शिव मंदिर में रविवार को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। विधि-विधान से हवन-यज्ञ के उपरांत शिव परिवार सहित कई देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कपिल शर्मा, अनिल दीक्षित, धर्मेंद्र शर्मा उर्फ बबली, गौतम शर्मा, गोविंद शर्मा, निकेता दीक्षित, विवेक शंखधार सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।



# आश्वासन के बाद आशाओं की हड़ताल समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


सदर विधायक महेश गुप्ता से बात करतीं आशाकर्मी। ● अमृत विचार

- लखनऊ में स्वास्थ्य मंत्री से आज बात करेंगी जौली वैश्य।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन की 54 दिन से जारी हड़ताल रविवार को 55 वें दिन खत्म हो गयी। राज्य सरकार ने आशाओं को कर्मचारी का दर्जा देने व कुछ अन्य मांगों पर सहमति जताई है। सरकार की ओर से सदर विधायक ने मौके पर पहुंच कर आशाओं को आश्वस्त किया उसके बाद आशा संगिनी ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी और लखनऊ कूच का निर्णय वापस ले लिया। आश्वासन मिलने के बाद आशाओं ने खुशी मनाते हुए कहा कि यह उनके संघर्ष की जीत है।

प्रदेश भर में आशा संगिनी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 54 दिन से हड़ताल पर बैठी थीं। हड़ताल के दौरान ही आशा कर्मियों ने कमिश्नर और प्रदेश सरकार के जिम्मेदारों से कई बार मुलाकात कर समस्या का समाधान खोजने की अपील की लेकिन बात नहीं बनी। जिससे यहां पर कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर 54 दिन से आशा बहनें हड़ताल पर बैठी रहीं। भीषण ठंड और कोहरे में भी आशा कर्मियों ने हड़ताल जारी रखी। सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन आशाएं हड़ताल स्थल पर पहुंच रहीं थीं उनके संघर्ष की धार दिनों दिन तेज होती गयी। आशा कर्मियों ने चेतावनी दी थी कि 9 फरवरी को राजधानी लखनऊ में डेरा डाला जाएगा। इस चेतावनी से सरकार को बेचैनी हुयी। जिसके बाद आशाओं की हड़ताल को लेकर शासन में माथापच्ची शुरू हो गयी। स्थानीय नेता अवधेश पाठक ने तीन दिन पूर्व सदर विधायक से संपर्क साधा और आशाओं की हड़ताल को लेकर बात की। जिसके बाद सदर विधायक ने राज्य सरकार के जिम्मेदारों से बात की जिस पर बताया गया कि आशा कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देने व कुछ अन्य मांगो पर सहमति बनी है। जल्द ही बात की जाएगी। उक्त प्रकरण को लेकर रविवार को अवधेश पाठक और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता मालवीय आवास गृह पहुंचे। आशा से ज्ञापन लेने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार ने उन्हें कर्मचारी का दर्जा देने की बात कही है। इसके लिए आशाओं का एक पांच सदस्यीय दल सोमवार को लखनऊ पहुंचेगा और 14 सूत्रीय मांग पत्र दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के साथ संवाद कर मांगों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

# सकारात्मक सोच ही जीवन को उन्नति की दिखाती है राह

**बिल्सी, अमृत विचार :** क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर पर रविवार की सुबह आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग हुआ। पंडित प्रश्रय आर्य जय ने यज्ञ संपन्न कराया।

श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की। सत्संग में आचार्य संजीव रूप ने अथर्ववेद के मंत्रों की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने विचारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही उसका व्यक्तित्व बनता है। अच्छा सोचने से भले ही परिणाम मिलने में समय लगे, लेकिन भविष्य अवश्य सुखद और सफल होता है और आगे बढ़ने के लिए तरक्की करता है। राकेश आर्य, पंजाब सिंह, संतोष कुमारी, धनवती देवी, सरोज देवी सहित आर्य संस्कारशाला के बच्चे उपस्थित रहे।

# कांशीराम आवासों से 50 परिवार बेदखल

## नगर पालिका और प्रशासन ने तीन घंटे की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल जनपद के चंदौसी में कांशीराम आवासीय कॉलोनी में 10 से 15 वर्षों से अवैध रूप से रह रहे करीब 50 परिवारों से रविवार को प्रशासन ने आवास खाली करा दिए। नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस और आरआरएफ जवानों की मौजूदगी में सख्ती के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। जिन परिवारों से आवास खाली कराए गए हैं, उनमें अधिकांश मुस्लिम समुदाय के बताए जा रहे हैं।

बसपा शासनकाल में बनी कांशीराम आवासीय कॉलोनी में कुल 108 मकान बने हैं, लेकिन अब तक इनका विधिवत आवंटन नहीं हो सका था। इसी बीच एक के बाद एक लोगों ने 50 से अधिक मकानों पर अवैध कब्जा कर लिया था। ये लोग वर्षों से यहां रह रहे थे। कॉलोनी में अवैध और

- **अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस के साथ आरआरएफ भी तैनात रही**

आपत्तिजनक गतिविधियों की शिकायतें लगातार पुलिस और प्रशासन को मिल रही थीं। इसके बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर आवास खाली कराने की कार्रवाई की गई। रविवार दोपहर करीब दो बजे नगर पालिका चंदौसी के अधिशासी अधिकारी राम धर्मराज सिंह एवं नायब तहसीलदार भारी पुलिस बल के साथ लक्ष्मणगंज स्थित कांशीराम आवासीय कॉलोनी पहुंचे। किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आरआरएफ को भी तैनात किया गया। करीब तीन घंटे चली कार्रवाई में लगभग 50 मकानों को पूरी तरह खाली कराकर नगर पालिका ने अपने ताले लगा दिए। कार्रवाई के दौरान प्रशासन को काफी विरोध का सामना करना पड़ा। जैसे ही मकान खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हुई, पुरुष मौके से गायब हो गए, जबकि महिलाएं रोती-बिलखती नजर आईं। कई महिलाओं ने मकान खाली करने के लिए दो-तीन दिन का समय मांगा, लेकिन अधिकारियों ने समय देने से इनकार करते हुए कार्रवाई जारी रखी। अधिकारियों का कहना था कि पूर्व में लोगों को मकान खाली करने के लिए समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने आवास नहीं छोड़े। अधिशासी अधिकारी राम धर्मराज सिंह ने बताया कि कॉलोनी में बने आवासों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग अवैध रूप से यहां रह रहे हैं। इसी के मद्देनजर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि करीब 50 से 60 परिवार यहां रह रहे थे। अवांछित गतिविधियों की शिकायतों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

# निःशुल्क शिविर में दर्जनों ग्रामीणों के स्वास्थ्य का किया परीक्षण



अतिथि का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव चन्दोई में जनता समाज सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसे ग्राम प्रधान ने फीता काटकर शुरू कराया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोगों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र परीक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गईं। मरीजों को आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। जनता समाज सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आदिल नवाज, कोषाध्यक्ष कनक आर्य, जिला अध्यक्ष अंशुल, जिला सचिव डॉ. हुमा, कोषाध्यक्ष मो. गुलफराज, अंकित, हरवीर सिंह, डॉ. मशकूर, डॉ. शारिक, विशाल आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज में हुई फेयरवेल पार्टी

संवाददाता, बिसौली




विदाई समारोह में मौजूद शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** त्रिवेणी इंटर कॉलेज भटपुरा में जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों को भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इंटर की छात्राओं को जूनियर छात्राओं ने स्मृति चिन्ह एवं पार्टी देकर विदाई दी। विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान सिंह पाल ने कहा कि जूनियर कक्षाओं के द्वारा सीनियर छात्राओं को जो सम्मान दिया जा रहा है यह मात्र सम्मान ही नहीं बहुत बड़ा यादगार पल है। प्रधानाचार्य आरती गुप्ता ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंको से पास होने की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर रामकुमार मैथिल, उमेश चंद पाल, मुनीष शर्मा, कंचन धनगर, राधा शर्मा, सोनम चंद्रा, पूनम चंद्रा, साक्षी शर्मा, गुंजन रस्तोगी, अर्पणा शर्मा, नेहा पाल इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# खेत में भरा पानी, शिकायत करने पर भी नहीं हुआ निस्तारण, लोग परेशान

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** मोहल्ला एक प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर के पास खेतों में लंबे समय से जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण करीब 150 बीघा कृषि भूमि प्रभावित हो गई है। खेतों में पानी भरा रहने से किसान खेती करने में असमर्थ हैं। जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर रविवार को किसानों ने प्रदर्शन कर समस्या के निस्तारण की मांग की।

किसानों ने बताया कि जलभराव की समस्या को लेकर वह कई बार नगर पालिका परिषद प्रशासन को अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात के बाद हालात और भी खराब हो जाते हैं। खेतों में पानी भरा रहता है। जिससे फसल बोना तो दूर, खेत में जाना तक मुश्किल हो जाता है। फसल न होने से किसानों की आमदनी पूरी तरह ठप हो गई है। परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और दैनिक जरूरतें पूरी करना कठिन होता जा रहा है। कई किसानों ने कर्ज बढ़ने की भी बात कही। वहीं, खेतों में भरे दूषित पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। जिससे डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। किसान चेतन यादव, श्योराज सिंह, रामवीर सिंह, सोबरन सिंह पाली, सुरेश बाबू, वीरेश कुमार, पान सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी जल निकासी व्यवस्था कराने की मांग की है।



जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

- **रविवार को किसानों ने प्रदर्शन कर की समस्या से निजात दिलाने की मांग**

# हिस्ट्रीशीटर गुलाटी पर ठगी की चार और रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** महाठग कन्हैया गुलाटी की हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद भी मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अब चार अलग-अलग पीड़ितों ने 65.50 लाख की ठगी के चार मुकदमे दर्ज कराए हैं। पीड़ितों का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर कन्हैया गुलाटी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ चार अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। इससे पहले भी कई थानों में मुकदमे दर्ज किए गए है।

- **पुलिस ने 65.50 लाख की ठगी में नहीं की कार्रवाई तो पीड़ितों ने कोर्ट का लिया सहारा**


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 747 / 453सी0(ई0टेण्डर)–3 / 25 — दिनांकः 27.01.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1–महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई–निविदा दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 17.02.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी + जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 मे जनपद बरेली मे आंवला बिसौली मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,बरेली | 238.03 | 13.90 | 3 माह | 2725.00 | ए मार्ग कार्य) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025–26 मे जनपद बरेली मे देवचरा बल्लिया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,बरेली | 219.72 | 12.99 | 3 माह | 2725.00 | ए मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 245423 दिनांक: 06/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बदायूँ–पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0 बरेली

पत्रांक:764 / 7निविदा (पी0डी0)(ई0टेण्डर)–08 / 25–26 — दिनांकः 31.01.2026

अल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ–पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्रान्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 17.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं ई–निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (Road Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जनपद बदायूँ में दातागंज विधानसभा के अर्न्तगत दातागंज उसैहत मार्ग के किमी0 7 से 18 मे नवीनीकरण का कार्य | 358.00 | 20.00 | 2714.00 | 5 माह | A |
| 2. | जनपद बदायूँ में दातागंज विधानसभा के अर्न्तगत खेडा जलालपुर पुख्ता मार्ग से कदम नगला दल नगला बल्ले नगला रैसी नगला मार्ग के किमी0 1, 2, 3 व 4(200) मे नवीनीकरण का कार्य | 36.00 | 4.00 | 2714.00 | 2 माह | A,B&C |
| 3. | जनपद बदायूँ में दातागंज विधानसभा के अर्न्तगत अकबरपुर से नगासी मार्ग के किमी0 2, 3 व 4 मे नवीनीकरण का कार्य | 35.00 | 4.00 | 2714.00 | 2 माह | A,B&C |
| 4. | जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अर्न्तगत उझानी पटपरागंज भूडा भदरौल कुढाशाहपुर ककोडा मार्ग के किमी0 12 से 21(600) मे नवीनीकरण का कार्य | 290.00 | 16.50 | 2714.00 | 5 माह | A |
| 5. | जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अर्न्तगत उसैहत कादरचौक वाया गढिया हरदुआपटटी टिकरीततारपुर मार्ग के किमी0 6,17,19 व 20 मे नवीनीकरण का कार्य | 120.00 | 8.00 | 2714.00 | 5 माह | A & B |
| 6. | जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अर्न्तगत उझानी खिरियावाकरपुर ककोडा कादरचौक मार्ग के किमी0 1(850), 8 से 14, 15(900), 16, 17 एवं 18(600) मे नवीनीकरण का कार्य | 345.00 | 19.30 | 2714.00 | 5 माह | A |
| 7. | जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अर्न्तगत एम0एफ0 मार्ग के किमी 118 से जगत ब्लाक मुख्यालय तक मार्ग के किमी0 1, 2, 3 एवं 4(700) मे नवीनीकरण का कार्य | 110.00 | 7.50 | 2714.00 | 5 माह | A & B |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP - 245530 दिनांक: 06/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बदायूँ

(के0 के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ–पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0 बरेली



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 765 / 7निविदा(सी0डी0)(ई–टेण्डर)–08 / 2025–26 — दिनांक 31.01.26

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिषत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 17.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 (लाख में) | धरोहर धनराशि रू0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (Month) | ठेकेदार की पात्रता श्रेणी (Road Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | वर्ष 2026–27 में राज्य/प्रमुख/शहरी/अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्गों पर प्रस्तावित सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण | | | | | |
| 1. | बदायूँ बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग सं0–51) पर बी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 250.00 | 14.50 | 2714.00 | 04 | A |
| 2. | शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट मार्ग पर नवीनीकरण कार्य हेतु विभागीय हॉट मिक्स प्लाण्ट बिसौली पर ग्रिट एवं डस्ट की आपूर्ति का कार्य | 90.00 | 6.50 | 2714.00 | 02 | A & B |
| 3 | मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग पर नवीनीकरण कार्य हेतु विभागीय हॉट मिक्स प्लाण्ट बिसौली पर ग्रिट एवं डस्ट की आपूर्ति का कार्य | 53.55 | 4.70 | 2714.00 | 02 | A B & C |
| 4 | सहसवान नाधा इस्लामनगर मार्ग बी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 114.00 | 7.70 | 2714.00 | 03 | A & B |
| 5 | जरीफनगर समसपुर भूढ़ थानपुर नाधा मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 113.50 | 7.68 | 2714.00 | 03 | A & B |
| 6 | बदायूँ बिजनौर मार्ग से अल्लेहपुर मौजुद्दीननगर इस्लामनगर सैफुल्लागज गढ़ी बिचौला मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 134.10 | 8.72 | 2714.00 | 03 | A & B |
| 7 | सहसवान नाधा मार्ग के किमी 9 से 12 से सराय सॉवल उघैती मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 125.40 | 8.30 | 2714.00 | 03 | A & B |
| 8 | बिसौली सहसवान मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य पर बी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 205.60 | 12.30 | 2714.00 | 03 | A |
| 9 | सहसवान डकारापुख्ता टोडपुर करसरी मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 114.70 | 7.75 | 2714.00 | 03 | A & B |
| 10 | ब्यौली कुर्वी से मकरन्दपुर अंगथरा जुलहपुरा मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 52.65 | 4.65 | 2714.00 | 02 | A B & C |
| 11 | नूरपुर पिनौनी से विजयगढ़ी खानपुर अगरास मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 40.25 | 4.05 | 2714.00 | 02 | A B & C |
| 12 | हबीबपुर मुगर्रा मार्ग से नवाबपुरा सम्पर्क मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 33.60 | 3.36 | 2714.00 | 02 | A B & C |
| 13 | बिसौली आसफपुर से पिण्डारा होते हुए बंजरिया मार्ग का निर्माण पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 36.40 | 3.67 | 2714.00 | 02 | A B & C |
| 14 | नूरपुर पिनौनी से विजयगढ़ी खानपुर अगरास मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 40.25 | 4.05 | 2714.00 | 02 | A B & C |
| 15 | रसूलपुर कलॉं से गुरूकुल कोठरा सम्पर्क मार्ग पर पी0 सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 34.75 | 3.50 | 2714.00 | 02 | A B & C |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP - 245529 दिनांक: 06/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(देवपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ

(के0 के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ–पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 464 / ई–टेण्डर / 25–26 — दिनांक 31.01.2025

अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 19.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत (लाख रू0) कुल अनुमानित लागत | निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | वित्तीय वर्ष 2026–27 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य | | | | | | |
| 1 | जहानाबाद रिछा से खमरिया गोपा डांडी मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 16.92 | 1.69 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 2 | रिछा जहानाबाद मार्ग से दमखोदा बसंन्तनगर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 10.99 | 1.10 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 3 | भिटौरा बहेड़ी से नगरिया कला मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 23.27 | 2.33 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 4 | शाही पहाड़पुर से रहमतनगर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 10.04 | 1.00 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 5 | भिटौरा बहेड़ी के किमी0 25 से इस्लामपुर बालपुर तक मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 11.84 | 1.18 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 6 | इटौआ से अमृता मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 13.53 | 1.35 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 7 | शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग के किमी0 9 से ढकिया नहर की पटरी से सराय से पिपरा मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 20.62 | 2.06 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 8 | शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग के किमी0 9 से ढकिया नहर की पटरी मार्ग से ढकिया ठाकुरान मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 4.23 | 0.42 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 9 | बहेड़ी शीशगढ़ मार्ग से उनई खालसा मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.46 | 0.85 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 10 | देवरनिया रेस्ट हाउस | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 3.89 | 0.39 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 11 | अभयपुर रिठौरा से मुल्लापुर गोपालपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 6.34 | 0.63 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 12 | पुरनपुर से खतौला गनपतराय मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.46 | 0.85 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 13 | घाटमपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 7.40 | 0.74 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 14 | बहेड़ी वाहपुर नदेली से मितापुर जागीर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 6.34 | 0.63 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 15 | रिठौरा भण्डसर से खाईखेड़ा मार्ग के कि0मी0 10 से कितकापुर उर्फ कुतुबपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 15.87 | 1.59 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 16 | मगरासा भौवा बाजार क्योलड़िया मार्ग से सतवन पट्टी सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 9.30 | 0.93 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 17 | नवादा ब्रहमनान से ज्योति जागीर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 16.92 | 1.69 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 18 | सुन्नौर पुल से सुन्दरी सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 12.69 | 1.27 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 19 | मगरासा लिंक मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 1.27 | 0.13 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 20 | बरेली बागेश्वर मार्ग के किमी0 22 से अटापटटी सुमाली मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.11 | 0.21 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 21 | कुंआ टांडा से खजुआजागीर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.46 | 0.85 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 22 | इटौआ मजार से ग्राम डंडिया मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 29.08 | 2.91 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 23 | पीलीभीत बरेली मार्ग से बुखारापुरा मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 16.08 | 1.61 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 24 | रा0मार्ग 74 – सनेकपुर मार्ग कि0मी0 5 से नौआनगला सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.54 | 0.25 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 25 | वीरपुर भदपुरा नकटी नारायणपुर मार्ग से पुरैनिया मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 3.38 | 0.34 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 26 | हाफिजगंज बाईपास से हरहरपुर मटकली संतोषपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 17.75 | 1.78 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 27 | मुबारकपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 10.57 | 1.06 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 28 | बरेली पीलीभीत मार्ग से श्यामपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 13.53 | 1.35 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 29 | एन0एच0–74 – औंरगाबाद से मुड़िया भीकमपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.37 | 0.24 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 30 | शाही स्टेशन से लाभाखेड़ा बद्री प्रसाद सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 18.62 | 1.86 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 31 | बरेली–पीलीभीत मार्ग के किमी–50 से मुड़िया तेली से तुमगड़िया सम्पर्क | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 24.32 | 2.43 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 32 | नबाबगंज दलेलनगर मार्ग से अलीनगर होते हुए अभयराजपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 26.48 | 2.65 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 33 | फरीदपुर ब्रान्च कैनाल मार्ग से सदरपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 5.92 | 0.59 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 34 | बरेली बीसलपुर मार्ग से पुरनापुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 13.53 | 1.35 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 35 | बरेली बाईपास से नवादा शेखान मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.46 | 0.85 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 36 | पालपुर कमालपुर सम्पर्क मार्ग कि0मी0 2 से शिवनगर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 0.85 | 0.09 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 37 | डोहरा लालपुर केसरपुर मार्ग से चन्द्रपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 6.52 | 0.65 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 38 | वीरपुर भदपुरा नकटी नारायनपुर मार्ग कि0मी0 4 से सिठौरा सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 4.65 | 0.47 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 39 | नबाबगंज क्योलड़िया मार्ग पर स्थित ऐंठपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 3.38 | 0.34 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 40 | बरखन क्योलड़िया मार्ग से बबूरा बबूरी मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 0.85 | 0.09 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 41 | ग्राम मेहतरपुर रोड से ग्राम काशी तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 4.65 | 0.47 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 42 | केसरपुर से गौटिया सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.28 | 0.23 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 43 | एन0एच0 24 से टहाताजपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.28 | 0.23 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 44 | ग्राम नवदिया ममरेज से ग्राम सहुआ तक | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 12.69 | 1.27 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 45 | ग्राम सिसैईया में डालचन्द्र के मकान से नहर की पुलिया तक सड़क निर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 5.92 | 0.59 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 46 | केसरपुर सिंघाई मार्ग से केसरपुर रहपुरा सम्पर्क मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 4.23 | 0.42 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 47 | उगनपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 3.81 | 0.38 | 767.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 48 | बरखन खमरिया से खतौआ मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 0.93 | 0.09 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 49 | ग्राम बबूरी में नहर से गांव तक शेष भाग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.11 | 0.21 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 50 | बुखारा फरीदपुर मार्ग (कि.मी. 7) से हरदुआ सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 10.15 | 1.02 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 51 | केसरपुर सिसईया मार्ग से लहिया होते हुए नवादा ब्रहमानन्द मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.46 | 0.85 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 52 | बरेली बीसलपुर मार्ग से गूंगा होते हुए भगनापुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.46 | 0.85 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 53 | दलेलनगर क्योलड़िया मार्ग किमी0 04 से अल्हापुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.60 | 0.86 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 54 | गैनी सूदनपुर मार्ग किमी0 04 से गुजराई मुस्तकिल सम्पर्क मार्ग (नावार्ड–16) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 9.47 | 0.95 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 55 | कैनाल ब्रान्च मार्ग से उगनपुर मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 6.77 | 0.68 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 56 | बरेली बीसलपुर रामनगर मार्ग से डोहरिया मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 2.11 | 0.21 | 679.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 57 | प्रतीतपुर सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 9.20 | 0.92 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 58 | नवदिया इलाका सिंघाई सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 8.29 | 0.83 | 856.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 59 | अटंगा से कुंवरपुर करीमजान सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 20.52 | 2.05 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |
| 60 | नबाबगंज दलेलनगर मार्ग से चैना मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 16.08 | 1.61 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

UP - 245422 दिनांक: 06/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली

# फिल्म में दिखेगा 1978 के संभल दंगे का मुरारीलाल फड़ नरसंहार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल के 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर आधारित 'कल्कि संभल' फिल्म का दूसरा पोस्टर जारी हो गया। फिल्म में 1978 में मुरारी लाल की फड़ कांड को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। यह वही घटना है, जिसमें संभल के बड़े व्यापारी बनवारी लाल गोयल उर्फ मुरारीलाल समेत हिंदू समुदाय के कई लोगों को जिंदा जलाकर मार दिया गया था।

उदयपुर फाइल्स बना चुके अमित जानी ही कल्कि संभल फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले जारी पहले पोस्टर में 'अब्बाजान' और 'भाईजान' जैसे किरदारों के जरिए दंगों में डॉ. शफीकुर्रहमान और 24 नवंबर 2024 की हिंसा में उनके सांसद पौत्र जियाउर्रहमान बर्क की भूमिका को पर्दे पर लाने के संकेत दिए गए थे। अब दूसरे पोस्टर के जरिए 1978 के दंगों की सबसे भयावह घटना मुरारीलाल फड़ कांड को केंद्र में रखा गया है। बनवारी लाल गोयल संभल के मोहल्ला ठेर बाजार गंज के निवासी थे। उनकी मुरारीलाल एंड संस नामक फर्म थाना नखासा क्षेत्र में थी। 1978 के दंगों के दौरान जब शहर में भगदड़ मच गई थी, तब ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई हिंदू अपनी जान बचाने के लिए मुरारीलाल की फड़ में शरण लेने पहुंचे थे। दंगाइयों ने फड़ के अंदर डीजल और पेट्रोल डाल और जलते टायर फेंककर आग लगा दी। इस आग में बनवारी लाल गोयल सहित कई लोग जिंदा जल गए। यह घटना उस समय पूरे देश को झकझोर देने वाली थी।

- 'कल्कि संभल' फिल्म का दूसरा पोस्टर जारी

**रजनीश दुग्गल निभायेंगे लाला बनवारी लाल का किरदार**

फिल्म में लाला बनवारी लाल गोयल का किरदार अभिनेता रजनीश दुग्गल निभा रहे हैं। निर्माता अमित जानी का कहना है कि फिल्म का दूसरा पोस्टर 1978 के दंगों के उस सच को सामने लाने का प्रयास है, जिसे लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। उनके अनुसार, उस समय उकसाई गई भीड़ द्वारा बनवारी लाल गोयल समेत कई अन्य को बेरहमी से जिंदा जलाया गया था और इसी सच्चाई को फिल्म के माध्यम से लोगों के सामने लाया जाएगा।



कल्कि संभल फिल्म का दूसरा पोस्टर।

## विमको में बनेगी स्किल यूनिवर्सिटी व इंडस्ट्रियल पार्क

**बरेली, अमृत विचार :** देश में माचिस बनाने की सबसे पुरानी फैक्ट्रियों में गिनी जाने वाली विमको ( वेस्टर्न इंडियन मैच फैक्ट्री ) की जमीन पर एसआरएमएस समूह सीबीगंज स्थित विमको फैक्ट्री परिसर में आठ फैकल्टी के साथ स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना करेगा। साथ ही इस परिसर में 150 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल और मेडिकल ट्रामा सेंटर भी बनाया जाएगा। यह घोषणा रविवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत विशेषरपुर वि.ख. भदपुरा जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत विशेषरपुर को आवंटित उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणानुसार कार्यो के शासकीय विभाग से पंजीकृत उच्च कोटि की सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से उच्च कोटि की ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, रेता, सरिया व अन्य आवश्यक सामग्रियां निर्माण कार्य से प्रस्तुत होती है के लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 09.02.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 14.02.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक समय 4:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के सामने खोली जायेगी। कोई निविदा प्राप्त न होने पर कुटेशन प्राप्त कार्य कराने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। मनरेगा के कार्यो का विवरण :

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन खरंजा से हुकुम सिंह के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | 44 मीटर | 250049/– |

ग्राम प्रधान–नत्थो देवी    सचिव–संगीता देवी



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**

**निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूँ।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

No. : 193 / Nivida(E-T.)/ 2025-26    Date : 31.01.2026

1. महामहिम राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लोनिवि बदायूँ द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार क्षतिग्रस्त सड़को की सतह सुधार एवं यातायात सुगम किये जाने हेतु अल्पकालीन ऑनलाइन ई–निविदा दिनांकः 10.02.2026 से 17.02.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं:–
2. वित्तीय वर्ष 2026–27 में नवीनीकरण योजनान्तर्गत–

| Sr. No. | District | Name of work | Cost of Construction Work (in Rs.lac) | Bid Security (in Rs.lac) | Cost of Bid Document (Rs.) | Time of completion | Eligible category of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Budaun | अधिशासी अभियन्ता पहुँच मार्ग प्रान्तीय खण्ड के किमी0 1(054), अधिशासी अभियन्ता पहुँच मार्ग निर्माण खण्ड मार्ग के किमी0 1(021), निरीक्षण भवन बदायूँ पार्ट नं0–1 स्टोर साईट मार्ग के किमी0 1(068), निरीक्षण भवन बदायूँ सूट नं0–3 मार्ग के किमी0 1(178) एवं निरीक्षण भवन मुख्य मार्ग के किमी0 1(172) में बी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.90 | 1.09 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 2 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग के किमी0 97 से भगवतीपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(350) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.90 | 0.39 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 3 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग से रजलामई सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3(550) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 22.00 | 2.20 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 4 | Budaun | गुरूपुरी बरातेगदार मार्ग से सनाय सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3(150) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 18.90 | 1.89 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 5 | Budaun | बजीरगंज गोठा मार्ग के किमी0 1,2,3,4(250) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 28.60 | 2.86 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 6 | Budaun | फकीराबाद जिनौरा मार्ग से ओया मार्ग के किमी0 1(900) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.00 | 0.80 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 7 | Budaun | जिनौरा से सिंधौरा मार्ग के किमी0 1(700) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.70 | 0.77 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 8 | Budaun | सिलहरी से गुरूपुरी विनायक मार्ग का अवशेष भाग के किमी0 1(460) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.10 | 0.41 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 9 | Budaun | अब्दुल्लागंज से सिरसौली मार्ग के किमी0 1,2(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.20 | 1.32 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 10 | Budaun | बरामालदेव से अब्दुल्लागंज मार्ग के किमी0 1,2(200) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.60 | 1.06 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 11 | Budaun | रिसौली से भिलौलिया मार्ग के किमी0 1,2,3(250) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 24.80 | 2.48 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 12 | Budaun | बदायूँ बिजनौर मार्ग से सिद्धपुर मार्ग के किमी0 1,2(750) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.30 | 1.93 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 13 | Budaun | बी0एम0 मार्ग से अब्दुल्लागंज मार्ग के किमी0 1,2(400) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.40 | 1.24 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 14 | Budaun | निजामपुर रिसौली से अकौली मार्ग के किमी0 1,2(750) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.40 | 1.54 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 15 | Budaun | बिल्सी सिरसौल से वैन मार्ग के किमी0 1,2(180) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.40 | 1.04 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 16 | Budaun | बदायूँ बिजनौर मार्ग से रायपुर मजरा मार्ग के किमी0 1(750),2,3 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 24.20 | 2.42 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 17 | Budaun | बदायूँ बिजनौर मार्ग से रोशन नगर मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 18 | Budaun | मालमपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3(400) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.40 | 2.64 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 19 | Budaun | बनकोटा गरूईया मार्ग से निनवा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(980) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.80 | 1.08 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 20 | Budaun | बिल्सी बजीरगंज मार्ग से सहसपुर मार्ग के किमी0 3 से वर्नीघाट सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.00 | 1.10 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 21 | Budaun | बिल्सी बजीरगंज मार्ग से सिमर्रा भोजपुर मन्दिर से बमेड़ मार्ग के किमी0 1,2(330) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.70 | 1.17 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 22 | Budaun | बिल्सी बजीरगंज मार्ग से सिमर्रा भोजपुर मार्ग के किमी0 1(560) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.00 | 0.50 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 23 | Budaun | बिल्सी बजीरगंज मार्ग से कोठरा रसूला मार्ग के किमी0 1,2(700) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 24 | Budaun | बी0के0के0 मार्ग से सदरपुर मार्ग के किमी0 1,2,3 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.40 | 2.64 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 25 | Budaun | नगला सहसपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(330) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.70 | 0.37 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 26 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग के किमी0 83 से बजीरगंज सतेती मार्ग के किमी0 7 से नगला कल्यान सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.50 | 0.55 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 27 | Budaun | सतेती पट्टी गजा से दीननगर शेखपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(910) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 21.00 | 2.10 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 28 | Budaun | दीननगर शेखपुर से मझारा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 29 | Budaun | भतरी गोवर्धनपुर मार्ग से करकटपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.70 | 0.27 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 30 | Budaun | बेहटाजवी से शहबाजपुर मार्ग के किमी0 1,2,3(050) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 22.60 | 2.26 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 31 | Budaun | बाबट मार्ग से कासिमपुर मार्ग के किमी0 1(250) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.20 | 0.22 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 32 | Budaun | बी0एम0 मार्ग के किमी0 95 से मिधौनिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 33 | Budaun | बी0के0के0 मार्ग से सिकन्द्रबाद से महजूदा गूजर मार्ग के किमी0 1,2(570) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 17.30 | 1.73 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 34 | Budaun | अठगुना से कुआडांडा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(440) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.90 | 1.59 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 35 | Budaun | आवॅला बदायूँ मार्ग से बनेई सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 36 | Budaun | आवॅला बदायूँ मार्ग के किमी0 10 से असिस बरखैन मार्ग के किमी0 7 से नरऊपसा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(800) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.80 | 1.98 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 37 | Budaun | आवॅला बदायूँ मार्ग के किमी0 18 से लाही फरीदपुर मार्ग से इनायतगंज सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.30 | 0.33 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 38 | Budaun | आवॅला बदायूँ मार्ग के किमी0 19 से बाबट गौटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.30 | 0.33 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 39 | Budaun | आवॅला बदायूँ मार्ग से इमलिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 2(450),3(550) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 40 | Budaun | बदायूँ दातागंज मार्ग से अहोरामई कथरा फतेहपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 41 | Budaun | बिनावर बिलहत मूसाझाग मार्ग के किमी0 7 से कान्हा नगला सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(350) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.10 | 0.31 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 42 | Budaun | बदायूँ आवॅला मार्ग के किमी0 9 से सिगोई सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.40 | 0.44 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 43 | Budaun | बदायूँ बिजनौर मार्ग से बर्नी ढकपुरा मार्ग से पालपुर मार्ग के किमी0 1,2(350) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.90 | 1.19 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 44 | Budaun | चन्दौरा से मोहम्मदी मार्ग पर स्थित अरिल नदी पर मुख्य सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के किमी0 1(130), 1(670),1(200),2(400) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 17.10 | 1.71 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 45 | Budaun | अहमद नगर असौली मार्ग से मुडिया नन्दा मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.70 | 0.27 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 46 | Budaun | अहमद नगर असौली मार्ग से रमपुरा आन्नद सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(790) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.70 | 0.87 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 47 | Budaun | अहमद नगर असौली से अफजलपुर छगनपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 16.50 | 1.65 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 48 | Budaun | दातागंज से लखनपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(050) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.60 | 1.16 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 49 | Budaun | नबदिया से सिताब नगर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(200) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.20 | 1.32 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 50 | Budaun | बदायूँ दातागंज मार्ग से थलिया नगला मार्ग के किमी0 1,2(350) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.90 | 1.19 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 51 | Budaun | बी0एम0 मार्ग से घौंसपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3,4(150) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 27.70 | 2.77 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 52 | Budaun | नदौलिया से अचन्तपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(800) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.10 | 0.71 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 53 | Budaun | पी0बी0एम0बी0 मार्ग से नरखेड़ा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.20 | 1.32 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 54 | Budaun | चक्कर वाली सड़क से गौटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 16.50 | 1.65 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 55 | Budaun | पी0बी0एम0बी0 मार्ग से ढकिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(530) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.70 | 0.47 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 56 | Budaun | टिसंगा से मुल्लापुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(900) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 9.90 | 0.99 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 57 | Budaun | बी0एम0 मार्ग से सादुल्लापुर भिटारा मार्ग के किमी0 1,2,3 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.40 | 2.64 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 58 | Budaun | बी0एम0 मार्ग के किमी0 79 से पुठी सराय मोहम्मदी से बहोरपुरा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 25.30 | 2.53 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 59 | Budaun | बी0एम0 मार्ग से सिकरौड़ी सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(800) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.90 | 1.59 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 60 | Budaun | तिलकपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.70 | 0.27 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 61 | Budaun | बजीरगंज उसैता मार्ग से रामडांडी सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(240) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.20 | 0.22 | 678.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 62 | Budaun | बी0के0के0 मार्ग से नेथुआ मार्ग के किमी0 1,2(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 14.30 | 1.43 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 63 | Budaun | लहरा अब्दुल्ला सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(390) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.30 | 1.23 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 64 | Budaun | गौटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(100) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 9.70 | 0.97 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 65 | Budaun | मिर्जापुर से अनगुईया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(950) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 17.20 | 1.72 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 66 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग के किमी0 87 से मेहरा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.40 | 0.44 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 67 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग से केदार नगर मार्ग के किमी0 1(700),2(450) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.20 | 1.02 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 68 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग के किमी0 84 से केदार नगर मार्ग के किमी0 2 से निमढौली सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3(050) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 18.10 | 1.81 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 69 | Budaun | एम0एफ0 मार्ग के किमी0 90 से अलीनगर मार्ग के किमी0 1(400) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.40 | 0.44 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 70 | Budaun | कुवॅरगांव से कसेर पनौटा सम्पर्क मार्ग के किमी0 2(900),3,4(650) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 22.50 | 2.25 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 71 | Budaun | मोहल्ला सोता चौकी से मीरा जी चौकी मार्ग के किमी0 1(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.40 | 0.44 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 72 | Budaun | आफिर्स कालोनी से नेकपुर मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.70 | 0.27 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 73 | Budaun | बदायूँ आवॅला मार्ग के किमी0 16 से बादल सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.40 | 0.44 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 74 | Budaun | बी0एम0 मार्ग के किमी0 93 से गौटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(550) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.10 | 0.61 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 75 | Budaun | बी0एम0 मार्ग के किमी0 95 से मिधौनिया मार्ग से नादे की गौटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(950) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 21.50 | 2.15 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 76 | Budaun | बी0एम0 मार्ग के किमी0 88 से ददमई फकीराबाद मार्ग के किमी 8 से लोचनपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 2(250) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.80 | 0.28 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 77 | Budaun | ददमई मार्ग के किमी0 3 से भैंसामई मार्ग के किमी0 1(650) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.80 | 0.58 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 78 | Budaun | मुराव गौटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.30 | 0.33 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 79 | Budaun | मुजरिया कछला से गदनपुरा मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 80 | Budaun | रियोनईया मार्ग से टिमरूआ देवसन नगला मार्ग के किमी0 1,2(250) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.00 | 1.10 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 81 | Budaun | उझानी सहसवान मार्ग से भवानीपुर मार्ग का अवशेष भाग के किमी0 1(260) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.30 | 0.23 | 767.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 82 | Budaun | मेरठ बदायूँ मार्ग से बहेड़िया मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 83 | Budaun | चिकटिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(500) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.20 | 1.32 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 84 | Budaun | कछला सहसवान मार्ग से जिनौरा मार्ग के किमी0 1,2(550) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.70 | 1.37 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 85 | Budaun | बदायूँ बिजनौर मार्ग से फतेह नगला मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.80 | 0.88 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 86 | Budaun | मौर्या नगला सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(650) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 8.40 | 0.84 | 856.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 87 | Budaun | बिल्सी बाईपास से दीननगर शेखपुर मार्ग के किमी0 1,2,3,4 (400) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 29.90 | 2.99 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 88 | Budaun | जाटव कल्यान मार्ग से गौसम नगर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3(710) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 29.80 | 2.98 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 89 | Budaun | ब्यौर तांगा अड्डा से नदौलियॉ वॉया सैमरमई मार्ग के किमी0 1,2,3,4(640) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 32.10 | 3.21 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |
| 90 | Budaun | बिल्सी सिरासौल से खैराती नगर मार्ग के किमी0 1(900),2,3,4(550) में पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 30.40 | 3.04 | 944.00 | 2 Month | A,B,C,D |

3- बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in. पर दिनांकः दिनांकः 10.02.2026 से 17.02.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है, निविदाये दिनांक 17.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 17.02.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

4- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**UP-245459 दिनांक 06.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(वन्दना सोनकर) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि., बदायूँ।**

न्यूज ब्रीफ

### गोशालाएं बनेंगी कैटल फूड सिक्योरिटी हब

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश की गोशालाओं को अब केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें कैटल फूड सिक्योरिटी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी सरकार की इस पहल के तहत प्रदेश की करीब 7500 गोशालाओं और आसपास के क्षेत्रों को हरा चारा उत्पादन के मजबूत केंद्र में बदला जाएगा। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार "मिशन फॉडर" के तहत हर गोशाला को 50 से 100 किसानों के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इससे चारा उत्पादन, आपूर्ति और विपणन की संगठित व्यवस्था बनेगी। किसान हरा चारा उगाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकेंगे, वहीं गोशालाओं को नियमित और पौष्टिक चारा उपलब्ध होगा।

### कांग्रेस रैली में केंद्र पर साधा निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नमामी गंगा योजना के नाम पर हजारों करोड़ खर्च कर दिए, फिर भी मां गंगा को पहले से ज्यादा प्रदूषित है। इस दौरान युवा शक्ति को आह्वान किया गया कि वह बांटो और राज करो वाली भाजपा की सत्ता को हटाने के लिए एकजुट हों। कांग्रेस द्वारा रविवार को बनारस में संविधान संवाद रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश का विकास थम गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा की हार तय है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जब भाजपा घबराती है तो हिन्दू-मुसलमान का राग अलापने लगती है। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सांसद उज्जवल रमण ने कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्याय के खिलाफ बोलने नहीं दिया जा रहा है। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि कांग्रेस गांव और मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ रही है।

### अफीम तस्करी में पति पत्नी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्तों के पास से 63 लाख रुपए की अफीम और हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से नशीले पदार्थों की तस्करी होने की जानकारी मिल रही थी। इसके लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को लगाया तो पति-पत्नी द्वारा तस्करी करने की जानकारी मिली। पुलिस ने लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित गऊघाट दौलतगंज से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त श्रवण कुमार निषाद और उसकी पत्नी मीना देवी निवासी गऊघाट दौलतगंज हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों के पास से 310 ग्राम हेरोइन और 135 ग्राम अफीम बरामद हुई। दोनों अभी हाल में ही जेल से जमानत पर छूटे हैं।

### छोटे शहरों में भी राही टूरिस्ट लॉज का निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) विभिन्न जिलों में राही टूरिस्ट लॉजों का निर्माण और पुराने लॉजों का नवीनीकरण करा रहा है। पर्यटन विभाग प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 11 नए राही टूरिस्ट लॉज और बंगलों का निर्माण करा रहा है, जिन्हें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इनमें मथुरा के गोकुल, आगरा के बटेश्वर, कासगंज के सोरों और सीतापुर के साथ प्रतापगढ़, औरैया, बदायूं और शामली जैसे छोटे शहर शामिल हैं।

# कमजोर आय और धीमे खर्च से कई विभागों की योजनाएं अटकीं

## फिर बड़ा बजट पेश करने को लेकर सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी, आधा भी खर्च नहीं हुआ बजट, मात्र 50 दिन शेष

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य की कमजोर आय और बजट के धीमे खर्च से कई विभागों की योजनाएं अटक गई हैं। वित्तीय सत्र समाप्त होने में 50 दिन शेष हैं, जबकि बजट आधा भी खर्च नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों और मुख्य सचिव समेत शासन की पूरी टीम को अपने-अपने विभाग का केंद्र से बचे धनावंटन समेत उपलब्ध धन को शत-प्रतिशत खर्च करन के सख्त निर्देश दिए हैं। ऐसे में 11 फरवरी को सदन में फिर बड़ा बजट पेश करने पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की जबरदस्त तैयारी की है।



आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पिछले साल 20 फरवरी को 808736 करोड़ का करोड़ के आम बजट के बाद मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र में दो बार अनुपूरक बजट के जरिए कुल 8,65,079.46 करोड़ रुपये के बजट सदन से पास कराया। लेकिन इसमें से अबतक केवल 4,70,835.97 करोड़ रुपये (करीब 54.42 प्रतिशत) ही विभागों को जारी किए गए। जारी राशि में से भी लगभग 4,28,495.95 करोड़ रुपये यानी करीब 91 प्रतिशत ही खर्च हो पाए हैं। यानी सरकार का बड़ा हिस्सा अब भी खजाने में ही पड़ा है, जबकि कई विभागों में योजनाएं धन के अभाव में धीमी बताई जा रही हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मौजूदा बजट ही पूरी तरह खर्च नहीं हो पा रहा, तो नए रिकॉर्ड आकार के बजट का क्या व्यावहारिक लाभ होगा।

सूत्रों के अनुसार, आगामी बजट का आकार पिछले साल से करीब पौने एक लाख करोड़ रुपये और बढ़ाने की तैयारी है। चुनावी साल के मद्देनजर इसमें कई लोकलुभावन घोषणाओं और नई योजनाओं की संभावना भी जताई जा रही है। इधर, बजट खर्च की धीमी गति को लेकर मुख्यमंत्री ने हाल में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सख्त रुख अपनाया था। विभागों के कम खर्च पर नाराजगी जताई, तो अफसरों ने कई योजनाओं में दिल्ली से केंद्रीय अंश का धनावंटन न होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने संबंधित मंत्रियों, मुख्य सचिव और विभाग के प्रमुखों को निर्देश दिए कि खुद दिल्ली जाकर पैरवी करें और 31 मार्च तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा कराएं। अब 50 दिन शेष बचे हैं, ऐसे में स्वीकृत बजट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करके जवाबदेही से बचना आसान नहीं है।

**बजट का लेखा जोखा (2025-26)**
- कुल स्वीकृत बजट: 8,65,079.46 करोड़ रुपये
- विभागों को जारी: 4,70,835.97 करोड़ रुपये (54.42%)
- जारी राशि में से खर्च: 4,28,495.95 करोड़ रुपये (91%)

**कम आवंटन वाले प्रमुख विभाग**
- नमामि गंगे: 39.11%
- परिवहन: 42.60%
- सिंचाई: 45%
- नगर विकास: 47.22%
- आवास: 52.33%
- ग्रामीण विकास: 59.58%
- पंचायतीराज: 59.71%

**बेहतर खर्च करने वाले विभाग**
- भत्ते व पेंशन: 100%
- पुलिस व होमगार्ड: 80–95%
- शिक्षा विभाग: 85% से अधिक खर्च

**लक्ष्य से पीछे आय**
- जनवरी तक कुल आय: 1,78,556.43 करोड़ रुपये
- आय का लक्ष्य: 2,40,980.67 करोड़ रुपये
- लक्ष्य के मुकाबले प्राप्ति: 74.1%

**जीएसटी व वैट में खास बढ़ोत्तरी नहीं**
- जनवरी 2026 जीएसटी: 7,161.95 करोड़
- जनवरी 2025 जीएसटी: 7,167.29 करोड़
- जनवरी 2026 वैट: 2,816.47 करोड़
- जनवरी 2025 वैट: 2,797.32 करोड़

# युवाओं-महिलाओं के नाम जोड़ने को विशेष अभियान

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर सीईओ ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18–20 आयु वर्ग के युवाओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण पर जोर
- 15 दिन का अभियान चलाने के नवदीप रिणवा ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत पात्र युवाओं और महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि नवविवाहित महिलाओं व किशोरियों के नाम जोड़ने को चलेगा 15 दिन का अभियान चलाएं।

वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपजिला निर्वाचन अधिकारी समेत विकास, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, माध्यमिक व उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और नगर विकास विभाग के अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। सीईओ ने निर्देश दिया कि 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए, जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके लिए माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग को विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। वहीं जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष होने वाली है, उनके लिए फार्म-6 एडवांस के रूप में भरवाया जा सकता है। उन्होंने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को शिक्षण संस्थानों में विशेष अभियान चलाकर पात्र छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप तथा बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से फार्म-6 भरवाने के निर्देश दिए।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा

बैठक में महिलाओं की घटती भागीदारी पर भी चिंता जताई गई। सीईओ ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 तक मतदाता सूची में प्रति हजार पुरुषों पर 877 महिलाओं का अनुपात था, जो 6 जनवरी 2026 को घटकर 824 रह गया। इसका प्रमुख कारण गणना प्रपत्र न भरने से बड़ी संख्या में महिलाओं के नाम सूची से छूटना बताया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि नवविवाहित महिलाओं और किशोरियों के नाम जोड़ने के लिए राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिला समूहों, आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कर्मियों और सुपरवाइजरों की मदद ली जाए। इनकी सहायता से पात्र महिलाओं से फार्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। सीईओ ने सभी विभागों को अगले 15 दिनों तक व्यापक अभियान चलाने, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने तथा फार्म-6 भरवाने वाले कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

**अभियान की मुख्य बातें**
- 18–20 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का विशेष पंजीकरण अभियान
- शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के जरिए जागरूकता
- नवविवाहित महिलाओं और किशोरियों पर विशेष फोकस
- आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी व महिला समूहों की मदद से नाम जोड़ने की पहल
- फार्म-6 ऑनलाइन, मोबाइल ऐप या बीएलओ के माध्यम से भरवाया जाएगा
- अगले 15 दिनों तक प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान



लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर भाजपा विधानमंडल के सचेतक दल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# मंत्री-विधायक तथ्यात्मक जवाब दें: योगी

## बजट सत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने सचेतक मंडल और एनडीए की बैठक में बनाई रणनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का विपक्ष के आरोपों का प्रभावी जवाब व विकास कार्यों को प्रमुखता से रखने पर जोर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बजट सत्र को लेकर भाजपा सचेतक मंडल और एनडीए की बैठक में रणनीति बनाई। मंत्रियों और विधायकों को समन्वय और तथ्यात्मक जवाब देने के निर्देश दिए। योगी ने कहा कि विपक्ष के आरोपों का प्रभावी जवाब देना है। साथ ही, विकास कार्यों को प्रमुखता से रखने पर सभी लोगों का फोकस रहना चाहिए।

सरकारी आवास पर रविवार को भाजपा विधानमंडल दल के सचेतक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी विधानसभा सत्र की रणनीति, विपक्ष के रुख से निपटने की तैयारी और सरकार के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सचेतकों, मंत्रियों और विधायकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विधानसभा सत्र के दौरान सरकार की ओर से दिए जाने वाले सभी जवाब तथ्यात्मक, संतुलित और प्रभावी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में उठने वाले हर प्रश्न का गंभीरता से अध्ययन किया जाए और पूरी तैयारी के साथ उत्तर प्रस्तुत किया जाए, ताकि सरकार की छवि मजबूत हो और विपक्ष के आरोपों का सटीक जवाब दिया जा सके।

इसके साथ ही लोकभवन में एनडीए विधायकों की अलग से आयोजित बैठक को भी मुख्यमंत्री ने संबोधित किया। इस बैठक में उन्होंने गठबंधन के सभी विधायकों से कहा कि वे सदन में एकजुटता के साथ सरकार की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता पक्ष के सभी सदस्य सदन में समन्वय के साथ अपनी बात रखें और विकास कार्यों की उपलब्धियों को प्रमुखता से सामने लाएं। उन्होंने सचेतकों से अपेक्षा की कि वे सदन की कार्यवाही के दौरान पार्टी अनुशासन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं और सदस्यों को समय पर दिशा-निर्देश देते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास, कानून व्यवस्था और जनकल्याण के मुद्दों पर पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और इन्हीं विषयों को सदन में प्रमुखता से रखा जाए। बैठक में आगामी सत्र को सुचारु, उत्पादक और सकारात्मक बनाने के लिए रणनीति पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और सरकार की उपलब्धियों को मजबूती से सदन में रखने का आह्वान किया।

### मंहगाई समेत भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाएगी सपा

- सरकार को घेरने के लिए सपा प्रमुख ने विधायकों को दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ:** सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक बढ़ती मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिलाओं की सुरक्षा और अन्य सवालों तथा मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे। इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विधायकों को निर्देश दिए हैं।

सपा प्रमुख ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में विधायकों के साथ बैठक में कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कोडीन कफ सिरप के मामले में बड़े पैमाने पर इनके लोग निकल रहे है। अपराधी जेल से भाग रहे हैं। जो भागे हैं, उनका सहयोग करने वाले बड़े-बड़े अधिकारी हैं। अपराधी इसलिए भगाये जा रहे हैं, क्योंकि सरकार के दिन अब बहुत कम बचे हैं। सब अपने-अपने स्थान सेट कर रहे हैं।



दिव्यांग खिलाड़ी वासु तिवारी को सम्मानित करते मंत्री नरेंद्र कश्यप। अमृत विचार

### स्पेशल ओलंपिक विजेता वासु सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्पेशल ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी वासु तिवारी को रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अपने लखनऊ स्थित आवास पर मंत्री कश्यप ने अयोध्या निवासी वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वासु तिवारी ने मार्च 2025 में इटली के ट्यूरिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक स्नोशूइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 25 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया।

# छह माह बाद भी नहीं मिला चयन वेतनमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्राथमिक विद्यालयों में अधिकारियों की लापरवाही से समय सीमा के 6 माह बीत जाने के बाद भी शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियमानुसार शिक्षकों की 10 वर्ष संतोषजनक सेवा पर चयन वेतनमान का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन लखनऊ समेत कई जिलों में ऑनलाइन चयन वेतनमान मॉड्यूल पर शिक्षकों के वेतन निर्धारण की प्रक्रिया में हो रही देरी पर शिक्षक आक्रोशित हैं।

कुछ जिलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा चयन वेतनमान संबंधी आदेश होने के बाद भी वित्त व लेखा अधिकारी स्तर पर कार्य न होने से शिक्षक बेबस है और आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

राजधानी लखनऊ सहित झांसी, एटा, सहारनपुर, रामपुर जौनपुर, हरदोई, अमरोहा, इटावा सहित कई जिलों में अधिकारियों की लापरवाही के चलते चयन वेतनमान नहीं लगे हैं। लखनऊ में तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी होने पर भी शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया। शिक्षकों की चिंता है चयन का एरियर बढ़ने से आगामी वित्तीय वर्ष इनकम टैक्स की छूट लिमिट 12 लाख 75 हजार क्रॉस हो जाएगी, जिससे उन्हें पूरा टैक्स देना होगा।

# गो-तस्कर गैंग का सरगना गिरफ्तार

## एसटीएफ ने चंदौली से दबोचा, 50 हजार का था इनाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी गो-तस्कर गैंग के सरगना को चंदौली से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने गो-तस्करी का नेटवर्क पूरे देश में फैला रखा है। उस पर विभिन्न जिलों में 14 मुकदमे कायम हैं। वह गिरफ्तारी के भय से दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद जिलों में जाकर छिप कर रह रहा था।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, प्रदेश के रामपुर जिले के थाना अजीम नगर के गांव नगलिया आकिल निवासी खलील पुत्र रफीक उर्फ रतिक कुख्यात गो-तस्कर गैंग का सरगना हैं। वह एक एक गैंग बनाकर यूपी, हरियाणा, पंजाब, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में गोवंश की तस्करी करता है। अभियुक्त के खिलाफ चंदौली, गाजियाबाद, शामली, कुशीनगर, हरदोई, रामपुर और उन्नाव जिलों के थानों में गो-तस्करी समेत अन्य अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं। वह पिछले कई सालों से फरार चल रहा था। अदालत ने अभियुक्त के मकान की कुर्की भी कर ली है। वह पुलिस से छिप कर बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता में रह रहा था।



अभियुक्त खलील

- यूपी, हरियाणा पंजाब, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल तक फैला नेटवर्क

एसटीएफ के एडीशनल एसपी लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने सुरागसी की तो पता चला कि अभियुक्त खलील चंदौली जिले में गैंग के सदस्यों से मिलने आया है। टीम ने रविवार को चंदौली स्थित दिल्ली-कोलकाता हाई-वे स्थित गांव दीग्घी के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सरकारी विभाग के उत्पीड़न से एसएचआरसी दिलाएगा न्याय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस के अलावा राजस्व, बिजली, श्रम समेत सभी विभागों के पीड़ित कर सकते हैं शिकायत: ब्रजभूषण

**अमृत विचार:** राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक ब्रजभूषण ने कहा कि आयोग बगैर एक रुपये खर्च कराए पीड़ितों को न्याय देता है। जागरूकता के अभाव में अधिकांश लोगों का मानना है कि आयोग केवल पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ ही शिकायत सुनता है, जबकि आयोग पुलिस के साथ ही राजस्व, विद्युत, श्रम, स्वास्थ्य समेत सभी विभागों द्वारा परेशान किए जा रहे लोगों को राहत दिलाने के कार्य करता है।

उन्होंने अमृत विचार को बताया कि राज्य मानवाधिकार आयोग (एसएचआरसी) एक संवैधानिक संस्था है। अगर सरकार के किसी भी विभाग में लोगों का जायज काम नहीं हो रहा है, उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है तो वह आयोग में बिना किसी हिचक के अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए पीड़ित को कोई भी धन खर्च करने की जरूरत नहीं हैं। पीड़ित व्यक्ति मेल, डाक, सादा कागज पर या फिर खुद आयोग में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी भी पैरोकार की जरूरत नहीं हैं। आयोग किसी भी पीड़ित को मुख्यालय बिना बुलाए ही न्याय दिलाता है। जरूरत पड़ने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक टीम मौके पर भेजी जाती है और गुण-दोष और साक्ष्यों के आधार पर त्वरित न्याय प्रदान किया जाता है। एसएचआरसी के सदस्य ने बताया कि पीड़ितों उनके आवास के पास ही न्याय मिल सके, इसके लिए मंडल मुख्यालयों पर जाकर भी आयोग सुनवाई करता है।

### केंद्रीय सहायता के लिए शाही ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में दलहन उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को केंद्र सरकार का मजबूत सहयोग मिला है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन के लिए 125 करोड़ रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए जाने के निर्णय का प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्वागत किया। उन्होंने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री के प्रति आभार जताया। प्रदेश के कृषि मंत्री ने रविवार को बताया कि उप्र. देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है।



मिशन 2027 | ब्राह्मण, क्षत्रिय, ओबीसी नेताओं के बाद बड़े मुस्लिम नेताओं को जोड़ने की रणनीति

# सर्वजन समीकरण साधने की कवायद में बसपा

पद्माकर पांडेय, लखनऊ

- 2007 की तरह सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के नारे पर बढ़ रही बसपा

**अमृत विचार:** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा ने अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी प्रमुख मायावती एक बार फिर 2007 के चुनाव में कारगर रहे "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के नारे के साथ मैदान में उतरने की रणनीति पर काम कर रही हैं। इस क्रम में कोर वोट बैंक के साथ सवर्ण और अन्य वर्गों को जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है।

मायावती ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चुनाव में अधिक समय शेष नहीं है, ऐसे में सभी जिम्मेदार नेता अपने-अपने जाति संवर्ग के मतदाताओं के बीच पहुंचें, बैठकें करें और बड़े स्तर पर रैलियों के जरिए पार्टी की विचारधारा को मजबूती से रखें।

बसपा नेतृत्व का मानना है कि यदि दलित-पिछड़े वर्ग के साथ ब्राह्मण, क्षत्रिय और अन्य वर्गों को साथ लाने में सफलता मिलती है तो 2027 में सत्ता की चाबी फिर बसपा के हाथ में आ सकती है। उक्त क्रम में ही पार्टी के अंदर संगठनात्मक जिम्मेदारियों में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को एक बार फिर ब्राह्मण मतदाताओं को साधने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का आकलन है कि मौजूदा सरकार की नीतियों से ब्राह्मण समाज में असंतोष है, जिसे बसपा अपने पक्ष में ला सकती है, इसकी कोशिश करनी चाहिए।



प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल को पिछड़ा वर्ग की सभी जातियों से संवाद स्थापित कर सपा के पीडीए फार्मूले को कमजोर करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं, पार्टी के एकमात्र विधायक उमा शंकर सिंह को क्षत्रिय समाज को पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुस्लिम मतदाताओं को लेकर बसपा ने फिलहाल पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन सोशल इंजीनियरिंग के तहत कई जिलों में मुस्लिम नेताओं को पार्टी से जोड़े जाने का सिलसिला जारी है। माना जा रहा है जल्द ही मुस्लिम मतदाताओं के लिए कोई बड़ा चेहरा पार्टी में उतारा जाएगा। हालांकि कांग्रेस का दामन छोड़ चुके पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी के अलावा अन्य तमाम मुस्लिम नेताओं का स्पष्ट रूख बसपा की ओर फिलहाल नहीं है।

अमृत विचार
सोमवार, 9 फरवरी 2026



अच्छे दोस्त, अच्छी किताबें और शांत अंतरात्मा : यही आदर्श जीवन है।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



# अवसर और आशंकाएं

अनिश्चितताओं से घिरी वैश्विक अर्थव्यवस्था जब आपूर्ति के नए संतुलन की तलाश में हो तब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति व्यापारिक तनाव में कमी निवेश, निर्यात और प्रौद्योगिकी सहयोग के नए द्वार खोलेगी, हालांकि इस अवसर के बावजूद जनता और नीति-निर्माताओं के यह प्रश्न बना हुआ है कि यह समझौता संतुलित है किंचित झुकाव लिए हुए? संयुक्त बयान के बाद साफ है कि यदि भारत अमेरिका से आयात तीन गुना तक बढ़ाता है, तो हमारा व्यापार अधिशेष घटेगा। इससे अमेरिकी निर्यातकों और ऊर्जा कंपनियों को तत्काल लाभ होगा, जबकि भारत को अपेक्षित लाभ तभी मिलेगा जब सेवाओं विशेषकर आईटी और फार्मा में बाज़ार पहुंच वास्तविक रूप से विस्तारित हो, जिस पर बात अभी स्पष्ट नहीं है।

अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ को 50% करने से पहले औसत टैरिफ लगभग 2-3% था, जो 2024 में भारतीय निर्यात पर लागू था, अमेरिका ने पहले शुल्क बढ़ाए और अब आंशिक रियायत देकर समझौता प्रस्तुत किया, बेशक यह 'पहले दबाव, फिर राहत' की रणनीति है, लेकिन अब इस पर बात बेमानी है। अच्छा है कि हमने अपने संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों पर कोई व्यापक छूट न देकर सावधानी दिखाई है। मक्का, गेहूं, दाल, चावल, सोया, पोल्ट्री, डेयरी और एथेनॉल जैसे क्षेत्रों पर टैरिफ़ संरक्षण जारी रहना, किसानों के लिए आश्वस्तकारी संकेत है। फिर भी अमेरिकी ताज़े फल, मेवे और पशु आहार सस्ते होकर भारतीय बाज़ार में आएंगे, तो घरेलू उत्पादकों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। यही कारण है कि किसान संगठन अमेरिकी कृषि उत्पादों पर टैरिफ़ में कटौती का विरोध कर रहे हैं। उन्हें आशंका है कि सस्ती आयातित उपज से एमएसपी और सार्वजनिक खरीद प्रणाली पर दबाव बढ़ेगा। कार्यकारी आदेश 14329 की धारा सात के तहत अमेरिका यह निगरानी करेगा कि भारत रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात न करे, अन्यथा 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क पुनः लागू किया जा सकता है। भारत ने अब तक स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि वह रूसी तेल खरीद पूरी तरह बंद करेगा। रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के तहत भारत बहु-स्रोत ऊर्जा आयात को प्राथमिकता देता रहा है। 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य उत्पादों की खरीद की सहमति तभी पूरी हो सकेगी, जब इसमें बोइंग विमान, हेलिकॉप्टर और संभावित परमाणु रिएक्टर जैसे बड़े सौदे शामिल होंगे। ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में बड़े आयात से सामरिक साझेदारी मजबूत होगी, परंतु घरेलू रक्षा उद्योग 'मेक इन इंडिया' पर उसका प्रभाव संतुलित करना अनिवार्य है।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन सुनिश्चित किए बिना यह निर्भरता बढ़ाएगा। आईटी और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वीज़ा, डेटा और डिजिटल क्षेत्र में भारत वास्तविक बढ़त रखता है। यहां व्यापार नियमों पर स्पष्टता आवश्यक है। कुल मिलाकर सरकार, विदेश और वाणिज्य मंत्रालय को विस्तृत श्वेत पत्र जारी कर प्रत्येक क्षेत्रीय प्रभाव स्पष्ट करना चाहिए; यदि संतुलन, स्पष्टता और रणनीतिक स्वायत्तता बनी रहती है, तो यह समझौता अवसर सिद्ध हो सकता है, अन्यथा आशंकाएं विमर्श पर हावी रहेंगी।

## प्रसंगवश

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी

शिक्षा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है यही कारण है कि प्राचीन काल से ही शिक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल में गुरुकुलों में शिक्षा दी जाती थी, इसीलिए 16 संस्कारों में एक संस्कार था विद्यारंभ, जिसका तात्पर्य है विद्या को प्रारंभ करना। कहने का मतलब है कि शिक्षा एक संस्कार है, लेकिन कालांतर में धीरे-धीरे सभी संस्कार समाज से लुप्त हो गए। अंग्रेजों के जमाने में जब शिक्षा का आधुनिकीकरण हुआ तो हमारी शिक्षा ज्ञान परक से हटकर परीक्षा परक हो गई। बारी-बारी से संस्कारों का ह्रास का युग प्रारंभ हो गया, लेकिन अगर देखा जाए तो शिक्षा और संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

शिक्षित व्यक्ति न केवल शिक्षित होता है बल्कि वह संस्कारवान भी होता था। उसमें सभी मानवीय गुण, जैसे- प्रेम, दया, सहानुभूति, करुणा इत्यादि से भी भरा रहता था। प्राचीन काल में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया था कि हर व्यक्ति संस्कार से युक्त शिक्षा ले, क्योंकि वे जानते थे कि बिना संस्कार के शिक्षा मनुष्य को पथभ्रष्ट कर सकती है, जिससे संपूर्ण मानव जाति का पतन हो सकता है। यही कारण है कि मानव का पहले संस्कार जब बच्चा गर्भ में आता था, तभी से प्रारंभ हो जाता था। इसका इतना महत्व रहता था, जो कि एक प्रकार की देखभाल था। यानी गर्भिणी का देखभाल हमारे संस्कार का एक प्रमुख अंग था, जो कि आजकल जच्चा-बच्चा की व्यवस्था से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के द्वारा संचालित किया जा रहा है।



रविंद्र त्रिपाठी
शिक्षक

पुंसवन संस्कार में संतान के सकुशल से रहने की कामना व्यक्त की जाती थी। सीमंतोन्नयन में अनिष्टकारी शक्तियों से गर्भस्थ शिशु की रक्षा की कामना की जाती थी, जिसका वर्तमान में जच्चा के टीकाकरण से तुलना की जा सकती है। जात कर्म बालक के जन्म से एवं नामकरण नाम रखने से निष्क्रमण संस्कार में बालक पहली बार घर से बाहर निकलता था। इसका महत्व स्वास्थ्य के नजरिये से था, क्योंकि बच्चों में सूखा रोग ज्यादातर धूप की कमी से हो जाता था।

इसी प्रकार अन्नप्राशन संस्कार, जो कि छह महीने के बाद होता था, इसका संबंध भोजन से था। यानी छह महीने बाद बच्चों को धीरे-धीरे भोजन की ओर उन्मुख करना था। आयुर्वेद चिकित्सा भी इसी को मान्यता देती है, क्योंकि जब तक बच्चे भोजन नहीं ग्रहण करते हैं, तब तक उनका वजन संतुलित नहीं होता है। चूड़ा कर्म संस्कार वर्तमान में मुंडन संस्कार से जुड़ा हुआ है। कर्ण वेधन कान में आभूषण पहनने के लिए था। विद्यारंभ संस्कार को प्रि नर्सरी से जोड़ा जा सकता है।

उपनयन संस्कार के बाद बालक को द्विज कहा जाता था, जिसका तात्पर्य है दूसरा जन्म उपनयन संस्कार मुख्य रूप से शिक्षा से संबंधित थी। इसमें बालक यज्ञोपवीत धारण करता था। इसी संस्कार में इसका विशेष परिष्कार किया जाता था, फिर वेदारंभ में उसे ज्ञान की शिक्षा दी जाती थी। वेद शब्द की उत्पत्ति विद् धातु से हुई है, जिसका अर्थ है ज्ञान। इसी गुरुकुल में रहते हुए उसकी पहली बार जब दाढ़ी मूछ बनवाई जाती थी, तो उसे केशांत कहा जाता था।

जब विद्यार्थी पढ लिखकर पूर्ण ज्ञानी होकर घर लौटता था, तो समावर्तन संस्कार गुरुओं द्वारा कराया जाता था। इसमें विद्यार्थी को स्नान कराया जाता था। इसके बाद विद्यार्थी को स्नातक कहा जाता था, जो वर्तमान में भी प्रचलित है। आज भी अधिकांश नौकरियों में स्नातक की योग्यता मांगी जाती है, जिसका मतलब है सरकार उसी व्यक्ति को महत्वपूर्ण पद दे रही है जो ज्ञानी हो। विवाह संस्कार में विद्यार्थी गृहस्थ जीवन में प्रवेश करता था, जहां उसके जीवन का समाजीकरण किया जाता था।

# जमात के रुख में बदलाव सुखद संदेश





नवीन गुप्ता
बरेली

बांग्लादेश में अगले सप्ताह मतदान होना है। इन सबके बीच एक अच्छी खबर यह है कि पाकिस्तान समर्थन में पूरी तरह से अंधे हो चुके जमात-ए-इस्लामी के नेता भी अब भारत से रिश्ते सुधारने की बात करने लगे हैं।

बांग्लादेश में अगले सप्ताह मतदान होना है। सत्ता पर काबिज होने के लिए जमात-ए-इस्लामी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी व अन्य पार्टियां सत्ता पर काबिज होने के लिए हर हथकंडे अपना रहीं हैं। इन सबके बीच एक अच्छी बात यह है कि पाकिस्तान समर्थन में पूरी तरह से अंधे हो चुके जमात-ए-इस्लामी के नेता भी अब भारत से रिश्ते सुधारने की बात करने लगे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सुर तो चुनाव की घोषणा से पहले ही बदल गए थे। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि जो भी सरकार बनेगी वह भारत से पूरी तरह बिगड़ चुके रिश्ते को सुधारेगी।

बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना की विदाई के बाद से ही भारत का अपने पड़ोसी से रिश्ता खराब होना शुरू हो गया था। बांग्लादेश की आजादी में भारत के योगदान को शेख हसीना ने सदैव याद रखा। यही वजह है कि उन्होंने कभी भी पाकिस्तान या चीन को वहां पांव पसारने का मौका नहीं दिया। यहां तक कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच व्यापार भी बहुत ही सीमित था। रही बात रक्षा संबंधों की तो यह नहीं ही था, लेकिन शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद मुख्य सलाहकार के पद पर काबिज हुए मोहम्मद यूनुस ने तो पूरी तरह से भारत के विरुद्ध मोर्चा ही खोल दिया। न सिर्फ बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सैन्य रिश्ते बहाल हो गए, बल्कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों ने तो वहां पांव भी जमाना शुरू कर दिया।

आईएसआई ने वहां के लोगों में भारत के विरुद्ध भावनाएं भड़काने के साथ ही भारत के चिकन नेक को देखने के लिए बांग्लादेश बार्डर का दौरा तक कर लिया। चीन के अफसर भी नजदीक से चिकन नेक को देख आए। पाकिस्तान की शह पर ही बांग्लादेश ने टी20 विश्वकप में भारत से खेलने से इंकार कर दिया और चीन को लड़ाकू ड्रोन बनाने के लिए औद्योगिक भूमि भी उपलब्ध करा दी। इन सबके बीच अब चुनाव के दौरान जो भारत के लिए सुकून वाली खबर आई है वह है जमात-ए-इस्लामी पार्टी के रुख में आया बदलाव।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी वैसे तो भारत की विरोधी रही है, लेकिन उसके रुख में बदलाव चुनाव से पहले ही आने शुरू हो गए थे, लेकिन जमात-ए-इस्लामी के रुख में बदलाव ने विशेषज्ञों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, क्योंकि आईएसआई के इशारे पर भारत के विरोध में काम करने वाले इस संगठन के नेताओं के सुर अचानक क्यों बदल गए यह समझ में नहीं आ रहा है, हालांकि कुछ विशेषज्ञ यह मानते हैं कि हिंदू मतदाताओं के वोट हासिल करने के लिए जमात-ए-इस्लामी के नेताओं ने रुख में बदलाव किया है।

जिस कारण भी जमात-ए-इस्लामी के रुख में बदलाव आया हो, पर उनके रुख में नरमी भारत के लिए सुखद संदेश है। जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने का इशारा किया है। शेख हसीना को शरण देने के लिए भी भारत को निशाना बनाने वालों में सबसे आगे जमात के नेता ही थे। उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर को लेकर पहले खूब भड़काऊ बयान दिए, लेकिन अब उनकी बयानबाजी में नरमी देखी जा रही है। शफीकुर रहमान और उनके सहयोगियों ने अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति अपनी छवि को बदलने की भी कोशिश की है।

हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्र में हिंदू उम्मीदवार खड़ा करके जमात ने इसका संदेश दे दिया। ऐसे में माना जा रहा है कि बांग्लादेश की सत्ता में यदि जमात आती है, तो वह भारत के प्रति रुख सकारात्मक रखेगी। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने स्वीकार किया है कि अंतरिम सरकार के दौरान ढाका और नई दिल्ली के रिश्ते सहज नहीं रहे हैं, हालांकि हुसैन ने उम्मीद जताई कि चुनी हुई सरकार इसका समाधान करेगी और संबंधों को सहज बनाएगी। विदेश मामलों के सलाहकार का बयान भी एक तरह से भारत के लिए सकारात्मक ही है।

बात अगर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की करें, तो इसकी मुखिया रहीं खालिदा जिया के प्रधानमंत्री काल में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते बहुत ही खराब हो गए थे। खालिदा जिया का रुख हमेशा चीन और पाकिस्तान के प्रति नरम रहा और भारत के प्रति सख्त। हसीना को लगता था कि शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग का भारत समर्थन करता है। यही वजह है कि जब भी मौका मिला खालिदा जिया ने भारत के विरुद्ध कदम उठाए।

खालिदा के निधन के बाद बीएनपी के मुखिया उनके बेटे तारिक रहमान बने हैं। आवामी लीग के वोटों पर उनकी निगाह है। मोहम्मद यूनुस ने आवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया है। जमात और बीएनपी के नेता, हसीना के समर्थकों के वोटरों को अपने पाले में करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि वे भारत के प्रति अपने रुख को लचीला बनाए हुए हैं। अब सवाल यह है कि यदि सत्ता में बीएनपी आती है तो भारत के प्रति उसका रवैया क्या होगा?

तारिक रहमान ने तो भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं, लेकिन उनकी पार्टी का जो इतिहास रहा है, उसे वे कितना बदल पाएंगे यह वक्त ही बताएगा। वैसे तारिक रहमान को भी पता है कि भारत का विरोध करके बहुत दिन तक बांग्लादेश की जनता को सुकून से नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि भारत ने वहां बड़े पैमाने पर निवेश कर रखे हैं। सांस्कृति रूप से भी हमारा उनसे जुड़ाव है। ऐसे में भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान व चीन से दोस्ती का राग बहुत दिन तक वे चला नहीं पाएंगे, इसलिए अभी जो लचीलापन वे दिखा रहे हैं, उन्हें आगे भी दिखाना होगा।

## आमने – सामने



वर्तमान सरकार ने अल्पसंख्यक विकास और मदरसा शिक्षा के लिए बजट बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है। इतना पैसा खर्च करने के बाद भी, मुस्लिम समुदाय से डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस या वैज्ञानिक क्यों नहीं पैदा हो रहे हैं?
–अग्निमित्रा पॉल
विधायक, बीजेपी

ऐसी महिला को देश से बाहर निकाल देना चाहिए। अग्निमित्रा ने विधानसभा में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जो बोला है, वह संविधान के खिलाफ है। इस बयान के लिए अग्निमित्रा पॉल को माफी मांगनी चाहिए।
–सिद्दीकुल्ला चौधरी
राज्य मंत्री, पश्चिम बंगाल



# मौद्रिक नीति: दरें स्थिर व अर्थव्यवस्था को सहारा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारतीय रिज़र्व बैंक ने छह फरवरी को प्रस्तुत अपनी मौद्रिक नीति में एक संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाते हुए प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने छह फरवरी को प्रस्तुत अपनी मौद्रिक नीति में एक संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाते हुए प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है। मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा। इसके साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (SDF) दर लगभग 5.00 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (MSF) और बैंक रेट लगभग 5.50 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखे गए। नीति का रुख न्यूट्रल रखा गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि आरबीआई फिलहाल महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को सहारा देने की रणनीति पर चल रहा है।

मौद्रिक नीति में आरबीआई ने आर्थिक अनुमानों को भी साझा किया। केंद्रीय बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की तुलना में मजबूत वृद्धि का संकेत देता है। वहीं मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगभग चार प्रतिशत के आसपास रखा गया है, जो आरबीआई के लक्ष्य दायरे के भीतर है। यह स्थिति केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में तत्काल बदलाव से बचने और स्थिति पर नजर बनाए रखने की सुविधा देती है।

यदि इस मौद्रिक नीति को व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो इसका सबसे बड़ा लाभ बैंकिंग क्षेत्र को मिलता दिखाई देता है। जब ब्याज दरें स्थिर रहती हैं, तो बैंकों की उधारी लागत में अचानक वृद्धि नहीं होती और वे अपने ऋण पोर्टफोलियो को स्थिर गति से बढ़ा सकते हैं। भारत में बैंक ऋण वृद्धि दर हाल के महीनों में लगभग 14 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है, जो दर्शाती है कि उद्योग और उपभोक्ता दोनों ऋण ले रहे हैं। स्थिर दरें बैंकों की नेट इंटरेस्ट मार्जिन को भी संतुलित रखती हैं और उनकी लाभप्रदता पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने पर भी जोर दिया है। बैंकिंग प्रणाली में संतुलित तरलता बनाए रखने की नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंकों के पास उद्योगों और उपभोक्ताओं को ऋण देने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें। यह विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे और मध्यम उद्योग अक्सर उच्च ब्याज दरों और सीमित ऋण उपलब्धता की समस्या का सामना करते हैं। उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से यह मौद्रिक नीति राहत देने वाली है। रेपो रेट स्थिर रहने का अर्थ है कि होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई में तत्काल वृद्धि की संभावना कम रहती है। वर्तमान समय में कई बैंकों में होम लोन की दरें लगभग 8.25 से 9.25 प्रतिशत के बीच चल रही हैं और दरों में स्थिरता से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर दबाव कम पड़ता है। भारत जैसे देश में, जहां खपत जीडीपी का बड़ा हिस्सा है, उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता बनाए रखना आर्थिक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मौद्रिक नीति का सकारात्मक प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। जब ब्याज दरें नियंत्रित रहती हैं, तो कंपनियां पूंजीगत निवेश यानी कैपेक्स के निर्णय लेने में अधिक सहज महसूस करती हैं। भारत में निजी क्षेत्र का निवेश चक्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है और कई बड़े उद्योग समूह अगले कुछ वर्षों में बड़े निवेश की योजनाएं बना रहे हैं। ऋण की लागत स्थिर रहने से नई परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता बेहतर होती है।

विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र, जो भारत की जीडीपी में लगभग 16 से 17 प्रतिशत योगदान देता है, इस नीति से लाभान्वित हो सकता है। कम या स्थिर ब्याज दरें मशीनरी, संयंत्र और नई तकनीक में निवेश की लागत को नियंत्रित करती हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इसके साथ ही सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजनाएं भी इस क्षेत्र को गति देने में मदद कर रही हैं।

एमएसएमई क्षेत्र के लिए यह नीति विशेष महत्व रखती है। भारत में एमएसएमई क्षेत्र रोजगार का लगभग 30 प्रतिशत से अधिक प्रदान करता है और निर्यात में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। सस्ती और आसानी से उपलब्ध क्रेडिट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत होती है। आरबीआई द्वारा बैंकों को उत्पादक क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने के संकेत इस क्षेत्र के लिए सकारात्मक माने जा रहे हैं।

आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता और बैंकिंग प्रणाली की मजबूती पर भी जोर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPA) का स्तर कम हुआ है और बैंकिंग प्रणाली की बैलेंस शीट मजबूत हुई है। यह स्थिति बैंकों को अधिक आत्मविश्वास के साथ ऋण देने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलती है।

इस मौद्रिक नीति के सामने कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, इसलिए यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो आयातित महंगाई बढ़ सकती है।

## सोशल फोरम

# कांगड़ा की राजकुमारी

सन् 1875 में कांगड़ा क्षेत्र के एक राजपूत परिवार में जन्मी राजकुमारी दिव्येश्वरी नेपाल के राजघराने की रानी दिव्येश्वरी राज्या लक्ष्मी देवी शाह के रूप में मशहूर हुईं। कांगड़ा के एक राजपूत राज घराने से संबंध रखने वाली दिव्येश्वरी का विवाह 1886 में नेपाल के राजा पृथ्वी वीर विक्रम शाह से हुआ। 'त्रिभुवम बायोग्राफी- नेपाली किंग एंड सन ऑफ दिवेश्वरी' पुस्तक में रानी दिव्येश्वरी के नेपाल राज परिवार की रानी बनने का किस्सा दर्ज है। कांगड़ा की राजकुमारी दिवेश्वरी की शादी नेपाल के महान नारायणहिटी महल में हुई और वे काठमांडू की सबसे मशहूर रानी बनीं। यह महल आगे चलकर नेपाल का सबसे प्रतिष्ठित शाही निवास बना।



अजीत सिंह
रिटायर्ड अफसर

पूर्व सांसद कृपाल परमार बताते हैं कि दिव्येश्वरी ज्वालामुखी के धवाला गांव के नजदीकी स्थान शिवनाथ निवासी उनके परदादा मुल्तान सिंह की बेटी और उनके पिता की बुआ थीं। उन्हें उनके दादा विधि चंद ने बताया था कि नेपाल राज परिवार से एक तांत्रिक राजकुमार का रिश्ता लेकर आया था। जब रिश्ता तय हुआ, दिव्येश्वरी की उम्र 10 साल थी और शादी 13 साल की उम्र में होनी थी।

रिश्ता तय होने पर राज परिवार की दो महिला शिक्षिकाएं दो साल तक दिव्येश्वरी के घर पर रह कर उन्हें शाही दरबार के लिए प्रशिक्षित करती रहीं। जब दिव्येश्वरी की शादी हुई, तो उनके पूरे परिवार को नेपाल बुलाया गया और एक महल में साल भर उनके ठहरने की व्यवस्था की गई। दिव्येश्वरी रानी को ज्वाला के नाम से भी पुकारा जाता था। वे बाद में भी अपने मायके के पक्ष को नेपाल बुलाती रहीं, लेकिन परिवार का जाना संभव नहीं हो पाया।

दिव्येश्वरी ने रानी कंसोर्ट के रूप में 1886 से 1911 तक नेपाल के दरबार में जीवन बिताया। जब राजा पृथ्वी वीर विक्रम शाह का निधन हुआ तो उनके छोटे बेटे त्रिभुवन वीर विक्रम शाह राजा बने। उस समय त्रिभुवन मात्र पांच साल के थे, इसलिए रानी दिव्येश्वरी को रेजेंट (राजप्रतिनिधि) बेटे की ओर से राज्य का संचालन का अवसर मिला।

रानी दिव्येश्वरी ने न सिर्फ राज-पाठ संभाला, बल्कि एक ऐसे पुत्र को जन्म दिया जिसने बाद में नेपाल को राजनीतिक बदलावों की ओर अग्रसर किया। राजा त्रिभुवन ने नेपाल में आधुनिक संवैधानिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजा त्रिभुवन 20वीं सदी में नेपाल के साम्राज्यवादी शासन के समकालीन संदर्भों में इतिहास का बड़ा नाम हैं। –फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# सस्ती दवाएं नहीं, मुफ्त हो कैंसर का इलाज

पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपये का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। यह विडंबना और संकुचित सोच का नतीजा ही है। स्वास्थ्य का बजट अब भी दो फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है।

देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर-पीड़ित है। अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, मशीनें खराब पड़ी रहती हैं, डाक्टर भी गायब रहते हैं, शोध का स्तर उथला है और अंततः इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। कुछ गिरोह पकड़े भी जाते हैं, लेकिन उनका कानूनी निष्कर्ष क्या होता है, कितना दंडनीय अपराध साबित होता है, उनका सार्वजनिक खुलासा नगण्य है।



आकाश सपेलकर
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

बजट में कैंसर, मधुमेह समेत सात गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आवंटन 10,000 करोड़ रुपये का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो 'बायोसिमिलर्स' और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। मौजूद सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिह्नित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके।

जब देश में 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। 'अमीर अर्थव्यवस्था' वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? किसानों की सम्मान राशि के लिए बजट में 65,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, तो कैंसर-पीड़ितों के लिए बजटीय प्रावधान क्यों नहीं किया जा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डॉक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है।

हास्यास्पद् है कि बजट में 'मेडिकल पर्यटन' की खूब गालबजाई की गई है। राजधानी दिल्ली में ही प्रति लाख आबादी पर अस्पताल मात्र 0.52 है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर में प्रति लाख आबादी पर औसतन एक अस्पताल नहीं है। सबसे कम डॉक्टर नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार में उपलब्ध हैं। देशवासियों और विदेशियों को सहज और सुलभ इलाज कैसे मुहैया कराएंगे?

एक लाख एलाइड पेशेवरों को प्रशिक्षण और 1000 करोड़ रुपये का बजट, तीन नये नेशनल फार्मा संस्थान, 50 फीसदी ट्रॉमा केयर सेंटर, जिलेवार अस्पताल, आयुष फार्मेसी, ड्रग टेस्टिंग लैब, जामनगर स्थित टेऊडिशनल मेडिसन सेंटर और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणाएं अच्छी हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति और सक्रियता जमीन पर भी दिखनी चाहिए। यदि लद्दाख, चंडीगढ़, पुडुचेरी, केरल, तमिलनाडु में प्रति लाख आबादी पर सबसे अधिक बेड उपलब्ध हो सकते हैं, तो यही व्यवस्था देश भर में भी की जा सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# हॉलीवुड की मिथ मर्लिन मुनरो

मर्लिन मुनरो एक मॉडल, अभिनेत्री और गायिका भी थीं। वे 20 वीं सदी की सबसे प्रसिद्ध महिलाओं में से एक थीं, जो अपनी सुंदरता और सफलता के अलावा अपने बिंदासपन के लिए भी जानी जाती थीं। उनके कई चर्चित कैमरा पोज आज भी दीवारों पर सजे दिखते हैं। उन्हें अमेरिकी संस्कृति में व्यापक रूप से सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता है। अनाथ आश्रम में पली-बढ़ी मर्लिन कभी बेहद शर्मीली इंसान थीं, जो बाद में एक बिंदास गर्ल के नाम से फेमस हुईं। हॉलीवुड की मधुबाला कही जाने वाली मर्लिन मुनरो की जिंदगी तमाम उतार-चढ़ावों और रहस्यों से भरी है।



नूर हिना खान
लेखिका



## प्रेम जीवन और विवाद

मर्लिन के निजी जीवन में उतार-चढ़ाव काफी थे। उनकी तीन शादियां रहीं:

- James Dougherty- जब वह बहुत युवा थीं, इस शादी से जीवन आसान नहीं रहा।
- Joe DiMaggio - प्रसिद्ध बेसबॉल खिलाड़ी से 1954 में शादी की, लेकिन यह रिश्ता एक साल बाद टूट गया।
- Arthur Miller - प्रसिद्ध नाटककार से 1956 में शादी हुई, लेकिन 1961 में अलग हो गए।





## प्रारंभिक जीवन

मर्लिन मुनरो का जन्म 1 जून 1926 को लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया, अमेरिका में हुआ था। उनका असली नाम नोर्मा जीन मॉर्टेंसन/नोर्मा जीन बेकर था। उनका बचपन बहुत कठिन था। उनकी मां मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं, जिसके कारण मर्लिन को कई पालक परिवारों और अस्थायी घरों में रहना पड़ा। इस अस्थिरता ने उनकी जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला और बाद में उनकी भावनात्मक संघर्षों का हिस्सा बन गया।

करियर की शुरुआत और सफलता

मर्लिन ने शुरुआत में एक फैक्ट्री में काम किया और फिर मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। जल्द ही उन्हें फोटोग्राफी वर्क के जरिए फिल्मों में अवसर मिला। उन्होंने 1946 में 20th Century Fox के साथ एक छोटा करार किया और "मर्लिन मुनरो" के नाम से पर्दे पर अपना करियर शुरू किया। उनकी पहचान ग्लैमर क्वीन के रूप में उभरती गई, खासकर 1950 के दशक में जब उन्होंने कई बड़ी सफल फिल्मों में अभिनय किया।

- Gentlemen Prefer Blondes (1953)- यह उनकी पहली बड़ी सफलता थी।
- How to Marry a Millionaire (1953)- इसने उन्हें और प्रसिद्ध किया।
- The Seven Year Itch (1955)- यह फिल्म आज भी मर्लिन की सबसे आइकॉनिक तस्वीरों में से एक का कारण है, जिसमें उनका सफेद ड्रेस वाला दृश्य बेहद प्रसिद्ध हुआ।
- Bus Stop (1956)- आलोचकों से सराहना मिली।
- The Prince and the Showgirl (1957)- उन्होंने इस फिल्म को अपने प्रोडक्शन कंपनी के जरिए भी बनाया।
- Some Like It Hot (1959) - यह एक कॉमिक मास्टरपीस मानी जाती है।
- Let's Make Love (1960) - साधारण समीक्षाएं मिलीं।
- The Misfits (1961) - उनकी आख़िरी पूरी फिल्म।

## पुरस्कार और लोकप्रियता

- मर्लिन मुनरो को Academy Award (Oscar) कभी नहीं मिला और उन्होंने Oscar के लिए भी नामांकन नहीं पाया। यह बात बहुतों के लिए चौंकाने वाली है, क्योंकि वह उस समय की सबसे बड़ी स्टार थीं।

**फिर भी उन्होंने कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए।**

- Golden Globe Award - Some Like It Hot के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (कॉमेडी/म्यूज़िकल)
- कई Henrietta Awards, Photoplay Awards और Critics Awards भी जीते।
- The Prince and the Showgirl के लिए इटली का "David di Donatello Award" भी हासिल किया।

हालांकि ऑस्कर नहीं मिला, लेकिन उन्होंने Golden Globe समेत उद्योग में कई प्रमुख प्रतिष्ठान मान्यता हासिल की।

## संघर्ष और निजी समस्याएं

मर्लिन के जीवन के नीचे गहरा दर्द और संघर्ष था। वे हर समय अपनी छवि और खुद की असुरक्षा से जूझ रही थीं। ड्रग्स पर निर्भरता और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं। जीवन भर अस्थिर भावनात्मक स्थिति और कई गर्भपात के कारण उन्हें गहरा दुख हुआ। इस सबके बावजूद उन्होंने अपने अभिनय और ग्लैमर से विश्वभर में एक अमिट पहचान बनाई।

## मौत और विरासत



5 अगस्त 1962 को मर्लिन मुनरो को लॉस एंजेलिस में उनके घर में मृत पाया गया। यह मौत बार्बिट्युरेट्स (स्लीपिंग पिल्स) का ओवरडोज थी और इसे "संभवत: आत्महत्या" (probable suicide) करार दिया गया। उनकी मृत्यु के बाद भी चर्चा जारी रही। कुछ लोगों ने साजिश की अटकलें लगाईं, खासकर उनके कथित संबंधों के कारण, लेकिन इन बातों का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला।

## मर्लिन मुनरो का सांस्कृतिक प्रभाव

मर्लिन आज भी एक Hollywood ग्लैमर आइकन मानी जाती हैं। उनकी फिल्में आज भी पसंद की जाती हैं। Some Like It Hot और Gentlemen Prefer Blondes जैसी फिल्में फिल्मों के इतिहास में अमर हैं। वह सेक्स सिंबल के रूप में पहचान बनीं, लेकिन साथ ही उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा साबित की। उनका जीवन आज भी डॉक्यूमेंट्री, फिल्म और किताबों का विषय है। मर्लिन मुनरो सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं थीं। वह एक ग्लोबल कल्चर की प्रतीक, संघर्षशील आत्मा और हॉलीवुड के इतिहास की सबसे यादगार हस्तियों में से एक थीं। उन्होंने सफलता, दर्द, प्यार और ग्लैमर हर चीज को अपने रोशन चेहरे के पीछे महसूस किया और आज भी लोग उन्हें आदर्श, प्रेरणा और फिल्मी जिंदगियों की मिसाल के रूप में याद करते हैं।

---

ओटीटी प्लेटफार्म

# देर से मिलता इंसाफ लेकिन असर अधूरा

वध 2 एक गंभीर क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो यह अहम सवाल उठाती है कि जब इंसाफ मिलने में बहुत देर हो जाए, तो एक आम आदमी के पास क्या विकल्प बचते हैं। फिल्म की मूल भावना "देर से मिला न्याय भी न्याय ही होता है" के विचार के इर्द-गिर्द घूमती है।

कहानी का आइडिया दमदार है और यह समाज व सिस्टम से जुड़े कई अहम सवाल खड़े करती है, लेकिन स्क्रीन पर इसका असर पूरी तरह बन नहीं पाता। फिल्म की शुरुआत धीमी है और पहले हिस्से में कहानी बहुत आराम से आगे बढ़ती है। कई दृश्य अनावश्यक रूप से लंबे लगते हैं और कुछ जगह दर्शक को पहले ही अंदाजा हो जाता है कि आगे क्या होने वाला है। हालांकि जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सस्पेंस बढ़ता है और दूसरे हिस्से में फिल्म कुछ हद तक पकड़ बनाती है। यदि शुरुआती हिस्से को थोड़ा और टाइट रखा जाता, तो फिल्म कहीं अधिक प्रभावशाली हो सकती थी।



अभिनय के मामले में वध 2 मजबूत नजर आती है। संजय मिश्रा अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठते हैं और बिना किसी अतिरिक्त ड्रामे के भावनाओं को प्रभावी ढंग से सामने रखते हैं। नीना गुप्ता भी अपने रोल में सच्चाई और गहराई लेकर आती हैं। खासकर भावनात्मक दृश्यों में उनका अभिनय सराहनीय है। सहायक कलाकारों की भूमिकाएं भले ही सीमित हों, लेकिन कहानी की जरूरत के हिसाब से वे ठीक बैठती हैं।

तकनीकी पक्ष औसत कहा जा सकता है। सिनेमैटोग्राफी ठीक-ठाक है, लेकिन कुछ नया या यादगार पेश नहीं करती। एडिटिंग और बेहतर हो सकती थी, क्योंकि कई जगह फिल्म खिंची हुई महसूस होती है। बैकग्राउंड म्यूजिक माहौल बनाने की कोशिश करता है, पर वह अपेक्षित प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह सफल नहीं होता।

क्लाइमेक्स में फिल्म एक स्पष्ट संदेश देने और नैतिक सवाल उठाने की कोशिश करती है। यह हिस्सा दर्शक को सोचने पर मजबूर जरूर करता है, लेकिन जिस गहरे असर की उम्मीद रहती है, वह पूरी तरह उभरकर सामने नहीं आता।

कुल मिलाकर, वध 2 एक अच्छी सोच और मजबूत अभिनय वाली फिल्म है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार और औसत प्रस्तुति इसकी सबसे बड़ी कमजोरियां हैं। यदि आपको गंभीर विषयों पर बनी स्लो-बर्न थ्रिलर फिल्में पसंद हैं और आप तेज-तर्रार मनोरंजन की अपेक्षा नहीं रखते, तो यह फिल्म एक बार देखी जा सकती है।

*समीक्षक-प्रदीप शर्मा*

---

जिंदगी का सफर

# 'मिस्ट्री गर्ल' साधना



भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की सबसे चमकती सितारों में से एक, साधना 1941 में पैदा हुई थीं। कराची में जन्मी साधना का परिवार विभाजन के बाद मुंबई आकर बस गया था। उनके पिता, प्रसिद्ध अभिनेत्री साधना बोस के प्रशंसक थे, उन्हीं के नाम पर उन्होंने अपनी बेटी का नाम 'साधना' रखा।

साधना ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत 1955 में राज कपूर की फिल्म 'श्री 420' के एक गाने 'मुड़ मुड़ के ना देख' में एक कोरस डांसर के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने भारत की पहली सिंधी फिल्म 'अबाना' (1958) में काम किया, जिसके लिए उन्हें मात्र एक रुपया पारिश्रमिक मिला था।

मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म 'लव इन शिमला' (1960) थी। इसी फिल्म के दौरान उनके माथे को ढकने के लिए हॉलीवुड अभिनेत्री ऑड्रे हेपबर्न से प्रेरित 'फ्रिंज' हेयरस्टाइल अपनाया गया, जो आगे चलकर पूरे भारत में 'साधना कट' के नाम से मशहूर हो गया।



साधना को हिंदी सिनेमा की 'मिस्ट्री गर्ल' कहा जाता था। निर्देशक राज खोसला के साथ उनकी सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों-'वो कौन थी?', 'मेरा साया' और 'अनीता' ने उन्हें इस खिताब से नवाजा। उनकी अन्य यादगार फिल्मों में शामिल हैं, 1965) में आई वक्त, जिसमें उन्होंने ग्लैमर और अभिनय का बेहतरीन संतुलन पेश किया। 1963 में आई मेरे महबूब फिल्म में उनकी मुस्लिम लड़की की भूमिका और 'मुस्लिम सोशल' अंदाज बेहद सराहा गया। हम दोनों (1961) फिल्म में देव आनंद के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म के गाने आज भी याद किए जाते हैं। 1965 में आई आरजू और 1969 में आई एक फूल दो माली फिल्में उनके करियर की बड़ी हिट्स साबित हुईं।

60 के दशक में साधना सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं। थायराइड की बीमारी के कारण उनकी आंखों की बनावट में बदलाव आया, जिसके चलते उन्होंने समय से पहले ही फिल्मों से दूरी बना ली। 1974 में फिल्म 'गीता मेरा नाम' के निर्देशन और अभिनय के बाद उन्होंने पूरी तरह से संन्यास ले लिया, क्योंकि वह अपनी 'ग्लैमरस' छवि को बरकरार रखना चाहती थीं और मां या भाभी के सहायक रोल नहीं करना चाहती थीं। 25 दिसंबर 2015 को साधना का निधन हो गया। साधना न केवल अपनी खूबसूरती और फैशन सेंस के लिए याद की जाती हैं, बल्कि अपनी गंभीर और प्रभावशाली भूमिकाओं के कारण भी भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमर रहेंगी।

---

# कॉमेडी के बीच क्यूट सा लव

लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं!' अब बड़े पर्दे पर अपनी कॉमिक दुनिया का विस्तार करने जा रहा है। जी स्टूडियोज और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत, संजय कोहली व बिनैफर कोहली के निर्माण में बनी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!–फन ऑन द रन' दर्शकों के लिए हास्य, भागदौड़ और मनोरंजन से भरपूर सफर लेकर आ रही है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गीत 'मनजोगी' रिलीज किया गया है, जो फिल्म की तेज रफ्तार कॉमेडी के बीच एक भावनात्मक ठहराव का एहसास कराता है।



## 'मनजोगी': शोर के बीच सुकून की धुन

जहां फिल्म हंसी, उलझनों और मजेदार परिस्थितियों से भरपूर है, वहीं 'मनजोगी' कहानी में एक कोमल और आत्मीय रंग घोलता है। सोनू निगम की मखमली आवाज में गाया गया यह गीत प्रेम को उसके सरल और निष्कपट रूप में प्रस्तुत करता है। यह गाना न तो दिखावटी है और न ही भारी-भरकम शब्दों का सहारा लेता है, बल्कि अपनी सादगी से सीधे दिल में उतरता है। गीत के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जो भावनाओं को सहज शब्दों में पिरोते हैं, जबकि संगीत विशाल शेल्के का है, जिसकी धुन धीरे-धीरे मन में बस जाती है। 'मनजोगी' उन गीतों में से है, जो सुनते ही नहीं, बल्कि महसूस किए जाते हैं।

## फिल्म में सितारों की जमावट

'भाबीजी घर पर हैं!–फन ऑन द रन' का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीवी पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले ये किरदार अब बड़े पर्दे पर नए अंदाज में हंसी का तड़का लगाने को तैयार हैं।

## सोनू निगम की आवाज में नया रंग

हाल ही में गंभीर और भावनात्मक प्रोजेक्ट्स में अपनी दमदार गायकी से प्रभावित करने के बाद, सोनू निगम 'मनजोगी' के जरिये एक हल्की-फुल्की और रोमांटिक सिनेमाई दुनिया में लौटते हैं। यह गीत साबित करता है कि उनकी आवाज हर तरह की भावनाओं को समान सहजता से व्यक्त करने में सक्षम है। 'मनजोगी' में उनकी गायकी प्रेम की मासूमियत और ठहराव को खूबसूरती से उभारती है।

## छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर

'भाबीजी घर पर हैं!' का सफर भारतीय टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में गिना जाता है। यह टीवी कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू हुआ और अपनी सादगी, देसी हास्य और यादगार किरदारों के जरिये देखते ही देखते दर्शकों के दिलों में खास जगह बना गया। छोटे पर्दे पर वर्षों तक लगातार सफलता के बाद अब यही चर्चित दुनिया बड़े पर्दे पर एक नए विस्तार के साथ दस्तक दे रही है। टीवी की सीमित लोकेशन्स और एपिसोडिक कहानियों से निकलकर, 'भाबीजी घर पर हैं! – फन ऑन द रन' सिनेमाई पैमाने पर कहानी, किरदारों और मनोरंजन को और व्यापक रूप में पेश करती है। यह फिल्म न सिर्फ़ शो के पुराने प्रशंसकों के लिए एक खास अनुभव है, बल्कि उन दर्शकों के लिए भी एक नया प्रवेश द्वार खोलती है, जो पहली बार इस कॉमिक दुनिया से रूबरू होंगे।

## अंगूरी भाभी और शुभांगी अत्रे का भावनात्मक रिश्ता

फिल्म के साथ-साथ शुभांगी अत्रे भी इन दिनों चर्चा में हैं। 'अंगूरी भाभी' के किरदार से घर-घर पहचान बनाने वाली शुभांगी अत्रे ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने करियर और इस किरदार को लेकर भावनात्मक बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि लगभग नौ साल से अधिक समय तक अंगूरी भाभी को निभाना उनके लिए एक यादगार और आत्मीय अनुभव रहा है। उनके अनुसार, यह किरदार अब उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने इसे कभी चुनौती नहीं माना, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में निभाया और पूरे समर्पण के साथ इस किरदार को दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया।

## आखिरी सांस तक करना चाहती हूं अभिनय

शुभांगी अत्रे का कहना है कि कैमरे के सामने रहना उनके लिए सिर्फ काम नहीं, बल्कि प्रेम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभिनय ही उनकी असली पहचान है और वे चाहती हैं कि जीवन की आखिरी सांस तक अच्छे और सार्थक किरदार निभाती रहें। यह जुनून और ईमानदारी ही उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान देती है।

फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं! – फन ऑन द रन' सिर्फ हंसी-मज़ाक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा और आनंद का संदेश भी देती है। इसी भावना से प्रेरित होकर फिल्म के प्रचार से जुड़ी संस्थाओं ने भी स्वस्थ जीवनशैली और खुशहाल मन को महत्व देने की बात कही है। कलाकारों का मानना है कि जब मन प्रसन्न होता है, तभी मनोरंजन का असली आनंद मिलता है।

### जिंसों की बढ़ती लागत से कीमतें बढ़ाएगी टाटा मोटर्स

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्रा के अनुसार, जिंसों की बढ़ती लागत के दबाव से कंपनी आगामी हफ्तों में वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी। दूसरी ओर मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है, वहीं हुंदै मोटर इंडिया ने अपने वेन्यू मॉडल पर कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। चंद्रा ने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा पर कहा कि हम पिछले एक साल से जिंसों की लागत का दबाव झेल रहे हैं।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 9 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4209, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4200, मसूरी- 1400, बासमती- 8200-9400, परमल- 2700-3400

**दाल दलहन :** काला चना- 2900-4400, साबुत चना दाल- 1400, मूंग साबुत- 5600, राजमा- 9200-11200, दाल उड़द- 7400, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1200, उड़द साबुत- 10300, काबुली चना- 7600-10400, अरहर दाल- 10300 -12000, लोबिया/करमानी- 2900-4000

# नीतिगत स्थिरता का सिद्धांत बजट का आधार

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- बजट के केंद्र में विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को रखा

- **बोलीं- पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को दी प्राथमिकता**

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नीतियों में बार-बार बदलाव से बचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर ने आम बजट 2026-27 को आकार दिया है। यह बजट नीतिगत स्थिरता पर आधारित है और इसके केंद्र में विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को रखा गया है। एक नए पांच वर्षीय वित्तीय चक्र और 21वीं सदी की दूसरी तिहाई के पहले बजट के रूप में तैयार यह दस्तावेज राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को प्राथमिकता देता है।

सीतारमण ने कहा कि लोग स्थिरता चाहते हैं, और इसीलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को तीसरी बार चुना है। उस वोट में स्थिरता निहित है, और यह बात पिछले बजटों के माध्यम से नीतियों के क्रियान्वयन के तरीके में भी दिखाई देती है। प्रधानमंत्री की लगातार तीसरी चुनावी जीत राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता का स्पष्ट सार्वजनिक समर्थन है, जिसे सरकार भारत की दीर्घकालिक विकास रणनीति के लिए महत्वपूर्ण मानती है। प्रधानमंत्री हमेशा नीतियों में बार-बार बदलाव से बचने की बात करते हैं। एक बार जब नीतिगत दिशा की घोषणा हो जाती है, तो सरकार उसके क्रियान्वयन में स्थिर रहती है।



### बजट वित्तीय कवायद नहीं, लंबी योजना का हिस्सा

सीतारमण ने कहा कि बजट को केवल एक साल की वित्तीय कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक लंबी योजना के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। हम 2047 और उसके बाद 2050 तक भी देख रहे हैं। ध्यान स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित भारत के निर्माण पर है और 25 वर्षों में भारत को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना है। वित्त मंत्री के अनुसार यह दीर्घकालिक नजरिया आने वाले दशकों में निरंतर विकास, संस्थागत मजबूती और आर्थिक लचीलेपन पर जोर देने के साथ सभी क्षेत्रों में नीति-निर्माण का मार्गदर्शन करेगा।

### पूंजीगत व्यय सरकार की सफलता की कहानियों में से एक

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सार्वजनिक व्यय के बारे में सीतारमण ने कहा कि पूंजीगत व्यय इस सरकार की सफलता की कहानियों में से एक है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों के लिए बजटीय प्रावधानों ने कोविड महामारी के बाद बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग करने में राज्यों की भूमिका भी उतनी ही प्रभावशाली रही है, और कई राज्यों ने अपनी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा कर अधिक धन का उपयोग करने की अपनी क्षमता साबित की है।

### सरकार बैंकिंग पर उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की वित्त पोषण जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बड़े बैंक बनाने का खाका तैयार करने को जल्द ही विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी। समिति हमें बताए कि हमें किस तरह के कदम उठाने की जरूरत है ताकि विकसित भारत के वित्त पोषण के लिए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के सुझाव पर सीतारमण ने कहा कि किसी को इसे इस तरह सीमित दायरे में नहीं देखना चाहिए। यह भारत के बैंकिंग क्षेत्र को इतना बड़ा बनाने के लिए है कि वह विकसित भारत के वित्त पोषण का ध्यान रख सके। आपको विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचना है, इसके लिए धन, वित्त पोषण, ऋण और आम आदमी तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच की आवश्यकता है।

# भारत-मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंध सराहनीय

कुआलालंपुर, एजेंसी



- **प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के चार प्रमुख दिग्गजों से की बातचीत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों से बातचीत की और भारत की विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों द्वारा दिखाई मजबूत रुचि की सराहना की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंधों और मलेशियाई कंपनियों द्वारा भारत की वृद्धि की यात्रा में दिखाई जा रही मजबूत रुचि की सराहना की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी टैन तेंगकू मोहम्मद तौफिक से मुलाकात की और ऊर्जा साझेदारियों को मजबूत करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ ईंधन में नए अवसरों पर चर्चा की, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया शामिल हैं। विंसेंट टैन ची यिउन ने प्रधानमंत्री को बताया कि वह बर्जया का भारत के गतिशील सेवा और उपभोक्ता क्षेत्रों में विस्तार बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

वहीं पुआ खिन सेंग ने फाइसन की भारत में तेजी से बढ़ते तकनीक और नवाचार क्षेत्र में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। अमीरुल फैसल वान जाहिर ने प्रधानमंत्री से भारत के आर्थिक परिवर्तन और निवेश के लिए उच्च संभावनाओं वाले बाजार के रूप में उसकी भूमिका पर चर्चा की। मोदी ने भारत में व्यवसाय में आसानी और स्थिर, कुशल और पूर्वानुमानित व्यापार तथा नीति वातावरण के लिए उठाए कदमों और सुधारों पर प्रकाश डाला।

# नए कानून के मसौदा नियमों, प्रपत्रों पर आयकर विभाग ने मांगे सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले वेबसाइट पर किया अपलोड**
- **सीबीडीटी ने परामर्श प्रक्रिया के तहत चार श्रेणियों में सुझाव देने के लिए कहा**

आयकर विभाग ने रविवार को कहा कि उसने एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले नए आयकर कानून, 2025 के तहत कर नियमों और प्रपत्रों के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। विभाग ने जानकारी दी कि व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 और संबंधित फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परामर्श प्रक्रिया के तहत हितधारकों से चार श्रेणियों में सुझाव मांगे हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमों में कमी, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रासंगिक या पुराने हो चुके नियमों व प्रपत्रों की पहचान करना शामिल है। विभाग ने कहा कि हितधारकों को इन मसौदों का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अंतिम अधिसूचना से पूर्व इन सभी सुझावों को संकलित कर उन पर समीक्षा के लिए विचार किया जाएगा। सुझाव देने की सुविधा के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर लिंक जारी किया गया है, जो चार फरवरी, 2026 से सक्रिय है। हितधारक अपने नाम और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित सत्यापन के बाद अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।

# मुंद्रा बंदरगाह ने वाहन निर्यात और तरल माल की निकासी में की उच्च वृद्धि

- **अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम के बाजारों के लिए भेजे गए शिपमेंट**

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित अडाणी समूह के मुंद्रा बंदरगाह ने जनवरी में वाहन निर्यात और तरल माल (लिक्विड कार्गो) की निकासी में भारी वृद्धि दर्ज की है। बंदरगाह ने कई परिचालन रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जो भारत के व्यापार और निर्यात प्रवाह को समर्थन देने में बड़े, एकीकृत बंदरगाहों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि बंदरगाह ने अब तक का सबसे अधिक मासिक वाहन निर्यात दर्ज किया, जिसमें अडाणी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल (सीटी2) के समर्पित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) टर्मिनल से 25,762 वाहनों का निर्यात हुआ। मारुति सुजुकी और टोयोटा सहित वाहन निर्माताओं ने मुंद्रा से निर्यात को बढ़ाया, जिसमें अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम के बाजारों के लिए शिपमेंट भेजे गए। मुंद्रा ने जनवरी में एक जहाज पर सबसे अधिक लोडिंग का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 5,701 वाहनों को लोड किया गया।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा मौजूदा वित्त वर्ष में दो लाख करोड़ को करेगा पार : नागराजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- **वित्तीय सेवा सचिव बोले- पीएसबी की ऋण वृद्धि 12 और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत, जो उत्साहजनक**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है।

उन्होंने कहा कि बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं। इसलिए, वे लचीले हैं। हमारे पास नियामक आरबीआई के तहत बहुत ही विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। इसलिए हम अपने बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले बाहरी कारकों के बारे में बहुत चिंतित नहीं हैं। पीएसबी की लाभप्रदता पर उन्होंने कहा कि इस साल (चालू वित्त वर्ष) हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। हमने पहली छमाही में ही एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया है, मुझे लगता है कि हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। पीएसबी का संयुक्त मुनाफा तीन साल में दोगुना हो जाएगा। संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार, ऋण वृद्धि, स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात और संपत्तियों पर बढ़ते प्रतिफल से पीएसबी का मुनाफा 2022-23 में एक लाख करोड़ को पार कर 1.05 लाख करोड़ रुपये हो गया था। वित्त मंत्रालय पीएसबी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 20 से बढ़ाकर 49% किए जाने के विचार पर नागराजू ने कहा कि एफडीआई सीमा को 49% बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है।



# 31 मार्च से पहले नक्सल का सफाया तय : शाह

## गृह मंत्री का निर्देश- बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार के दिखें ठोस परिणाम

- **नक्सलवाद के खात्मे की समयसीमा से पहले वामपंथी उग्रवाद को लेकर हुई उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक**

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी संगठनों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में ठोस परिणाम सामने आए हैं। शाह ने कहा कि 31 मार्च से पहले नक्सलवाद का सफाया होना तय है। शाह ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की।

यह बैठक उग्रवाद को समाप्त करने की केंद्र की 31 मार्च की समयसीमा से पहले हुई। शाह ने बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए कहा कि रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार व अधिकारियों के साथ नक्सल रोधी अभियानों पर समीक्षा बैठक की। सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे का विकास, नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार और आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आये हैं और 31 मार्च से पहले नक्सलवाद समाप्त हो रहा है।

अधिकारी ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर स्थित होटल में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) शामिल हुए। इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के महानिदेशक, साथ ही छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।




रायपुर में नक्सल-विरोधी अभियानों की समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और अन्य लोग।

### कम्युनिस्ट विचारधारा से पाना होगा छुटकारा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को जल्द से जल्द विनाशकारी कम्युनिस्ट विचारधारा से छुटकारा पाने की जरूरत है और उन्होंने नक्सलियों से हथियार डालने की अपील की। शाह ने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी। नवा रायपुर में ऑर्गनाइजर वीकली के छत्तीसगढ़-25 शिफ्टिंग द लेंस शीर्षक से आयोजित सम्मेलन में शाह ने कहा कि माओवादी समस्या को विकास की कमी से नहीं जोड़ा जा सकता और न ही इसे केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या एक विचारधारा से प्रेरित चुनौती है। भारत की जनता को इस विचारधारा की सच्चाई को समझना चाहिए। जहां कहीं भी कम्युनिस्ट सत्ता में रहे, वे विकास नहीं ला सके। कम्युनिस्ट विचारधारा विनाश की विचारधारा है और देश को इससे तुरंत छुटकारा पाना आवश्यक है। शाह ने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति में अब कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और बंगाल में अब इसका अस्तित्व नहीं है। केरल में यह कुछ हद तक मौजूद है। हालांकि, तिरुवनंतपुरम से लोगों ने बदलाव की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहती और आत्मसमर्पण करने वालों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी।

# डिजिटल अरेस्ट: 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 190 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों और 100 करोड़ रुपये से अधिक से जुड़े डिजिटल अरेस्ट मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में अनीश सिंह और मणि सिंह है। दोनों को एक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसने कहा कि उसे दो महीने तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फर्जी साइबर अपराध जांच के बहाने उससे 40 लाख रुपये हस्तांतरित करवा लिए गए।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता को पिछले साल 15 अक्टूबर से 12 दिसंबर के बीच डिजिटल अरेस्ट किया गया था। खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर धोखेबाजों ने उसे गिरफ्तारी, कार्रवाई की धमकी दी थी। उसे मुंबई अपराध शाखा के आईपीएस का दावा करने वाले व्यक्ति ने महिला पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया।

# श्राइन बोर्ड बनाएगा माता वैष्णो देवी को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल

जम्मू, एजेंसी

- **तीर्थयात्रा के लिए सुविधाओं का विस्तार करने को समिति का किया गया गठन**
- **उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई पहलों को दी गई मंजूरी**

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने त्रिकूटा की पहाड़ियों पर स्थित तीर्थ स्थल और आसपास के क्षेत्र को भारत के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में से एक में परिवर्तित करने को रविवार को कई पहलों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह मंजूरी दी। प्रवक्ता ने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने और तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार करने की रणनीतियों का आकलन करने को समिति का गठन भी किया गया है। यह समिति बोर्ड को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाली बैठक में इन पहलों को मंजूरी दी गई। मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र को अग्रणी और सबसे जीवंत आध्यात्मिक स्थल में तब्दील करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मंदिर बोर्ड ने तीन पहलों को मंजूरी दी है, जिनमें मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत को समर्पित एक अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय, एक प्रकाश-ध्वनि शो और माता वैष्णो देवी मंदिर पर वृत्तचित्र शामिल हैं। बोर्ड ने रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है और भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अनुरूप, माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग पर सेवा प्रदाताओं, जैसे कि टट्टू और पिठू संचालकों के लिए पुनर्वास योजना तैयार करने और उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने को मंजूरी दी गई।

# सूरजकुंड हादसा : झूला संचालक और उसका कर्मचारी गिरफ्तार

फरीदाबाद, एजेंसी

- **विशेष जांच दल का गठन, आरोपियों में मालिक हिमाचल और सहायक मेरठ का निवासी**

हरियाणा में फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला मैदान में विशाल झूले सुनामी के टूटकर गिरने की घटना के एक दिन बाद रविवार को पुलिस ने झूला संचालक और उसके एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार शाम को हुए हादसे में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस निरीक्षक की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गये थे। यह हादसा सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान हुआ। घटना के समय 19 लोग झूले पर सवार थे जो हवा में झुक गया और फिर टूटकर गिर पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि 1989 में हरियाणा सशस्त्र पुलिस में भर्ती हुए निरीक्षक जगदीश प्रसाद 36 वर्षों की सेवा पूरी कर मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले थे और उन्होंने झूले में फंसे लोगों को बचाने का प्रयास किया। उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता यशपाल ने कहा कि जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक हिमाचल के सिरमौर का निवासी मोहम्मद शाकिर है, जो हिमाचल फन केयर कंपनी का मालिक है और दूसरा उत्तर प्रदेश के मेरठ का नितेश है, जो शाकिर के अधीन काम करता था।

### एक दिन बाद चार गुना भीड़

सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला पर एक दिन पहले हुई घटना का कोई असर नहीं दिखा और रविवार को भीड़ बढ़कर चार गुना हो गई। घटना के एक दिन बाद मेला जारी रहने की सूचना पर भीड़ तेजी से बढ़ने लगी। दोपहर दो बजे तक लोगों की संख्या चौंकाने वाली थी। मेला प्रबंधन के अनुसार, रविवार को मेले में 2,25,000 से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

# दिल्ली : पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर कार के अंदर मिले तीन शव

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर रविवार को एक कार में एक महिला सहित तीन लोगों के शव मिले। पुलिस ने बताया कि फ्लाईओवर पर खड़ी कार के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर आपातकालीन कर्मियों को कार के अंदर तीन लोग मृत मिले, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम को सूचित किया गया और इलाके को घेर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो पुरुष और एक महिला हैं। शवों पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं थे और कार में सभी कीमती सामान सुरक्षित थे। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

# हिमंत और गोगोई में चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप

## कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तानी एजेंट के साथ गहरे संबंध : हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न और पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बीच गहरे संबंध हैं तथा खुफिया ब्यूरो (आईबी) से मिली सूचना गुप्त रूप से पड़ोसी देश को दी गई थी। राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरमा ने दावा किया कि जब एलिजाबेथ भारत में काम कर रही थीं, तब शेख उन्हें वेतन देने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम का उल्लंघन किया गया था।

मुख्यमंत्री ने गोगोई पर अधिकारियों को सूचित किए बिना 2013 में गोपनीय ढंग से पाकिस्तान जाने का आरोप लगाया और संदेह जताया कि उन्होंने वहां किसी प्रकार का प्रशिक्षण लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित लोगों ने भारत सरकार को दरकिनार करते हुए स्थानीय निकाय एजेंसियों के साथ काम किया और इसकी जांच असम पुलिस नहीं कर सकती। इसलिए हमने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच कराने की सिफारिश की है।

## हिमंत के प्रेसवार्ता में लगाए आरोप को लेकर गौरव ने कहा- सी ग्रेड सिनेमा से भी बदतर



**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा के उनके पाकिस्तानी कनेक्शन संबंधी आरोपों को बेहद बेतुका और झूठा बताकर खारिज कर दिया। साथ ही गोगोई ने हिमंत के प्रेस कांफ्रेंस को सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर और सुपर फ्लॉप करार दिया।

गोगोई ने एक्स पर कहा कि मुझे दिल्ली और असम के पत्रकारों पर तरस आता है, जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर थी। तथाकथित चतुर मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए ये आरोप पूरी तरह से बेतुके और झूठे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह सुपर फ्लॉप हमारी परिवर्तन यात्रा के बिल्कुल विपरीत है, जो मुख्यमंत्री और उनके परिजनों द्वारा कब्जा की गई 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करने में सफल रही है। गोगोई ने कहा कि सरमा ने मीडिया के सामने खुद को शर्मिंदा किया है। उन्हें बताना चाहिए कि कैसे असम में 4,000 एकड़ की बहुमूल्य संपत्ति हासिल की। जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम वह जमीन ले लेंगे और गरीबों और भूमिहीनों में बांट देंगे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन पर भारत-कनाडा में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

● द्विपक्षीय सहयोग, साझा कार्य योजना पर काम करेंगे दोनों देश

भारत और मलेशिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की है जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यावहारिक सहयोग को सक्षम बनाया जा सके। दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करने पर भी सहमत हुए हैं।

विदेश मंत्रालय ने रविवार शाम कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नथाली ड्रुइन से मुलाकात की। यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद का हिस्सा थी। दोनों पक्षों ने अपने देशों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों में हुई प्रगति पर संतोष जताया। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की, जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप सहयोग को सक्षम बनाया जा सके।

### एजेंसियां मजबूत करेंगी अपने संबंध

बैठक के दौरान यह भी सहमति बनी कि दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे और उनकी संबंधित एजेंसियां आपसी कार्य संबंधों को और मजबूत करेंगी। यह महत्वपूर्ण कदम द्विपक्षीय संचार को सुव्यवस्थित करने और आपसी हित के मुद्दों पर समय पर सूचना साझा करने में सहायक होगा। इनमें विशेष रूप से नशीले पदार्थों के अवैध प्रवाह, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े मामले शामिल हैं।

## ईरान परमाणु विवाद

### वैश्विक सुरक्षा की चिंता बढ़ी

ईरान का परमाणु कार्यक्रम दशकों से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और सुरक्षा चिंताओं का केंद्र बना हुआ है। यह विवाद मुख्य रूप से ईरान द्वारा यूरेनियम संवर्धन की क्षमताओं और इसके पीछे के वास्तविक उद्देश्यों शांतिपूर्ण नागरिक उपयोग बनाम परमाणु हथियार निर्माण को लेकर है। फरवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, यह विवाद एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर है। जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच हुए 12 दिवसीय युद्ध के बाद, जिसमें ईरान के कई परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था, अब अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता का दौर फिर से शुरू हुआ है लेकिन यह अभी किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच सका है। इस स्थिति को लेकर दुनिया के देश चिंतित हैं। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दे रखी है कि यदि वह समझौता नहीं करता तो हमला होगा।



### विवाद की मुख्य जड़

● अमेरिका और सहयोगियों की चिंता : अमेरिका का मुख्य लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। वाशिंगटन का मानना है कि परमाणु सक्षम ईरान क्षेत्र में अधिक शक्ति प्रदर्शन करेगा, जिससे तनाव बढ़ सकता है और इजरायल जैसे अमेरिकी सहयोगियों की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

● ईरान का पक्ष : ईरान लगातार यह कहता रहा है कि उसका कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। वह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने और अपनी संप्रभुता की सुरक्षा के लिए परमाणु तकनीक को एक उपकरण के रूप में देखता है। ईरान का तर्क है कि उसे यूरेनियम संवर्धित करने का कानूनी अधिकार है।

● ईरान का विरोध : ईरान किसी भी ऐसे समझौते का विरोध कर रहा है जो उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर अंकुश लगाए। वह इन मुद्दों को परमाणु वार्ता से अलग रखना चाहता है।

### शुरू हो सकती है परमाणु हथियारों की होड़

● अमेरिका और उसके सहयोगियों का मानना है कि एक परमाणु संपन्न ईरान न केवल मध्य पूर्व की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि यह एक नई वैश्विक परमाणु हथियारों की दौड़ को भी जन्म दे सकता है। दूसरी ओर, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को अपना अपरिहार्य अधिकार और राष्ट्रीय गर्व का विषय मानता है। वह परमाणु तकनीक का उपयोग ऊर्जा उत्पादन और वैज्ञानिक प्रगति के लिए करने का दावा करता है। वर्तमान में ईरान ने परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए आवश्यक शुद्धता (वेपन्स-ग्रेड) के बेहद करीब यूरेनियम का भंडार जमा कर लिया है, जिससे वैश्विक चिंताएं चरम पर हैं। ईरान कहता है कि कोई उसे दबाव में नहीं ले सकता है।

### ईरान की वर्तमान स्थिति

● पुनर्निर्माण गतिविधियां : फरवरी 2026 इस्फहान परमाणु स्थल पर नई छतें और मरम्मत का काम देखा गया है।

● सुरक्षा रणनीति : ईरान अपने परमाणु केंद्रों के महत्वपूर्ण हिस्सों को जमीन में और अधिक गहराई में दफन कर रहा है और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर फैला रहा है।

● संवर्धन का स्तर : दिसंबर 2024 तक, ईरान ने यूरेनियम को 60% शुद्धता तक संवर्धित कर लिया था, जो हथियार बनाने के लिए आवश्यक 90% के बहुत करीब है।

### नियामक

● संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ईरान पर प्रतिबंध लगाने या उन्हें हटाने का निर्णय लेती है। सुरक्षा परिषद इस मुद्दे पर विभाजित है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी परमाणु केंद्रों की निगरानी के लिए जिम्मेदार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय नियामक है। यह परमाणु केंद्रों की निगरानी करती है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शहीद सिख सैनिकों को याद किया गया

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक मंत्री और भारत सहित सात राष्ट्रमंडल देशों के उच्चायुक्तों ने रविवार को यहां सिख समुदाय के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सिंगापुर-मलाया की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्कालीन अविभाजित पंजाब के विभिन्न समुदायों के 3,318 शहीद सैनिकों के जीवन और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए क्रांजी युद्ध स्मारक में स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इन सिख सैनिकों ने जापानी सेना के खिलाफ लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर की थी।

### थाईलैंड में संविधान के लिए जनमत संग्रह

**थाईलैंड।** थाइलैंड के नागरिक रविवार को संसद के निचले सदन के 500 सदस्यों को चुनने के लिए मतदान करेंगे और नये संविधान के पक्ष या विपक्ष में वोट देंगे। थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने दिसंबर में संसद को भंग करने की मांग की थी। प्रधानमंत्री के आदेश के लागू होने के 45 दिन से पहले और 60 दिन के बाद नये आम चुनाव नहीं कराने थे। चुनावों के बाद, प्रधानमंत्री का चुनाव उम्मीदवार के लिए डाले गये 251 वोटों से होगा।

### नोबेल विजेता नर्गिस को सात साल की सजा

**दुबई।** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित नर्गिस मोहम्मदी को भूख हड़ताल शुरू करने के बाद सात साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। मोहम्मदी के समर्थकों ने उनके वकील का हवाला दिया, जिन्होंने मोहम्मदी से बात की। मोहम्मदी के वकील मुस्तफ़ा निली ने एक्स पर सजा सुनाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने पोस्ट किया कि मोहम्मदी को जमावड़े और साठगांठ के लिए छह साल की जेल और प्रचार के लिए डेढ़ साल की जेल और दो साल के यात्रा प्रतिबंध की सजा सुनाई गई है।

### ओलंपिक्स में खलल डालने की कोशिश

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक व अन्य अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचाने की कई घटनाएं हुईं। बोलोन्या-वेनिस खंड पर क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया।

# रक्षा, सेमीकंडक्टर व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मलेशिया से बढ़ाएंगे सहयोग

## मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से वार्ता के बाद बोले प्रधानमंत्री मोदी

● प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता के लिए भी जताई प्रतिबद्धता

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा मजबूत करने, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का मानना है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और वे आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते, पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई के मलेशिया में लागू होने को बड़ा कदम बताया। मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और मलेशिया के संबंध विशेष हैं।

हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से हमारे लोगों के बीच गहरे और आत्मीय रिश्ते रहे हैं। आज मलेशिया, भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। मोदी ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हम आतंकवाद रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे। दोनों देश रक्षा सहयोग को और व्यापक बनाएंगे। एआई, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति जताई है।



मलेशिया से प्रस्थान करने से पहले हाथ हिलाकर उपस्थित लोगों और कलाकारों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी।

### हम पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र के विकास को प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान को केन्द्र के रूप में प्राथमिकता देता है।

### मलेशिया से रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा समाप्त करके भारत के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि एक यादगार यात्रा समाप्त हुई। मलेशिया की यात्रा के दौरान विशेष गर्मजोशी और मेहमाननवाजी देखने को मिली। हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए। मोदी की इस यात्रा से कई महत्वपूर्ण परिणाम हासिल हुए हैं।

## मस्क के स्टारलिंक को पाकिस्तान में नहीं मिला प्रवेश

**इस्लामाबाद।** अरबपति व्यवसायी एलन मस्क की स्टारलिंक को डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताओं, मस्क-ट्रंप विवाद और चीनी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के कारण पाकिस्तान के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में प्रवेश करने का लाइसेंस मिलने में देरी हो रही है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से प्रकाशित खबर में कहा है कि स्टारलिंक उन कई कंपनियों में शामिल है, जिन्होंने पाकिस्तान के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में परिचालन की अनुमति मांगी है, लेकिन विभिन्न अनसुलझे सुरक्षा और भूराजनीतिक मुद्दों के कारण अनुमोदन प्रक्रिया धीमी हो गई है। खबर के मुताबिक, सरकार को पता चला है कि स्टारलिंक पाकिस्तान के निगरानी, नियामक और सुरक्षा ढांचे का उल्लंघन करते हुए कुछ डेटा प्रसारित कर सकता है। खबर में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा गया है, हम पाकिस्तान में उपयोगकर्ताओं के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने और डेटा चोरी रोकने के लिए सुरक्षा जांच के बिना स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं दे सकते। अधिकारियों के अनुसार, मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद एक और बड़ी वजह है, जिसके चलते पाकिस्तान सरकार सुरक्षा मंजूरी देने में हिचकिचा रही है।

# ताकत की भाषा का हम उसी भाषा में देंगे जवाब

● अमेरिका से वार्ता के बाद बोले ईरान के विदेश मंत्री अराघची

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वे ईरानी लोगों से ताकत की भाषा में बात करेंगे, तो हम उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। अराघची ने अमेरिका से वार्ता में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने रविवार को कहा कि उनके देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता आगे की दिशा में बढ़ा एक कदम है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में दोस्त सरकारों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत हमेशा से ईरान की चुनी हुई रणनीति रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत हुई। इस बीच, शुक्रवार की बातचीत में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा, कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं। उन्होंने ईरान की राजधानी तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने किसी भी तरह की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज किया।

### ताकतवर के आगे न झुकने से मिलती है ताकत : अराघची

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ हुई वार्ताओं के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि ताकतवर देशों के आगे नहीं झुकने से ईरान को ताकत मिलती है। तेहरान में एक सम्मेलन में अराघची ने संकेत दिए कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने पर कायम रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए ईरान का यूरेनियम संवर्धन विवाद की जड़ है। अब्बास अराघची के बयान से लगता है इन वार्ताओं में चुनौतियां बाकी हैं।

## जापान में प्रधानमंत्री तकाइची की पार्टी एलडीपी को बहुमत

● प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप समेत कई राष्ट्र प्रमुखों ने दी बधाई

**टोक्यो।** जापान में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने रविवार को हुई मतगणना में अकेले ही 465 सीटों वाले निचले सदन में बहुमत (233 सीटें) का आंकड़ा पार कर लिया है। शुरुआती नतीजों के अनुसार एलडीपी को 271 से 311 के बीच सीटें मिलने का अनुमान है। एलडीपी ने अपनी सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी (इशिन) के साथ मिलकर दो-तिहाई से बहुत अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक अंतिम परिणामों की घोषणा नहीं हुई थी लेकिन सीटों पर मिले स्पष्ट रूझानों और कई परिणामों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि तकाईची ने जोरदार ढंग से वापसी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई राष्ट्र प्रमुखों ने तकाइची को जीत के लिए बधाई दी है। इस जीत से उनके लिए टैक्स में कटौती और सैन्य खर्च बढ़ाने जैसे अहम फैसलों का रास्ता साफ हो गया है। चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच मिली इस जीत ने जापान की संसद में उनकी स्थिति को और मजबूत कर दिया है।

## रूसी जनरल पर हमले में दो आरोपी हिरासत में लिए

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गयी थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया।

## काहिरा में भारतीय हस्तियों को किया गया सम्मानित

● उद्योग, कला और साहित्य के क्षेत्र में दिया है योगदान

**नागपुर।** उद्योग, कला और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हस्तियों को काहिरा में हाल में आयोजित लोकमत वन वर्ल्ड समिट में लोकमत ग्लोबल आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह समारोह शुक्रवार को मिस्र के काहिरा में आयोजित किया गया। इसमें कहा गया कि समारोह का आयोजन न्याती समूह के सहयोग से पिरामिड, नील नदी और प्राचीन सभ्यताओं की पृष्ठभूमि में किया गया, जिसने भारत और मिस्र के बीच ऐतिहासिक मित्रता को नया आयाम दिया। सामाजिक सेवा, उद्योग, कला, संस्कृति और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को लोकमत ग्लोबल आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लोकमत मीडिया समूह चेयरमैन एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. विजय दर्डा ने कहा कि ऐसे समय में जब धर्म के नाम पर कई जगहों पर खूनखराबा हो रहा है, मानवता के लिए काम करना आवश्यक है। कहा कि हमारा प्रयास आर्थिक असमानता को कम करना, सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है।

## ऐसा लगता है जैसे डलास में नहीं आप पाकिस्तान में

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● अमेरिकी सांसद ने कुछ क्षेत्रों के इस्लामीकरण पर जताई चिंता

अमेरिका के एक सांसद ने टेक्सास राज्य के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे इस्लामीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वहां के स्थानीय मॉल में जाकर ऐसा लगता है जैसे आप डलास में नहीं पाकिस्तान में हैं। सांसद ब्रैंडन गिल ने रियल अमेरिकाज वॉयस के साथ साक्षात्कार में कहा कि मुझे अपने मतदाताओं से शिकायतें मिलती रहती हैं जो डलास क्षेत्र के इस्लामीकरण से बेहद चिंतित हैं।

रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उन मस्जिदों के बारे में सुनने को मिल रहा है जो उस जमीन के पास बन रही हैं जिस पर उनका या उनके परिवार का पीढ़ियों से मालिकाना हक रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा समुदाय बदल रहा है। आप अपने क्षेत्र के लोगों को अपने स्थानीय मॉल में जाने की बात करते हुए सुनते हैं और जब आप चारों ओर देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप डलास, टेक्सास में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में हैं। कहा कि बड़े पैमाने पर हो रहा इस्लामीकरण अमेरिका को खत्म कर रहा है।




## जाने माने नेपाली अभिनेता सुनील थापा का निधन

**नई दिल्ली।** नेपाल के जाने माने अभिनेता सुनील थापा का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। थापा ने हिट सीरीज द फैमिली मैन और फिल्म मेरी कॉम में अभिनय किया था। थापा को राजधानी काठमांडू के थापाथली स्थित नॉर्विक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। अभिनेत्री ने फिल्म मेरी कॉम में थापा के साथ अभिनय किया था। मनोज वाजपेयी ने उनके निधन को दुखद बताया। थापा ने नेपाली फिल्मों के अलावा कई हिंदी और तमिल एवं भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने 1981 में कमल हासन और रति अग्निहोत्री अभिनीत एक दूजे के लिए से हिंदी फिल्म में पदार्पण किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी पूर्ण रात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। संपत्ति के मामले काफी अनुकूल रहेंगे। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। विलासिता के संसाधनों में धन खर्च हो सकता है।

**वृष** — आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही उत्तम रहने वाला है। छोटे-मोटे खर्चों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नए अनुबंध करने पड़ सकते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहें जो नकारात्मक बातें करते हों।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अधिक काम करना पड़ेगा। व्यवसायियों की आय में वृद्धि की संभावना बन रही है। परिवार में आपसी तालेमल बेहतरीन रहेगा। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कर्क** — आज परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कंजूसी न करें। मानसिक अशान्ति का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** — आज आपकी कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। शेयर मार्केट से अपेक्षित धन लाभ प्राप्त होगा। आज जल्दी में सभी काम निपटाने की कोशिश करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक रहेंगे। जॉब को लेकर थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या** — आज पारिवारिक वातावरण सुखमय रहेगा। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत गंभीर रहेंगे। सम्मानित लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। किसी परिजन के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें। वाणी में तीखापन रहेगा।

**तुला** — आज आपको कोई अवार्ड मिल सकता है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी। पूर्व में लिए गए निर्णय आपको आज लाभ पहुंचायेंगे। छोटे स्तर पर किया गया व्यवसाय लाभप्रद होगा। दूसरों पर आपको निर्भर रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ा परेशानी हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के लिये समय अवश्य निकालें। अनिद्रा की शिकायत हो सकती है।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग में आपको भारी छूट का लाभ मिल सकता है।

**मकर** — आज आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबार के लिए आपको रणनीति बनानी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज अपने विचारों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहेंगे। व्यवसाय में धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपका अपमान कर सकते हैं। घर में मेहमान आने की सम्भावना है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन** — आज पुराने लोन को लेकर परेशानी हो सकती है। विरोधियों को कमजोर समझने की भूल न करें। विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें। लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। आज अधिक क्रोध न करें।

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |



“शुक्र है कि हम जीत गए। नेपाली खिलाड़ी बहुत अच्छा खेले। बहुत कम टीमें आदिल राशिद को इस तरह खेल पाती हैं जैसे उन्होंने खेला। मुझे लग रहा था हम इस स्कोर का आसानी से बचाव कर लेंगे, लेकिन वे बहुत अच्छा खेले। मैं उन्हें बाकी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

–हैरी ब्रूक, इंग्लैंड के कप्तान

# स्टेडियम

बरेली, सोमवार, 9 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

### आज के मैच

| टीम | समय |
| --- | --- |
| इटली-स्कॉटलैंड | सुबह 11 बजे |
| ओमान-जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| कनाडा-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत



**मुंबई।** अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का रविवार को यहां भव्य स्वागत हुआ जिसमें खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में प्रशंसक इन युवा नायकों का स्वागत करने पहुंचे। मुंबई हवाई अड्डे पर कप्तान म्हात्रे और स्टार सलामी बल्लेबाज सूर्यवंशी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जहां प्रशंसक और परिवार के सदस्य उनका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे थे। म्हात्रे का पूरा परिवार मौजूद थे जिसमें उनके माता-पिता के अलावा चाची और बहनोई शामिल थे। म्हात्रे के पिता योगेश कमलाकर म्हात्रे ने कहा हमारे पास इस खुशी के लिए कोई शब्द नहीं हैं क्योंकि वे इतने साल से जो कड़ी मेहनत कर रहे थे, उसका फल आज मिला है।

## सूर्यकुमार यादव में आ गया धोनी जैसा ठहराव : हरमीत सिंह

**मुंबई।** दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने और सूर्यकुमार ने कभी सोचा था कि सूर्यकुमार का कैरियर इस तरह से आगे जायेगा, हरमीत ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।

## तेजस्विन ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स में दिलाया स्वर्ण पदक

**तियानजिन (चीन)।** तेजस्विन शंकर ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरुषों की हेप्टाथलन स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे भारत की झोली में कुल पांच पदक गिरे। भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा। चीन ने दस स्वर्ण समेत 34 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। शंकर ने हेप्टाथलन में 5993 अंक बनाकर 2021 में अमेरिका में बनाया 5650 अंक का अपना राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड तोड़ा। उनके अलावा पूजा ने ऊंची कूद में रजत, तेजिंदर पाल सिंह तूर ने शॉटपुट में रजत और एंसी सोजन ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। पहले दिन ऊंची कूद में आदर्श राम ने कांस्य जीता था।

# उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड नेपाल को चार रनों से हराया

### टी-20 विश्व कप : लोकेश बाम ने 20 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेल बढ़ाया रोमांच

**मुंबई, एजेंसी**

दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल की चुनौती से निपटते हुए अंत में चार रन की करीबी जीत दर्ज की। नेपाल इस मुकाबले में उलटफेर कर इतिहास रचने के बहुत करीब पहुंच गया था।

उसने इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में छह विकेट पर 180 रन बनाए। लोकेश बाम (20 गेंद में नाबाद 39 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल की उलटफेर भरी जीत की उम्मीद बनाए रखी, लेकिन आखिरी ओवर में जीत नहीं दिला सके।

आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी, लेकिन नेपाल के लिए बाउंड्री नहीं लग सकी। इस तरह बल्ले से उनका शानदार प्रदर्शन करीबी हार से खत्म हो गया। सैम करन ने अंतिम ओवर में लगातार यॉर्कर फेंकीं और नेपाल की टीम सिर्फ पांच रन ही बना पाई। लेकिन फिर भी 17,000 से ज्यादा प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने नेपाल को अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते देखा।कप्तान रोहित पौडेल (39), दीपेंद्र सिंह ऐरी (39), कुशाल भुर्तेल (29) और लोकेश बसम (चार चौके, दो छक्के) ने शानदार जज्बा दिखाया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। नेपाल को आखिरी तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे तब बाम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने जोफ्रा आर्चर के 18वें ओवर में दो छक्के और 19वें ओवर में ल्यूक वुड पर लगातार दो चौके लगाए।

भुर्तेल ने शुरुआत में तेजी से रन जुटाए जबकि पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की मजबूत साझेदारी ने नेपाल को मजबूती दी। नेपाल ने आसिफ शेख (07) के रूप में शुरुआती विकेट गंवा दिया था लेकिन भुर्तेल ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर लय बनाई। लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए।

14वें ओवर में पौडेल ने रन गति बढ़ाकर नेपाल को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। उन्होंने इंग्लैंड के सबसे सीनियर गेंदबाज राशिद खान के ओवर में छक्का और चौका लगाया। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद ऐरी और पौडेल की लय टूट गई। ऐरी ने 15वें ओवर में सैम करन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद पौडेल भी लियाम डॉसन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर फिल साल्ट के हाथों कैच आउट हुए।

इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बेथेल ने टी20 विश्व कप पर्दापण में तेज अर्धशतक से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंद में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। कप्तान ब्रूक 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एक महत्वपूर्ण पारी खेलने के बाद आउट हो गए। उन्होंने बेथेल के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की।

नेपाल के गेंदबाजों ने अपनी तरफ से कड़ी चुनौती पेश की। शेर मल्ला ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर फिल साल्ट (01) को कैच आउट करवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नंदन यादव ने पांचवें ओवर में जोस बटलर (26) का अहम विकेट लिया जो बेथेल के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे।





लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने से निराश नेपाल के बल्लेबाज लोकेश बाम। अखिरी ओवर में इंग्लैंड के लिए शानदार ओवर करने वाले सैम करन को बधाई देते साथी खिलाड़ी। एजेंसी

## श्रीलंका ने आयरलैंड को 20 रनों से परास्त किया

**कोलंबो।** कुसल मेंडिस (नाबाद 56) और कामिंदु मेंडिस (44) की शानदार बल्लेबाजी के बाद महीश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने रविवार को टी-20 विश्वकप के छठें मुकाबले में आयरलैंड को 20 रनों से शिकस्त दी। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 54 रन के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (छह) और रॉस ऐडेर 23 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने पांच चौके और एक छक्का भी लगाया। इसके बाद हैरी टेक्टर और लोर्कान टकर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिय 49 रन जोड़े। 15वें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने लोर्कान टकर (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद आयरलैंड की बल्लेबाजी श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे बिखरती नजर आई। कर्टिस कैमफर (13), बेन कैलिट्ज चार रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने आयरलैंड की टीम पूरी टीम 19 .5 ओवरों में 143 रन पर समेट कर 20 रनों से मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका के लिए महीश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा ने तीन-तीन विकेट लिये। मतीशा पतिराना को दो विकेट मिले। दुनित वेल्लालगे और दुश्मांता चमीरा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 163 रनों का स्कोर खड़ा किया। कुसल मेंडिस ने 43 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (नाबाद 56) रनों की पारी खेली। कामिंदु मेंडिस ने 19 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 44 रन बनाए। इसके अलावा पथुम निसंका (24), कामिल मिशारा (14) और दुनित वेल्लालगे (10) रन बनाकर आउट हुए। आयरलैंड के लिए बैरी मक्कार्थी और जॉर्ज डॉकरेल ने दो-दो विकेट लिए। मार्क ऐडेर और गैरेथ डेलेनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



ताबड़तोड़ पारी के दौरान शॉट लगाते श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस। एजेंसी

## बीसीबी और पीसीबी प्रमुख ने लाहौर में बातचीत की

- भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का मामला
- आईसीसी के उपाध्यक्ष भी पीसीबी से बात करने लाहौर पहुंचे

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने लाहौर में रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से मुलाकात की और पीसीबी ने इस मुलाकात की तस्वीरें जारी की जबकि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार पर जारी गतिरोध को सुलझाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। यह बैठक गद्दाफी स्टेडियम पर हुई।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा भी 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर गतिरोध सुलझाने की कवायद में लाहौर पहुंच गए हैं। आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने वाले ख्वाजा वैश्विक संचालन संस्था में एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और एसोसिएट सदस्य निदेशक के तौर पर बोर्ड में उनके पास मतदान का अधिकार है। पीसीबी के करीबी एक सूत्र ने पुष्टि की है कि ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड ने इस विवादास्पद विषय पर मध्यस्थ के रूप में नामित किया है। सूत्र ने कहा वह (ख्वाजा) पिछले कुछ समय से मोहसिन नकवी से बातचीत कर रहे हैं और वह आज लाहौर पहुंच रहे हैं जिससे कि आज शाम वर्चुअल बैठक से पहले पीसीबी प्रमुख और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से बात कर सकें। अमीनुल पहले से ही लाहौर में है और उनकी मौजूदगी इसलिये अहम है क्योंकि पीसीबी और आईसीसी के बीच विवाद टी20 विश्व कप में बांग्लादेश को हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल करने के बाद शुरू हुआ।

### सुलझ सकता मामला

आईसीसी के एक निदेशक के अनुसार मामला सुलझ सकता है। आईसीसी वर्तमान में बोर्ड के साथ एक व्यवस्थित तरीके से संभावित समाधान खोजने के लिए बातचीत कर रहा है।



शॉट लगाते न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट। एजेंसी

## सीफर्ट और गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान पर जीत दिलाई

**चेन्नई, एजेंसी**

टिम सीफर्ट के तेजतर्रार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

अफगानिस्तान के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर सीफर्ट की 42 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 65 रन की पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सीफर्ट ने ग्लेन फिलिप्स (42 रन, 25 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 74 रन की साझेदारी भी की जिससे न्यूजीलैंड की टीम दूसरे ओवर में 14 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही।

अफगानिस्तान ने अनुभवी गुलबदिन नायब (63 रन, 35 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के शानदार अर्धशतक और सेदिकुल्लाह अटल (29 रन, 24 गेंद) के बीच उनकी तीसरे विकेट की 51 गेंद में 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए।



अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड को स्पिनर मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) ने दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (01) और रचिन रविंद्र (00) को लगातार गेंदों पर बोल्ड करके दोहरा झटका दिया। सीफर्ट ने इसके बाद फिलिप्स के साथ मिलकर पारी को संभाला। उन्होंने ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर छक्के के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। फिलिप्स ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को निशाना बनाते हुए उनकी लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। राशिद ने फिलिप्स को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि नवी ने सीफर्ट को अजमतुल्लाह उमरजई के हाथों कैच कराके अफगानिस्तान को वापसी दिलाने की कोशिश की। मार्क चैपमैन (28), डेरिल मिचेल (नाबाद 25) और कप्तान मिचेल सेंटनर (नाबाद 17) ने हालांकि न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को न्यूजीलैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गुलबदिन और सेदिकुल्लाह ने अच्छी साझेदारी की लेकिन बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना पाए।

## भारत-नीदरलैंड्स के बीच पांचवां मैच होगा निर्णायक

### डेविस कप क्वालीफायर

- युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश युगल मुकाबला जीते तो नागल उलट एकल हारे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबला जीता लेकिन उलट एकल में सुमित नागल के हारने के बाद अब भारत और नीदरलैंड के बीच डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले का फैसला निर्णायक पांचवें मैच से होगा।

नागल एक सेट जीतने के बाद दुनिया के 88वें नंबर के खिलाड़ी जेस्पर डि जोंग से करीब तीन घंटे तक मुकाबला 7-5, 1-6, 4-6 से हार गए। अब मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद नजरें पांचवें मुकाबले पर लगी है जिसमें भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना गाय डि ओडेन से होगा जिसने शनिवार को नागल को हराया था। इससे पहले युगल मुकाबले में दक्षिणेश्वर और भांबरी ने डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को 2-1 से बढत दिला दी थी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ। दोनों टीमों के लिये यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था। भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था खासकर सातवें गेम में जब उनकी पहली सर्विस कमजोर पड़ गई थी। जब स्कोर 30.30 से बराबर था तब ‘डबल फॉल्ट’ से नीदरलैंड को ब्रेक प्वाइंट मिला पर भाम्बरी ने सटीक रिटर्न से जवाब देकर खतरे को टाल दिया।



जश्न मनाते भारत के युकी भांबरी (बाएं से दूसरे) और दक्षिणेश्वर सुरेश (दाएं)। एजेंसी

## भारत ने बॉक्सैम एलीट 2026 में नौ स्वर्ण पदक जीते

**ला नूसिया (स्पेन)।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा बॉक्सैम एलीट ने मुक्केबाजों को वैसा ही अनुभव दिया जिसकी हम सत्र के इस चरण में तलाश कर रहे थे।

### बदली किस्मत

### कभी इंग्लैंड में चलाते थे टैक्सी अब वर्ल्ड कप में कर रहे भागीदारी

## इटली टीम से धूम मचाने को तैयार पंजाब के जसप्रीत

**चेन्नई, एजेंसी**

चलो! हम हिंदी में बात करेंगे। इटली के एक क्रिकेटर के साक्षात्कार से पहले आपको यह पंक्ति अक्सर सुनने को नहीं मिलेगी। लेकिन जसप्रीत सिंह ने 22 साल पहले 10 साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ बर्गमो जाने के बावजूद ना तो अपनी भाषा और ना ही पंजाब के अपने गृहनगर फगवाड़ा से अपना जुड़ाव भुलाया है। इटली में शुरुआती दिन आसान नहीं थे क्योंकि उनके पिता तीरथ सिंह और मां जसवीर कौर को एक अनजान शहर में फैक्ट्री मजदूर के तौर पर काम करना पड़ा।

जसप्रीत ने पीटीआई को बताया जब हमें इटली जाने का मौका मिला तो यह मेरे परिवार के लिए एक बड़ा दिन था। लेकिन हम थोड़े चिंतित भी थे क्योंकि यह एक नया देश, नई भाषा और नई संस्कृति थी। सब कुछ हमारे लिए नया था। लेकिन मैं सोच रहा था कि क्रिकेट कैसे खेलूं जो मैं अपने शहर में बचपन में खेला करता था। क्रिकेट के मामले में इटली जैसे देश में जाना मुश्किल था क्योंकि इस यूरोपीय देश में शायद ही कोई उचित बुनियादी ढांचा था। वह स्थानीय बर्गमो क्रिकेट क्लब से जुड़ गए जो अधिक से अधिक एक मामूली सुविधा थी लेकिन उन्होंने अपने पिता के काम में मदद करने के लिए दो साल का इलेक्ट्रीशियन का कोर्स भी पूरा किया। हालांकि जसप्रीत को जल्द ही स्थानीय गुरुद्वारे में मिले कुछ भारतीय प्रवासियों की मदद से अपने क्रिकेट कौशल को बेहतर बनाने का एक तरीका मिल गया।

उन्होंने उसे टर्फ विकेट पर क्रिकेट खेलने के लिए इंग्लैंड जाने को कहा और बर्मिंघम में रहते हुए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए उसे उबर ड्राइवर के तौर पर भी काम करना पड़ा। जसप्रीत ने कहा जब मैं बच्चा था तो भारत में क्रिकेट खेलता था और जब मैं इटली गया तो मैं वही करना चाहता था। लेकिन जब मैं इटली गया तो वहां क्रिकेट नहीं था, कोई असली स्टेडियम या ग्राउंड नहीं थे, जैसे मैंने पंजाब में देखे थे। बर्मिंघम एवं जिला प्रीमियर लीग में खेलने वाले 32 वर्षीय जसप्रीत ने कहा जब मुझे इसके बारे में पता चला तो मैं इंग्लैंड जाकर वहां खेलने लगा।




### हमारे लिए है एक अद्भुत एहसास

जसप्रीत ने कहा भारत की यात्रा सिर्फ अपनी मातृभूमि में वापसी नहीं है बल्कि देश में विश्व स्तरीय क्रिकेट सुविधाओं का अनुभव करने का भी एक मौका है। यह हमारे लिए एक अद्भुत एहसास है। मैं बचपन से इन मैदान को देखता आ रहा हूं। हमारे महान दिग्गज जैसे कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली इन मैदान में खेले हैं। जसप्रीत ने कहा यहां आकर उस माहौल में खेलना... चिदंबरम स्टेडियम (अभ्यास मैच), ईडन गार्डन्स, वानखेड़े। यह हम सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हम यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा हम सिर्फ विश्व कप में हिस्सा लेने नहीं आए हैं, हम मुकाबला करने भी आए हैं।